* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

03 नवंबर, 2022
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 15

आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

सीएम हेमंत ने दी जानकारी
झारखंड स्थापना दिवस समारोह की मुख्य अतिथि होंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

सीएम को इडी के समन से सियासी बवंडर

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा पूछताछ के लिए बुलाये जाने के साथ ही झारखंड में एक बार फिर सियासी बवंडर पैदा हो गया है। इडी ने दावा किया है कि खनन घोटाले में मुख्यमंत्री के शामिल होने के साक्ष्य मिले हैं। इसलिए उसने मुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए समन जारी कर गुरुवार को बुलाया है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा है कि वह इस तरह के समन से डरते नहीं हैं। उधर यूपीए विधायक दल की बुधवार शाम को हुई आपात बैठक में एकजुटता प्रदर्शित करते हुए इडी की कार्रवाई को अनुचित करार दिया गया। इधर झामुमो ने कहा है कि वह इडी की कार्रवाई का सड़क से सदन तक जवाब देने के लिए तैयार है। इस बीच हेमंत सोरेन सरकार ने 11 नवंबर को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है, जिसमें स्थानीयता नीति से संबंधित विधेयक को पारित कराया जायेगा। उधर इडी के समन के बाद भाजपा ने मुख्यमंत्री पर हमला बोला है।

SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IX th
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. : 98359 36571 94311 06503 83405 81301

इडी के समन से नहीं घबराते माकूल जवाब देंगे : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

साहेबगंज। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि उन्हें इडी की ओर से बुलावा आया है और वह इसका माकूल जवाब देंगे। वह साजिशों से घबराने वाले नहीं हैं। हमारे विरोधी और विपक्षी जब राजनीतिक रूप से मुकाबला नहीं कर पाये तो उन्होंने संवैधानिक संस्थाओं को हमारे पीछे लगा दिया। ऐसे तमाम षडयंत्रों का जवाब राज्य के नौजवान, किसान, मजदूर, दलित, महिलाएं, बच्चे, आदिवासी और बुजुर्ग देंगे, जिनका विश्वास हमारे साथ है। बुधवार दोपहर साहिबगंज में एक सरकारी कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए सीएम ने ये बातें कहीं। अपने भाषण में मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को भी निशाने पर लिया और कहा कि राज्यपाल ने एक ओर चुनाव आयोग से आयी चिट्ठी को ढाई-तीन महीनों से दबा रखा है और इसके बदले कहते हैं कि राज्य में एटम बम फटेगा। ऐसे बयान से साफ है कि संवैधानिक संस्थाओं का सदुपयोग नहीं किया जा रहा है। यह सब कुछ मिलीभगत और षडयंत्र का हिस्सा है। हेमंत ने भाजपा का नाम लिये बगैर कहा कि इन्हें बर्दाश्त नहीं है कि कैसे आदिवासी का बेटा मजबूती से आगे बढ़ रहा है। दलित और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग सरकार के हिस्सेदार हैं, इस बात से इनके पेट में दर्द हो रहा है। उन्हें नहीं पता कि हम सिदो-कान्हू की धरती के लोग हैं। हमारे पूर्वजों ने हमें कभी हारना नहीं सिखाया है। हम लोग हर जंग में लड़ना और जीतना जानते हैं। उन्होंने कहा कि वे हमें दिखाना चाहते हैं कि देखो इडी कितना ताकतवर है। उन्हें लगता है कि इससे हमारी पहचान और छवि खराब हो जायेगी, तो यह उनकी गलतफहमी है।

सड़क से सदन तक जवाब देने के लिए तैयार हैं : सुप्रियो

रांची। झामुमो पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में भाजपा और राज्यपाल पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2019 में जो जनादेश मिला था, उसका अतिक्रमण किया जा रहा है। विपक्ष साजिश के तहत हेमंत सरकार को अस्थिर करने में लगा है। माइनिंग लीज मामले में भारत निर्वाचन आयोग के भेजे मंतव्य को पहले तो राज्यपाल तीन माह तक सार्वजनिक नहीं करते, फिर कहते हैं कि वह आयोग से सेकेंड ओपिनियन मांग रहे हैं। साफ है कि आयोग स्वायत्त नहीं रह गया है। अगर रहता तो आज यह स्थिति नहीं बनती। सुप्रियो ने कहा कि झामुमो कार्यकर्ताओं में इससे जबरदस्त आक्रोश है। बहुत जल्द साजिश करने वाले झामुमो को उसी तेवर को देखेंगे, जो चार दशक (झारखंड आंदोलन को लेकर) तक देखने को मिला था। कार्यकर्ता अब सड़क से सदन तक नजर आयेंगे। हम जल्दी हार मानने वालों में से नहीं हैं।

विस का विशेष सत्र 11 को, स्थानीयता विधेयक पारित करायेगी सरकार

रांची। इन तमाम उथल-पुथल के बीच झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र 11 नवंबर को बुलाया गया है। इसमें 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति संबंध विधेयक को पारित कराया जायेगा। साथ ही झारखंड में पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण वृद्धि पर जोर दिया जायेगा।

आज सीएम हेमंत रायपुर में

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगामी 15 नवंबर तक के कार्यक्रमों में शिरकत करने संबंधी शेड्यूल जारी हुआ है। शेड्यूल के अनुसार सीएम 3 नवंबर को रायपुर में आयोजित आदिवासी नृत्य महोत्सव में उपस्थित होकर आदिवासी परंपराओं को प्रोत्साहित करेंगे। शेड्यूल में इसके अलावा सरकारी कार्यक्रम, कैबिनेट की बैठक, विस सत्र का जिक्र है, लेकिन इडी कार्यालय का जिक्र नहीं है।

इडी का दावा, हेमंत को समन भेजने का पुख्ता आधार

रांची। इडी ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवैध खनन की जानकारी थी। पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल ने सरकारी मदद से अवैध खनन से पैसे कमाये और मनी लांड्रिंग की। इसलिए सीएम को पूछताछ के लिए समन जारी कर 3 नवंबर को हाजिर होने के लिए कहा गया है। इडी ने झामुमो के पूर्व कोषाध्यक्ष रवि केजरीवाल के बयान की जांच करते हुए प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल के बीच कई संदिग्ध लेनदेन की पुष्टि की है। इडी ने अपनी चार्जशीट में इस तथ्य का उल्लेख किया है। **इडी को मिली रुपया के लेन-देन की जानकारी :** कभी शिबू सोरेन परिवार के करीबी रहे रवि केजरीवाल का इडी ने बीते 21 जुलाई को बयान लिया था। रवि केजरीवाल ने बयान में कहा था कि एक दिन वह मुख्यमंत्री के कार्यालय में मौजूद थे, जब पंकज मिश्रा को पत्थर खनन और रेत खनन व्यवसाय से संथाल परगना से आने वाले रुपये को सीधे प्रेम प्रकाश को सौंपने का निर्देश दिया गया था। आगे यह भी कहा गया कि प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल को रुपया सौंपेंगे।

जनादेश का मतलब लूट का लाइसेंस नहीं है : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी द्वारा समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाने पर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अगर इडी ने बुलाया है, तो वह यूं ही नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सिलसिलेवार ट्वीट करते हुए कहा कि इन्होंने पैसे और दौलत की हवस में राज्य को गुंडे-मवालियों को सौंप दिया और खुद संपत्ति बनाने में लगे रहे।

लूट के पाप को वोट से कवर नहीं कर सकते : बाबूलाल ने कहा कि हेमंत जी शायद ये भूल गये कि जनादेश का मतलब लूट का लाइसेंस नहीं होता। वोट से लूट के पाप को कवर नहीं किया जा सकता। लूट हुई है, तो सजा भुगतने को भी तैयार रहिए। आप बेकसूर होंगे, तो बेदाग निकल जाइयेगा।

हेमंत से इस्तीफे की उम्मीद बेमानी : रघुवर

जमशेदपुर। पूर्व सीएम रघुवर दास ने भी कटाक्ष करते हुए कहा है कि जल-जंगल-जमीन के नाम पर सत्ता पानेवाली हेमंत सरकार ने इनका ही सौदा करना शुरू कर दिया। हेमंत राज में प्राकृतिक संसाधनों की लूट मची हुई है। जब भी हेमंत सरकार सत्ता में आयी है, अखबार बालू-पत्थर की लूट, ट्रांसफर-पोस्टिंग में वसूली जैसी खबरों से भरे रहते हैं। उन्होंने कहा कि सच कभी छिपता नहीं है। फरवरी में उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस कर इन मुद्दों को पुख्ता सबूत के साथ सामने रखा था। जांच में भी सारे तथ्य सामने आ रहे हैं। आज राज्य की परिस्थिति के लिए हेमंत जी जिम्मेवार हैं। सबूत मिलने के बाद भी विधायक प्रतिनिधि को नहीं हटानेवाले हेमंत से इस्तीफे की उम्मीद बेमानी है।

बाबूलाल मरांडी ने अपने ट्विटर अकाउंट में एक तस्वीर शेयर की, कहा

तस्वीर देखिये और जज कीजिये कि मुख्यमंत्री बड़ा या व्यवसायी अमित अग्रवाल?

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने अपने ट्विटर अकाउंट में एक तस्वीर शेयर की है। इसमें प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के साथ मुख्यमंत्री और अमित अग्रवाल नजर आ रहे हैं। इसे पोस्ट करते हुए बाबूलाल ने कहा है कि वे अपने स्वभाव के विपरीत यह तस्वीर क्षमा मांगते हुए इसलिये पोस्ट करने को मजबूर हुए हैं, क्योंकि झारखंड और देश-दुनिया को यह जानने का अधिकार है कि झारखंड को कौन चला रहे थे।

तस्वीर में हेमंत सोरेन अपने साथ बिचौलिये अमित अग्रवाल को रतन टाटा जैसे सम्मानित व्यक्ति से मिलवा रहे हैं। श्री मरांडी ने कहा कि तस्वीर देखिये और जज कीजिये कि मुख्यमंत्री बड़ा या लूट सरगना अमित अग्रवाल? 1932 खतियानियों के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले मुख्यमंत्री ने इन्हीं 2020 के लूट खतियानधारियों के साथ मिल कर झारखंड का जल-जंगल, जमीन और पहाड़ सबकुछ लूट लिया है। नतीजा सामने आने लगा है। देखते जाइये।

फोटो किसी के साथ भी हो सकती है: सुप्रियो

वहीं इस संबंध में झामुमो केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि ईडी द्वारा पूछताछ के लिए जितने भी लोग बुलाये गए है उसमे पंकज मिश्रा को छोड़कर किसी को नहीं जानते है। रही बात अमित अग्रवाल के साथ सीएम की फोटो की तो वह किसी के साथ किसी की भी हो सकती है।

कालकाजी में बने इडब्ल्यूएस फ्लैट्स का पीएम ने किया उद्घाटन

मोदी ने लाभार्थियों को सौंपी फ्लैट की चाबियां

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राजधानी दिल्ली के कालकाजी इलाके में स्लमवासियों के पुनर्वास के लिए नवनिर्मित 3,024 इडब्ल्यूएस फ्लैटों का उद्घाटन किया। इस दौरान लाभार्थियों को फ्लैट की चाबी भी सौंपी। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली के गरीब परिवारों को पक्का घर देने का ये जो अभियान शुरू हुआ है। सिर्फ कालकाजी एक्सटेंशन के पहले फेज में ही 3 हजार से ज्यादा घर तैयार कर लिये गये हैं।

बहुत जल्द यहां रह रहे बाकी परिवारों को भी नये घर में गृह प्रवेश का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के सैकड़ों परिवारों के लिए, हजारों गरीब हमारे भाई-बहनों के लिए, ये बहुत बड़ा दिन है। वर्षों से जो परिवार दिल्ली की झुग्गियों में रह रहे थे, आज उनके लिए, एक प्रकार से उनके जीवन की नयी शुरुआत होने जा रही है। आज देश में जो सरकार है, वो गरीब की सरकार है। इसलिए वो गरीब को अपने हाल पर नहीं छोड़ सकती। आज देश की नीतियों के केंद्र में गरीब हैं। आज देश के निर्णयों के केंद्र में गरीब हैं। विशेषकर शहर में रहने वाले गरीब भाई-बहनों पर भी हमारी सरकार उतना ही ध्यान दे रही है।

'वन नेशन, वन राशन कार्ड' ने आसान किया जीवन : पीएम मोदी ने कहा कि हमारे गरीब साथियों को एक बड़ी दिक्कत राशन कार्ड से जुड़ी अव्यवस्थाओं से भी होती थी। हमने 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' की व्यवस्था करके दिल्ली के गरीबों का जीवन आसान बनाया है। इस वैश्विक संकट के समय में दिल्ली के लाखों गरीबों को केंद्र सरकार पिछले दो साल से मुफ्त राशन दे रही है। दिल्ली में 40 लाख से ज्यादा गरीबों को बीमा सुरक्षा कवच दिया है। दवाइयों का खर्च कम करने के लिए 'जन औषधि केंद्र' की सुविधा है। जब जीवन में सुरक्षा होती है तो गरीब निश्चिंत होकर गरीबी से बाहर निकलने के लिए जी जान से जुट जाता है।

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS



HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,700 रु./10 ग्राम
चांदी 60,000 रु./प्रति किलो

इडी का एक समन और झारखंड में मच गया शोर

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड की राजनीति में एक बार फिर राजनीतिक खलबली मच गयी है। मनरेगा के सहारे अवैध खनन और मनी लांड्रिंग की जांच से सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों में आरोप-प्रत्यारोप के वाण चल रहे हैं। एक तरफ विपक्ष ट्रिपल पी के बहाने मुख्यमंत्री को घेरने की फिराक में है, तो दूसरी तरफ सरयू राय ने ट्रिपल आर की चर्चा कर रघुवर दास को भी लपेटे में ले लिया है। आज की यह मौजूदा स्थिति है। वैसे इडी की एंट्री ने तो झारखंड में पहले से ही सियासी तापमान बढ़ा दिया था। झारखंड में सरकार गठन के बाद से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यूपीए गंठबधन का मजबूत वट वृक्ष तैयार किया था। वह लगातार आगे बढ़ रहे थे कि आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल, सत्ता के गलियारों में दलाली के लिए मशहूर प्रेम प्रकाश, मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की गिरफ्तारी ने उस वट वृक्ष को हिलाना शुरू कर दिया। इडी की कार्रवाई से वह वटवृक्ष लगातार कमजोर हो रहा है। ज्यों-ज्यों इडी अवैध खनन के तह में जाने लगी, सत्ता के करीब रहे पांच प्यादे (पूजा सिंघल, सुमन कुमार, प्रेम प्रकाश, पीके मिश्रा और अमित अग्रवाल) से पूछताछ में हर दिन नये राज खुलने लगे। एक तरफ जहां सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के साहिबगंज स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान कई अहम सबूत मिले, वहीं प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल के कारनामों से संबंधित चौंकाऊं जानकारी से इडी को नया बल मिला। अव्वल तो पूजा सिंघल के भ्रष्टाचार की गाथा अकेले ही सत्ता पक्ष की कब्र खोदने को काफी थी, इसी बीच झामुमो के कोषाध्यक्ष रहे रवि केजरीवाल के बयान ने इडी को एक मजबूत आधार दे दिया। उन्होंने इडी को कई अहम जानकारियां उपलब्ध करा दीं। पांच प्यादे और रवि केजरीवाल के बयान ने ही इडी को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए समन जारी करने का पुख्ता आधार दे दिया। उसी आधार पर हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन भेजा है। उसने मुख्यमंत्री को आज यानी 3 नवंबर को साढ़े 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया है। इस बीच हेमंत सोरेन का 15 नवंबर तक का जो कार्यक्रम घोषित हुआ है, उससे लगता है कि पहले से कार्यक्रम का शिड्यूल फिक्स होने के कारण हेमंत सोरेन शायद ही उपस्थित हों, क्योंकि 3 नवंबर को वह रायपुर रहेंगे, ऐसा सरकार के शेड्यूल से लग रहा है। फिलहाल समन के बाद झारखंड की राजनीतिक फिजाओं में बयानों के तीर चलने लगे हैं। कुछ दिन पहले ही झारखंड के राज्यपाल ने भी झारखंड में एटम बम फूटने के संकेत दे दिये थे। उन्होंने इशारा कर दिया था कि उनके पास पड़े लिफाफे में से कभी भी छिपा हुआ राज बाहर आ सकता है। मुख्यमंत्री भी उस राज के बाहर निकलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। वह बार-बार यह कह रहे हैं कि वे डरनेवाले नहीं हैं। हर परिस्थिति का मुकाबला करेंगे। इडी के समन के बाद झारखंड की राजनीतिक फिजाओं में क्या कुछ तैर रहा है, सत्ता पक्ष और विपक्ष के तरकश से कैसे-कैसे तीर निकल रहे हैं। इसे बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

पहले इडी के समन की बात। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने अवैध खनन मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन जारी कर दिया है। इडी ने मुख्यमंत्री को 3 नवंबर को 11:30 बजे रांची स्थित इडी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया है। 3 तारीख की पूछताछ से पहले 2 नवंबर की शाम को महागठबंधन के विधायकों की बैठक बुलायी गयी। जेएमएम, कांग्रेस और राजद विधायकों को तत्काल रांची पहुंचने का आदेश दिया गया। इस बैठक में मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम का सामना करने के लिए रणनीतियां बनायी गयीं। इधर मुख्यमंत्री को समन भेजने के साथ ही इडी ने झारखंड पुलिस महानिदेशक को इस सिलसिले में एक पत्र लिख दिया। इसमें तीन नवंबर को इडी कार्यालय में सुरक्षा का विशेष प्रबंध करने का अनुरोध किया गया है।

समन जारी करने का आधार क्या है?

मुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए समन जारी करने का मुख्य कारण उनके विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा द्वारा अवैध खनन में शामिल होने और 42 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अर्जित करने के अलावा अन्य कई मामले हैं। इसमें मनी लांड्रिंग के आरोप में फंसी आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को खान विभाग में पदस्थापित करने के कारणों के अलावा प्रेम प्रकाश के घर से मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा के लिए तैनात जवानों के नाम आवंटित दो एके-47 और 60 गोलियों का मिलना शामिल है। सबसे बड़ा आधार जो माना जा रहा है, वह है झामुमो के पूर्व कोषाध्यक्ष रवि केजरीवाल का इडी को दिया गया बयान, जिसमें उन्होंने प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल की सत्ता तक पहुंच के बारे में बताया है।

मैं इडी से घबराता नहीं हूं : हेमंत सोरेन

इडी के समन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बयान आया है। उन्होंने कहा है कि वह इडी से डरते नहीं हैं। उन्होंने इससे पहले भी बार-बार यह आरोप लगाया है कि भाजपा के इशारे पर सब कुछ हो रहा है। इधर मुख्यमंत्री कार्यालय ने 15 नवंबर तक का शेड्यूल जारी कर दिया है। उसके अनुसार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 3 नवंबर को रायपुर में होंगे। 2 नवंबर को मुख्यमंत्री साहिबगंज में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम विरोधियों पर जम कर बरसे। मंच से मुख्यमंत्री ने इडी का जिक्र करते हुए कहा, विपक्ष के अनुरोध पर इडी की जांच चल रही है, हमें भी बुलाया गया है। हम इससे घबराते नहीं हैं। समन भेज कर हमें यह बताया गया कि देखो इडी कितनी पावरफुल है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी को बुला सकते हैं, तो मुख्यमंत्री को भी बुला सकते हैं। इससे हमारी पहचान और छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। अगर उनके ये करने से हो गया, तब तो कहानी खत्म। विरोधियों की तरफ इशारा करते हुए सीएम ने कहा, विपक्षी राजनीतिक रूप से नहीं सके, तो इस तरह प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्यपाल एटम बम का लिफाफा लेकर घूमते हैं, बम तो नहीं फोड़ते,

लेकिन मुंह से बोलते हैं।

सड़क से सदन तक जवाब देने के लिए तैयार: सुप्रियो

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी द्वारा समन भेजने के बाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा और राज्यपाल पर भी हमला बोला है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि 2019 में जो जनादेश मिला था, उस जनादेश का इन्क्रोचमेंट किया जा रहा है। विपक्ष साजिश के तहत हेमंत सरकार को अस्थिर करने में लगा है। माइनिंग लीज मामले में भारत निर्वाचन आयोग के भेजे मंतव्य को पहले तो राज्यपाल तीन माह तक सार्वजनिक नहीं करते, फिर कहते हैं कि वह आयोग से सेकेंड ओपिनियन मांग रहे हैं। साफ है कि आयोग स्वायत्त नहीं रह गया है। अगर रहता, तो आज यह स्थिति नहीं बनती। सुप्रियो ने कहा कि झामुमो कार्यकर्ताओं में इससे जबरदस्त आक्रोश है। जिन्होंने भी साजिश रची है, वे बहुत जल्द झामुमो के उसी तेवर को देखेंगे, जो चार दशक (झारखंड आंदोलन को लेकर) तक देखने को मिला था। कार्यकर्ता अब सड़क से सदन तक नजर आयेंगे। हम इतनी जल्दी हार मानने वालों में से नहीं हैं। हम बतायेंगे कि उन्होंने रांग नंबर डायल किया है। मीडियाकर्मियों ने जब सुप्रियो से पूछा कि पंकज मिश्रा, दाहू यादव, प्रेम प्रकाश के साथ क्या मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कोई संबंध है। इस पर सुप्रियो ने कहा कि पंकज मिश्रा को छोड़ कर हम किसी को नहीं जानते। जब उनसे पूछा गया कि आप मुख्यमंत्री का बचाव कर रहे हैं। इस पर सुप्रियो ने मैं कहा कि मुख्यमंत्री का नहीं, अपने कार्यकारी अध्यक्ष और सरकार को डिफेंड कर रहा हूं। क्योंकि चुनाव में जनादेश झामुमो को मिला है। सुप्रियो ने सवाल किया कि मनरेगा घोटाले की सीबीआइ जांच को आखिर इडी ने अपने हाथ में क्यों लिया। क्यों यह जांच माइनिंग लीज तक पहुंच गयी। मतलब साफ है कि पूरी स्क्रिप्ट सुनियोजित तरीके से लिखी गयी। आज जब अपनी साजिश में विपक्ष फेल हो गया, तो इडी को मोहरा बनाया गया। आदिवासियों की आंख में धूल झोंकने के लिए राष्ट्रपति चुनाव में आदिवासी चेहरे को चुना और बलि लेने का मन बनाया गया एक आदिवासी मुख्यमंत्री को। राज्यपाल पर निशाना साधते हुए सुप्रियो ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग के मंतव्य को सार्वजनिक तो नहीं किया। हां, रांची से दूर और नागपुर के पास रायपुर में जाकर बोलते हैं कि वह चुनाव आयोग से सेंकेंड ओपिनियन ले रहे हैं। सभी जानते हैं कि सेंकेड ओपिनियन किसके इशारे पर लिया गया है। नेशनल मीडिया में एक नैरेटिव सेट किया गया है कि मुख्यमंत्री को बर्खास्त किया जा सकता है, या उन्हें डिबार किया जा सकता है। देखा जाये, तो सेकेंड ओपिनियन इसी के लिए लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से लोगों में आक्रोश है। हम लोग लंबे संघर्ष के लिए तैयार हो रहे है। सड़क से सदन तक जवाब देने के लिये तैयार हैं।

जनादेश का मतलब लूट का लाइसेंस नहीं: बाबूलाल मरांडी

सीएम के समन को लेकर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अगर इडी ने बुलाया है, तो वह यूं ही नहीं है। बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने राज्य को गुंडे-मवालियों को सौंप दिया और खुद संपत्ति बनाने में लगे रहे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत जी शायद ये भूल गये कि जनादेश का मतलब लूट का लाइसेंस नहीं होता। वोट से लूट के पाप को कवर नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आपने लूटा है तो सजा भुगतने को भी तैयार रहिए। देश का कानून अपना काम कर रहा है। आप बेकुसूर होंगे तो बेदाग निकल जाइयेगा। वैसे पब्लिक सब देख-समझ रही है। बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मनी लांड्रिंग केस में गिरफ्तार व्यवसायी अमित अग्रवाल की एक तस्वीर शेयर करके भी सवाल उठाये हैं।

सच कभी छिपता नहीं: रघुवर दास

इस मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सरकार पर कटाक्ष किया है। कहा है कि जल-जंगल-जमीन के नाम पर सत्ता पानेवाली हेमंत सरकार ने इनका ही सौदा करना शुरू कर दिया। हेमंत राज में प्राकृतिक संसाधनों की लूट मची हुई है। जब भी हेमंत सरकार सत्ता में आयी है, अखबार बालू-पत्थर की लूट, ट्रांसफर-पोस्टिंग में वसूली जैसी खबरों से भरे रहते हैं। रघुवर ने कहा कि सच कभी छिपता नहीं है। फरवरी में उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस कर इन मुद्दों को पुख्ता सबूत के साथ सामने रखा था। अब जांच में भी सारे तथ्य सामने आ रहे हैं। आज राज्य की परिस्थिति के लिए हेमंत सोरेन जिम्मेवार हैं। सबूत मिलने के बाद भी अपने विधायक प्रतिनिधि को नहीं हटानेवाले हेमंत से इस्तीफे की उम्मीद बेमानी है।

हेमंत सरकार से ज्यादा रघुवर राज में हुआ भ्रष्टाचार, इडी रघुवर से भी पूछे: सरयू राय

इधर अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) से समन भेजे जाने के बाद विधायक सरयू राय ने एक बार फिर पूर्व सीएम रघुवर दास से भी पूछताछ करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि हेमंत सरकार से ज्यादा रघुवर सरकार के समय में भ्रष्टाचार हुआ था। इडी ने झारखंड के भ्रष्टाचार के मामले में दो चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की है। दोनों चार्जशीट बताती हैं कि भ्रष्टाचार और अवैध कमाई 2020 से 2022 से ज्यादा 2015 से 2019 के बीच हुई। उस समय रघुवर दास की सरकार थी। सरयू राय ने कहा कि पूजा सिंघल मामले में तो पूरी काली कमाई 2013-19 के बीच हुई है, जबकि पंकज मिश्रा मामले में पीरपैंती से बिना चालान रेलवे रैक से दो तिहाई काली कमाई 2015-19 के बीच हुई है। इडी श्री आर (रघुवर, राजबाला और राकेश चौधरी) से पूछताछ भी करे। उन्होंने भाजपा से भी इस पर संज्ञान लेकर भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

रवि केजरीवाल का बयान बना आधार

कभी सोरेन परिवार के करीबी रहे रवि केजरीवाल का इडी ने बीते 21 जुलाई को बयान लिया था। रवि केजरीवाल ने बयान में कहा था कि एक दिन, वह सीएमओ में मौजूद थे, जब पंकज मिश्रा को पत्थर खनन और रेत खनन व्यवसाय से संथाल परगना से आने वाले रूपये को सीधे प्रेम प्रकाश को सौंपने का निर्देश दिया गया था। आगे यह भी कहा गया था कि प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल को रुपया सौंपेंगे। रवि केजरीवाल ने यह भी कहा कि प्रेम प्रकाश, हेमंत सोरेन और अमित अग्रवाल के काफी करीबी हैं। पूजा सिंघल को अमित अग्रवाल से नजदीकी के कारण खनन सचिव झारखंड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। जांच में इडी को रुपए के लेनदेन से संबंधित कई अहम जानकारी मिली है। इडी आश्वस्त है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साहिबगंज में अवैध पत्थर खनन से पूरी तरह वाकिफ थे और उन्हें इससे आय प्राप्त हुए थे।

अवैध खनन मामले में गिरफ़्तार आरोपियों और रवि केजरीवाल के बयान ही हेमंत सोरेन को समन भेजने के लिए इडी को आधार दिया है। आगे देखना यह है कि इस जांच का क्या फलाफल निकलता है और झारखंड का राजनीतिक भूचाल किस छोर पर पहुंच कर विराम पाता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्थापना दिवस कार्यक्रम में होंगी शामिल, सीएम हेमंत ने दिया धन्यवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड स्थापना दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। उन्होंने राज्य सरकार के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस बारे में ट्विट करते हुए लिखा है कि 'जोहार, माननीय आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर झारखंड स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर निमंत्रण स्वीकार करने के लिए आपका अनेक-अनेक धन्यवाद। वीर शहीदों की धरती पर आपका स्वागत है।

मोरबी हादसे से ध्यान भटकाने के लिए गैर भाजपा शासित राज्यों में इडी, सीबीआइ एक्टिव : राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी के समन के बाद झारखंड की राजनीति गरमा गयी है। पक्ष विपक्ष में राजनीतिक बयानबाजी जारी है। इसी बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भाजपा पर सीधा निशाना साधा है। राजेश ठाकुर ने कहा कि मोरबी की हृदय विदारक घटना और गुजरात में भ्रष्टाचार की वजह से कई लोगों की जाने चली गयी। इससे ध्यान भटकाने के लिए

गैर भाजपा शासित राज्यों में भाजपा के इशारे पर इडी और सीबीआइ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि इडी के समन और राज्यपाल के बयान का संबंध क्या है। राजेश ठाकुर ने कहा कि कुछ दिन पहले राज्यपाल ने कहा था कि एटम बम फटेगा अब लगता है कहीं ना कहीं उनका बयान इसी संदर्भ में था। राजेश ठाकुर ने कहा कि एक निर्वाचित लोकप्रिय सरकार को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले भी बम डिफ्यूज किया है और आगे भी करेगी।

पूजा सिंघल की हिरासत अवधि बढ़ी

पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू पर आरोप गठित होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अवैध खनन एवं टेंडर मैनेज कर 1000 करोड़ रुपये से अधिक का मनी लांड्रिंग करने के आरोपित मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव पर आरोप गठित किया जायेगा। इसके लिए इडी की विशेष अदालत ने 5 नवंबर की तिथि निर्धारित की है। इससे पहले इडी ने तीनों के खिलाफ जांच पूरी करते हुए 16 सितंबर को चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसके बाद से तीनों की मुश्किल बढ़ गयी हैं। तीनों की ओर से याचिका दाखिल कर जमानत देने की गुहार लगायी गयी है। प्रेम प्रकाश को अदालत से राहत नहीं मिली है। इडी कोर्ट ने पूर्व में उसकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। वहीं, पंकज मिश्रा और उसके सहयोगी बच्चू यादव की भी जमानत याचिका पर अभी सुनवाई लंबित है। बता दें कि पंकज 19 जुलाई से, प्रेम प्रकाश 25 अगस्त से एवं बच्चू 4 अगस्त से न्यायिक हिरासत में हैं।

पूजा सिंघल, सुमन कुमार और राम विनोद सिन्हा रहेंगे जेल में

मनी लांड्रिंग की आरोपित निलंबित आइएएस पूजा सिंघल, सीए सुमन कुमार और बर्खास्त कनीय अभियंता राम विनोद प्रसाद सिन्हा को इडी कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद अदालत ने इनकी हिरासत की अवधि बढ़ा दी है। सभी को जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। बता दें कि खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला मामले की इडी जांच कर रही है। इडी ने पूजा सिंघल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीए सुमन कुमार के आवास से 19 करोड़ रुपये बरामद किये थे। इससे पहले कनीय अभियंता राम विनोद प्रसाद सिन्हा को इस मामले में बर्खास्त कर दिया गया। फिलहाल वह भी जेल में है। इडी इस मामले में सभी के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर चुकी है।

नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें मुख्यमंत्री : सांसद संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय राजनीतिक इतिहास में संभवत यह पहली घटना है, जब किसी मुख्यमंत्री को किसी एजेंसी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। भ्रष्टाचार के इतने बड़े मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए बुलाना, यह लोकतांत्रिक इतिहास की काली घटना है और नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री को अविलंब इस्तीफा दे देना चाहिए। उक्त बातें रांची के सांसद संजय सेठ ने एक बयान जारी कर कही। श्री सेठ ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि मुख्यमंत्री के आसपास के लोग भ्रष्टाचार के

आरोप में या तो जेल में बंद हैं, या जांच एजेंसी के समक्ष हाजिर हो रहे हैं। राज्य में जहां-जहां भी इडी ने छापेमारी की है, वहां से कुछ न कुछ बरामद हुआ है। मतलब साफ है कि राज्य में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। मधु कोड़ा के शासनकाल से भी बड़ा घोटाला और भ्रष्टाचार झामुमो के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में हुआ है। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री को भी जांच एजेंसी का सम्मन मिलना, यह प्रमाणित करता है कि इस भ्रष्टाचार की कहानी में में कहीं ना कहीं मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने निष्ठा, सुचिता और नैतिकता के साथ जिस संविधान की शपथ ली है। यह उस संविधान का अपमान है। मुख्यमंत्री को चाहिए कि लोकतंत्र और संवैधानिक मर्यादाओं की रक्षा करते हुए तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें। देश की न्याय प्रक्रिया, देश की कानून व्यवस्था और देश के न्यायालय पर विश्वास जतायें। एजेंसियों को जांच में सहयोग करें।

सीएम हेमंत से पूछताछ के लिए दिल्ली से रांची पहुंचे इडी के संयुक्त निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। करीब 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत अनुसंधान कर रही इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन कर 3 नवंबर को कार्यालय में उपस्थित रहने को कहा है। उनसे पूछताछ के लिए दिल्ली से खासतौर पर इडी के संयुक्त निदेशक कपिल राज बुधवार को रांची पहुंचे। इडी ने विशेष संदेशवाहक के जरिए मुख्यमंत्री को समन भेजा है। संभावना है कि मुख्यमंत्री इडी के समन के विरुद्ध कोर्ट जा सकते हैं। विधि विशेषज्ञों की सलाह लेने के बाद वे इस संबंध में निर्णय लेंगे।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	27.5 ℃	16.6 ℃
सूर्यास्त (आज)	:	17.10 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.55 बजे

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 03 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com

झारखंड में इडी की एक और बड़ी कार्रवाई

इडी ने मनरेगा के 100 करोड़ के घोटाले पर मांगी रिपोर्ट

प्रवर्तन निदेशालय ने ग्रामीण विकास सचिव को पत्र लिखकर पूरी रिपोर्ट मांगी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने झारखंड में मनरेगा में 100 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले पर रिपोर्ट मांगी है। जानकारी के मुताबिक इडी ने झारखंड के ग्रामीण विकास सचिव को पत्र लिखकर मनरेगा में हुए 100 करोड़ घोटाले को लेकर पूरी जानकारी मांगी है। गौरतलब है कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आयी है कि मनरेगा में सामग्री की खरीदारी में बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ है। इसे लेकर कई माध्यमों से इडी को शिकायत मिली थी। शिकायत मिलने के बाद इडी ने इस पर संज्ञान लेते हुए रिपोर्ट मांगी है।

इडी ने मांगी पूरी जानकारी : इडी ने मनरेगा में हुए 100 करोड़ से अधिक के घोटाले के मामले में अब तक की गयी एफआइआर, चार्जशीट, कार्रवाई इत्यादि पर पूरी रिपोर्ट देने को कहा गया है। इडी ने यह भी कहा है कि इस मामले में कोई और व्यक्ति, जिनकी भूमिका बड़ी है, तो उनके बारे में पूरी जानकारी दी जाये, ताकि पीएमएलए 2002 के अनुसार उसके उपर कार्रवाई शुरू की जा सके। पूरे मामले पर इडी ने ग्रामीण विकास विभाग से रिपोर्ट मांगी है।

अमित अग्रवाल की बढ़ीं मुश्किलें, जेल में नहीं मिलेंगी सुविधाएं

रांची। कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल को इडी ने पिछले दिनों पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इस समय वह जेल में बंद है। चंद रोज पहले तबीयत खराब होने के बाद रांची रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। अमित अग्रवाल ने अदालत से गुहार लगायी थी कि उसे जेल का खाना नहीं पच रहा है। इसलिए उसे घर का खाना खाने की अनुमति दी जाये, लेकिन अदालत ने इसकी इजाजत नहीं दी। उसे जेल मैनुअल के अनुसार ही जेल का खाना खाना होगा। अमित अग्रवाल वही शख्स है जिसने झारखंड हाइकोर्ट के वकील राजीव कुमार को 50 लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में कोलकाता में गिरफ्तार कराया था। राजीव कुमार वही शख्स हैं जो झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ जनहित याचिकाओं की पैरवी करते रहे हैं। राजीव कुमार पर आरोप है कि उसने अमित अग्रवाल से एक जनहित याचिका से नाम हटाने के एवज में एक करोड़ रुपये की मांग की थी। सौदा तय होने के बाद एडवांस 50 लाख रुपये लेने के लिए कोलकाता गया था। इस बीच अमित अग्रवाल ने उसे गिरफ्तार करा दिया। झारखंड के सियायी गलियारों में अमित अग्रवाल पर यह आरोप रहा है कि वह झामुमो का फाइनेंसर है। झामुमो के लिए चुनावी फंड एकत्र करता है। वह कोलकाता का रहने वाला है। झारखंड में उसके कई कारोबार चल हैं। वह हेमंत सोरेन का काफी करीबी है। यही वजह रही कि हेमंत सोरेन के खिलाफ याचिकाओं की पैरवी करने वाले वकील राजीव कुमार को उसने योजनाबद्ध तरीके से कोलकाता में गिरफ्तार करा दिया। बाद में इडी ने अमित अग्रवाल को भी दबोच लिया। अब अमित अग्रवाल और वकील राजीव कुमार दोनों जेल में बंद हैं।

अमित अग्रवाल के वकील ने कहा- अमित को बनाया गया बलि का बकरा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अमित अग्रवाल के वकील ने कहा है कि राजीव कुमार के कैश बरामदगी मामले में अमित अग्रवाल को बलि का बकरा बनाया गया है। उन्होंने कहा है कि अमित अग्रवाल बिल्कुल निर्दोष है। उन्होंने जो भी राशि राजीव कुमार को दिया या जिस कैश को राजीव कुमार को दिये जाने की बात हो रही है, उसे उन्होंने अपने अकाउंट से निकाल कर दिया था। अमित अग्रवाल का स्टाफ चेक के माध्यम से उनके अकाउंट से पैसे निकाल निकाला था। अभी तक इडी प्रूफ नहीं कर पायी है कि जो पैसा दिया गया वह किसी रूप में अवैध है। इडी बनी बनायी कहानी दोहरा रही है। अमित अग्रवाल के खिलाफ जो आरोप लगे हैं वह बिल्कुल बेबुनियाद हैं। इसे लेकर उनकी ओर से हाइकोर्ट में रिट दाखिल की गयी है। इसमें कहा गया है कि उनके खिलाफ क्रिमिनल प्रोसिडिंग साजिश के तहत चलाया जा रहा है, जो भी अवैध पैसे को लेकर बात हो रही है वह बिल्कुल गलत है। इस याचिका की सुनवाई 21 अक्टूबर को होनी थी, लेकिन वह टल गयी थी। अब चार नंबर को मामले की सुनवाई होगी। बता दें कि एक जनहित याचिका में नाम हटाने के नाम पर अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार के साथ एक करोड़ में सौदा तय किया था और प्रथम किश्त के रूप में उन्हें 50 लाख दिये गये थे। राजीव कुमार को कोलकाता पुलिस ने 50 लाख के साथ पकड़ा था। हालांकि बाद में इडी ने मामले की जांच की और अमित अग्रवाल के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की।

भाजपा एससी मोर्चा की बैठक

बस्ती संपर्क अभियान का उद्देश्य देश को जोड़ना है : कर्मवीर सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की एक बैठक बुधवार को रांची के हरमू स्थित भाजपा मुख्यालय में संपन्न हुई। बैठक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने की अध्यक्षता में हुई। वहीं बैठक को संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में भारत का मान बढ़ाया है। पूरे विश्व में भारत ने अपनी नयी पहचान स्थापित की है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि वैसी शक्तियां जो हमारे देश को तोड़ने का काम कर रही हैं ऐसी शक्तियों को रोकने का एकमात्र उपाय है कि हम अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें। बस्ती संपर्क अभियान का उद्देश्य भी यही है कि हम समाज के सभी वर्ग के लोगों को एकजुट कर देश के विकास के लिए कार्य करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे विश्व में भारत को मजबूत बना रहे हैं उसी तरह हमें भारत में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में भारत का मान बढ़ाया : नागेंद्र त्रिपाठी

भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाना है। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बताया कि बस्ती संपर्क अभियान के तहत दलित बस्ती में जा कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देनी है। साथ ही राज्य सरकार की नाकामी के साथ बस्ती से जुड़े समस्याओं को सूचीबद्ध करना है। वहीं छात्रावास संपर्क अभियान के तहत छात्रों को हो रही असुविधा की जानकारी लेनी है साथ ही युवाओं से जुड़े केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी भी छात्रों को देना है। संगठन महामंत्री ने बताया कि बस्ती संपर्क अभियान के तहत स्थानीय दलित प्रबुद्धजनों से मुलाकात करना है और उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ उनके साथ संवाद स्थापित करना है। साथ ही प्रबुद्धजनों की सूची प्रदेश कार्यालय को देनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी सभी अपने अपने क्षेत्र के महापुरुषों की जानकारी इकट्ठा कर उनकी जीवनी को देश दुनिया तक पहुंचाएं। संगठन महामंत्री ने बताया कि आज देश तोड़ने वाली शक्ति बहुत सक्रिय हैं। ऐसी शक्तियों से लड़ने के लिए हमे आगे बढ़ने की जरूरत है। बस्ती संपर्क अभियान का उद्देश्य देश को जोड़ना है और यह काम सिर्फ भाजपा के कार्यकर्ता ही कर सकते हैं। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने बताया कि बस्ती संपर्क अभियान 17 सितंबर 2022 से शुरू हुआ है जो 26 नवंबर 2022 तक चलेगा। इस अभियान में झारखंड के 7500 दलित बस्ती, होस्टल एवं प्रबुद्धजनों से संपर्क स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से जन प्रतिनिधियों को जोड़ा जा रहा है। साथ ही झारखंड के दलित समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोर्चा के सभी प्रदेश पदाधिकारी अपने प्रभार के जिला में प्रवास करें। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य नीरज पासवान, राष्ट्रीय विशेष आमंत्रित सदस्य सीताराम रवि, मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

DAV ALOK PUBLIC SCHOOL
Pundag, Ranchi-04
Affiliated to CBSE +2, New Delhi
Email : infodavalok@gmail.com
7033073440, 7782075070
WALK-IN-INTERVIEW
on date 06.11.2022 (Sunday)
(08:00am onward)
PGT : Math, Eng., Chem. & Computer E.Q. : P.G. with B.Ed
Head Mistress / Master (For Branch School) : E.Q. : Experienced Graduate / Post Graduate.
PRT (For Branch School Also) : English, (Hin. + Sans.), Sc., Computer & Music Teacher. E.Q. : Graduate in Relevant Subject
Accountant cum Clerk : E.Q. : Good in Computer.
Driver for School Bus.
For Outsiders, Accommodation can be Provided.

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष नौकरी में उच्चाधिकारियों एवं सहयोगियों का सहयोग मिलेगा, ऐश्वर्य की वृद्धि होगी।

वृष बुद्धि-चतुरता से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता, कर्मक्षेत्र में मनोनुकूल वातावरण रहेगा।

मिथुन धन-द्रव्य-वस्त्र आभूषण की प्राप्ति, नयी कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।

कर्क कर्मक्षेत्र यशस्वीकार्य करने का अवसर, व्यापरिक विस्तार की योजना सफल होगा।

सिंह संकल्पित कार्य पूरा होगा, घर-गृहस्थी का सुख, संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।

कन्या धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

तुला विविध उलझनों से छुटकारा मिलेगा, नौकरी एवं सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक धन लाभ होगा, संयम, धैर्य,कूटनीतिक चालों से जरूर राहत मिलेगी।

धनु विद्या-बुद्धि प्रतिभा का विकास, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास।

मकर संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

कुंभ नयी नौकरी मिलने के संयोग बनेगा, सपरिवार मनोरंजन-भ्रमण के साधन बनेंगे।

मीन रोजी-रोजगार के क्षेत्र में कठिनाइयों पर विजय, परेशानी से छुटकारा।

खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु का जन्म उत्सव कल

धूमधाम से मनाने की हो रही तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु का जन्म उत्सव कार्तिक शुक्ल एकादशी 4 नवंबर को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाया जायेगा। इसको लेकर श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा व्यापक रूप से तैयारी की जा रही है। इसके लिए हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रतिदिन बैठक हो रही है। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरीया ने बताया कि खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा अनुसार हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का जन्म उत्सव श्री श्याम जयंती महोत्सव के रूप में विविध कार्यक्रमों के साथ भक्ति भावना व आस्था विश्वास के वातावरण में आयोजित होगा। इस दिन बाबा के पट संपूर्ण दिवस दर्शन हेतु खुले रहेंगे। वर्ष भर में सिर्फ इसी दिन खाटू नरेश की सात बार आरती होती है। श्री नारसरिया ने बताया कि संपूर्ण मंदिर परिसर में बैलून विद्युत सज्जा से सजाया जा रहा है। फूलों की सुगंध बैलून की

सजावट व विद्युत सज्जा से पूरा मंदिर परिसर जगमग जगमग करेगा।

श्री श्याम जयंती का मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ होगा। तारादेवी कटारुका, राजेश बेला कटारुका, प्रकाश कटारुका परिवार संघ खाटू नरेश की अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित कर मिष्ठान पंचमेवा विभिन्न फल नारियल मगही पान का भोग अर्पित करेंगे। खाटू नरेश को छप्पन भोग महाप्रसाद राजेश शर्मा, सीमा शर्मा, अविरल, दिया शर्मा अर्पित करेंगे। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि इस अवसर पर अद्वितीय भजनों की श्री गंगा प्रवाहित की जायेगी। कोलकाता से नरेन सोनी जमशेदपुर की नेहा कौर अपनी सुमधुर भजनों से बाबा श्याम को भी रिझायेंगे। श्री श्याम जयंती महोत्सव की तैयारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, उप मंत्री अनिल नारनौल, रतन शर्मा, स्नेह पोद्दार, विकास मोदी, संजय सर्राफ, रौनक पधार, अरविंद सोमानी, प्रवीन मंगल, निखिल नारनौल, प्रदीप मोदी, आशीष डालमिया, पवन शर्मा, तने कठपाल, दिनेश अग्रवाल, विशालपुर रोशन खेमका, किशन शर्मा दिन रात लगे हुए हैं। श्रीनारसरिया ने बताया कि निरंतर प्रसाद मंदिर परिसर से वितरित किया जायेगा। अखंड ज्योति में आहुति देने के लिए भक्तों के लिए अलग से प्रबंध करने की व्यवस्था भी की जा रही है। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल ने सभी श्याम प्रेमियों धर्म प्रेमी बंधुओं को इस पुनीत पावन दिवस में आने का आग्रह किया है उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

सदानों के प्रति संवेदनशीलता दिखायें सीएम: सदान मोर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय कोर कमेटी के सलाहकार व झारखंड आंदोलनकारी क्षितीश कुमार राय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मूलवासी सदानों के प्रति भी संवेदनशीलता दिखायें। श्री राय ने कहा मुख्यमंत्री व्यक्तिगत रूप से व्यवहार कुशल और मिलनसार व्यक्ति हैं। लेकिन दुर्भाग्य से वे वैसे लोगों से घिरे हुए हैं जिनको झारखंड की वास्तविकता की कोई समझ ही नहीं है।

श्री राय ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मूलवासी सदानों के सहयोग के बिना किसी भी दलों की सरकार झारखंड में नहीं बन सकती है। यह बात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी भली-भांति जानते हैं लेकिन दुर्भाग्य से सरकार बने साढ़े तीन

कहा - मूलवासी सदानों के सहयोग के बिना किसी भी दलों की सरकार झारखंड में नहीं बन सकती है

साल बित जाने के बाद भी मूलवासी सदानों की कभी खोज खबर मुख्यमंत्री ने नहीं ली। श्री राय ने कहा मूलवासी सदानों की उपेक्षा कर कोई राजनीतिक दल झारखंड में कभी भी सरकार नहीं बना सकती है। ये बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को मालूम है इसके बावजूद भी मूलवासी सदानों की लगातार उपेक्षा हो रही है। श्री राय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार से अनुरोध किया है कि मूलवासी सदानों के प्रति संवेदनशीलता दिखायें।

रांची का पारा 10 नवंबर तक 11 से 12 डिग्री तक पहुंचने के आसार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में नवंबर महीने के पहले सप्ताह से ही ठंड का एहसास ज्यादा होने लगा है। सुबह और शाम को सिहरन बढ़ गयी है। सुबह से ही कोहरा और धुंध छा रहा है। दिन में भी तेज धूप नहीं खिल रही है। आंशिक रूप से बादल छाये रह हैं। 10 नवंबर तक रांची का पारा 11 से 12 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है।

पिछले पांच दिनों से रात का न्यूनतम तापमान लगातार गिर रहा है। दिन के तापमान में भी गिरावट शुरू हो गयी है। रात का तापमान 15 डिग्री पर पहुंच गया है और दिन में भी 26 से 27 डिग्री पर आ गया है। अचानक ठंड बढ़ने से लोग घर और बाजार में जैकेट, स्वेटर और टोपी में नजर आने लगे हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के

हेड अभिषेक आनंद ने बताया कि नवंबर के पहले सप्ताह तक सुबह में धुंध और कोहरा रहेगा। दिन में धूप निकलेगी और आसमान साफ रहेगा। चार नवंबर तक रांची और आसपास अधिकतम तापमान 27 से 28 डिग्री और न्यूनतम 15 से 16 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। साल 2020 और साल 2021 में आठ नवंबर को रांची का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जबकि साल 2019 में न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री रहा था।

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना : छोटे-छोटे गांवों में रहने वालों को मिलेगा लाभ

छात्रों, किसानों और बीमारों को मिलेंगी कई सुविधाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना-2022 के तहत अब देवघर जिले के विभिन्न प्रखंडों के छोटे-छोटे गांवों में रहकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों, किसानों एवं बीमार लोगों को कई सुविधाएं मिलेंगी। इस योजना से ऐसे लोग अब सस्ते दर पर यात्रा कर सकेंगे। झारखंड सरकार ने इस संबंध में संकल्प भी जारी किया है। विभिन्न गांव में माध्यमिक और उच्च शिक्षा के लिए शिक्षण संस्थान उपलब्ध नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रखंड, अनुमंडल और जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। सुगम परिवहन की व्यवस्था नहीं होने के कारण गांव में रहने वाले छात्र छात्राओं को

उच्चस्तरीय शिक्षा के लिए बाहर जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। किसानों को भी उपज की बिक्री के लिए प्रखंड, अनुमंडल, जिला मुख्यालय स्थित बाजारों में जाना होता है।

लाभुकों को 100 प्रतिशत तक छूट

इस योजना के तहत आम नागरिकों को बस भाड़ा में रियायत का प्रावधान भी है। आम नागरिक में वैसे वरिष्ठ नागरिक जो 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हैं, उन्हें किराया में शत-प्रतिशत का लाभ दिया जायेगा। इसके अलावा लाभ छात्र-छात्राओं, ब्लाइंड पर्सन, मानसिक रूप से बीमार, ऊंचा सुनने वाले व्यक्ति, दिव्यांगजन, एचआइवी पॉजिटिव, विधवा पेंशन धारी, मान्यता प्राप्त झारखंड आंदोलनकारी को इसका लाभ दिया जायेगा। बस किराया में रियायत तालिका के अनुसार सक्षम पदाधिकारी मसलन प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया, नगर निगम तथा नगरपालिका के कार्यकारी अधिकारी, संबंधित शैक्षणिक संस्थानों द्वारा जारी पहचान पत्र के आधार पर ही दिया जायेगा।

परिवहन विभाग झारखंड नोडल एजेंसी होगा

झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के लिए नोडल एजेंसी परिवहन विभाग होगा। प्रखंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित तथा राज्य स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदित मार्गों को ही परिवहन विभाग नये ग्रामीण मार्ग के रूप में अधिसूचित करेगा। इसके लिए राज्य स्तरीय समिति, जिला स्तरीय समिति एवं प्रखंड स्तरीय समिति का गठन किया जायेगा। राज्य स्तरीय समिति के अध्यक्ष विभागीय मंत्री के अलावा सदस्य के रूप में सचिव, परिवहन आयुक्त, संयुक्त परिवहन आयुक्त, विभागीय संयुक्त सचिव व विभागीय उप सचिव समिति में होंगे।

जिला स्तरीय समिति में अध्यक्ष के रूप में डीसी, सदस्य के रूप में उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला स्तरीय बस परिवहन एसोसिएशन के प्रतिनिधि, बैंक वित्तीय संस्थान के एलडीएम, जिला परिवहन पदाधिकारी सह सदस्य सचिव जिला स्तरीय समिति होंगे। प्रखंड स्तरीय समिति में अध्यक्ष के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी, सदस्य के रूप में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, पंचायत समिति के सदस्य, बैंक अथवा वित्तीय संस्थान के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

हाइकोर्ट में समरीलाल मामले में हुई सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में बुधवार को कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक समरीलाल के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान प्रतिवादी विधायक की ओर से गवाह युगल की गवाही दर्ज करायी गयी।

गवाह युगल ने अदालत को बताया कि वह समरीलाल को जानते हैं। वह दशकों से रांची में रहते हैं। वह स्थानीय हैं। प्रार्थी की ओर से गवाह का प्रति परीक्षण किया गया। मामले की अगली सुनवाई के लिए अदालत ने सात नवंबर की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता अमर सिन्हा और

अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पक्ष रखा।

उल्लेखनीय है कि प्रार्थी सुरेश बैठा ने चुनाव याचिका दायर की है। उन्होंने कांके विधायक समरीलाल के निर्वाचन को चुनौती दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि समरीलाल को झारखंड में एससी कोटि के आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। वह झारखंड के निवासी नहीं हैं। इसलिए एससी कोटि की विधानसभा सीट से उनका निर्वाचन निरस्त किया जाये।

एक दिवसीय धरना को लेकर भाजपा ने की बैठक

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। दिव्य कल्याण आश्रम में झारखंड सरकार की विफलताओं को लेकर एक दिवसीय धरना को लेकर भाजपा प्रखंड इकाई की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक व संचालन मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बरकट्ठा संगठन प्रभारी मुकुंद साव, विशिष्ट अतिथि बेडोकला मंडल प्रभारी रामवन्द्र चौधरी उपस्थित थे। बैठक में झारखंड सरकार की विफलताओं को लेकर भाजपा प्रदेश के द्वारा 11 नवंबर को प्रदेश के प्रत्येक प्रखंड में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को लेकर चर्चा हुई। 11 नवंबर को दोपहर 11 बजे दिव्य कल्याण आश्रम से जनाआक्रोश रैली बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर धरना प्रदर्शन करते हुए पदाधिकारियों को मांग पत्र सौंपेंगें बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को धरना प्रदर्शन में लाने का काम करें ताकि झारखंड सरकार की अंधी, बहरी, गूंगी सरकार को जगाने का काम कर सकें बैठक में सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद, महामंत्री इन्द्रदेव यादव, रतन पासवान ,हीरालाल प्रसाद, बुलाकी प्रसाद, विनोद अंसारी, राजकुमार यादव, अनिल आजाद, दुगार्नंद झा, मुरलीधर मेहता, छोटेलाल मेहता ,सरजू प्रसाद, प्रकाश प्रसाद ,जीवन यादव, शंकर प्रसाद, अमबीलाल प्रसाद, शंकर ठाकुर, दिलीप कुमार, संदीप सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आमलोगों की समस्याओं से रूबरू हुए डीसी

कोडरमा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न प्रखंडों से आये आम-जनों की समस्याओं से रुबरु हुए। उन्होंने बारी-बारी से आमजनों की समस्याओं को सुना और सभी के शिकायतों को सुनते हुए पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जनता दरबार में जमीन विवाद, पेंशन, राशन व अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

141 लोगों की मौत के लिए गुजरात सरकार जिम्मेवार : प्रकाश रजक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। गुजरात के मोरबी में केबल पुल टूटने से 141 लोगों की मौत के लिए गुजरात सरकार जिम्मेवार है। उक्त बातें सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने बयान जारी कर कहा। उन्होंने ने कहा कि उक्त पुल के दोबारा मरम्मत का कार्य किया गया था। पुल बनाने की जवाबदेही घड़ी बनाने वाली कंपनी को दिया गया किसके इशारे पर किसके पैसी पर झूला पुल मरम्मति की जवाबदेही दिया गया यह जांच का विषय है। जब उसकी कैपेसिटी उतनी नहीं थी फिर 500 से अधिक लोग उस पुल पर कैसे चढ़े, कैसे इजाजत दिया गया, यह भी जांच का विषय है। इसीलिए कम्युनिस्ट पार्टी मांग करती है कि सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की कमेटी बनाकर घटना की जांच की जाए और दोषी लोगों पर कार्रवाई की जाए। अनुमान लगाया जा सकता है गुजरात में किस तरह से सरकारी लापरवाही बरती जा रही है। जहां पर सुशासन की ढोंग रचने वाले गुजरात विकास मॉडल की प्रचार-प्रसार करने वाले की बोलती बंद हो चुकी है। उस घटना के जिम्मेवार लोगों पर हत्या की मुकदमा दर्ज करनी चाहिए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मांग करती है कि मृतक के परिवारों को 50 लाख रुपए का मुआवजा एवं परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी, घायलों के राहत के लिए पांच 5 लाख का मुआवजा दिया जाए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी घटना में मृत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करती है।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम प्रखंडों में आयोजित

कोडरमा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के कोडरमा जिला अंतर्गत सतगावां प्रखंड के टेहरो, डोमचांच प्रखंड के बगड़ीडीह, कोडरमा प्रखंड के अंतर्गत पथलडीहा, चंदवारा प्रखंड के बिरसोडीह, जयनगर प्रखंड अंतर्गत डण्डाडीह और मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत दशारोखुर्द और नगर परिषद् झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, नगर पंचाय डोमचांच के वार्ड 12 में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में जिले के वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारियों द्वारा आमजनों की समस्याओं को सुना गया और समस्या का निदान करने की बात कही। जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा आमजनों को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में जागरुक किया गया और शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोग शामिल होकर योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। स्टॉल में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नए राशन बनाने, नाम जोड़ने, नाम हटवाने एवं राशन कार्ड सरेंडर करने, सामाजिक सुरक्षा के तहत विभिन्न पेंशन योजनाओं की जानकारी एवं तत्काल स्वीकृति, पेयजल, आजीविका, सेवा की गारंटी अधिनियम के तहत आवासीय, जाति, आय एवं अन्य प्रमाण पत्रों का अप्रूवल, वन अधिकार, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कोविड टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था, कृषि विभाग द्वारा प्रदर्शनी के अतिरिक्त संचालित योजनाओं की जानकारी, पशुपालन विभाग द्वारा योजनाओं की जानकारी, ई श्रम पोर्टल में निबंधन, आधार कार्ड में अपडेशन, शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित, आवास से संबंधित सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन लिए गए एवं कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया।

सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

सतगावां (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के खैराबर के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान डब्लू कुमार (25 वर्ष, पिता महेंद्र महतो, ग्राम माघोपुर फतेहपुर बिहार), सुभाष कुमार (28 वर्ष, पिता जगदीश महतो, अरवल बिहार) तथा रामदेव महतो (30 वर्ष, पिता गोलू महतो, ग्राम लोदीपुर थाना अकबरपुर) के रूप में की गई है। घायलों को राहगीरों व स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क के किनारे घायल अवस्था में पड़े देख 108 एंबुलेंस को फोन कर घटना की जानकारी दिया। 108 की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया जहां उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सुभाष कुमार, रामदेव महतो को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अजय कुमार रवि के द्वारा बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घायल रामदेव महतो ने बताया कि एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार होकर अपने दोस्त से मिलने आये थे जहां लौटने के क्रम में दुर्घटना हुई है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को पुलिस के द्वारा जब्त कर थाना लाया गया।

प्रधानाध्यापक चंद्रिका दास के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड मुख्यालय मरकच्चो स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय काली मण्डा के प्रभारी प्रधानाध्यापक चन्द्रिका दास के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखण्ड प्रमुख मरकच्चो विजय कुमार सिंह, पूर्व प्रखण्ड प्रमुख सावित्री देवी, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार सिन्हा, 20 सूत्री अध्यक्ष रविशंकर सिंह रिंकू उपस्थित थे। मालूम हो कि श्री दास 31 अक्टूबर 2022 को अवकाश प्राप्त किए। प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज पासवान ने कहा कि श्री दास ने अपने सेवा काल के चार बसंत इस विद्यालय में गुजारे हैं। इनके पूर्व उन्होंने महुँगाय विद्यालय में 17 साल योगदान दिया। उन्होंने विद्यालय में जो अमिट छाप छोड़ी है उसे भुलाया नहीं जा सकता है। प्रधानाध्यापक ने उनसे समय-समय पर विद्यालय आकर मार्ग दर्शन देते रहने का आग्रह किया। विद्यालय की छात्रा रोजी एन्ड ग्रुप ने उनके सम्मान में विदाई गीत प्रस्तुत की। अवकाश प्राप्त करने वाले चन्द्रिका दास ने रुंधे गले से अपने सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा जो अपेक्षित सहयोग मिला उसे जीवन प्रयन्त अपने दिल में संयोग कर रखेंगे। संचालन शिक्षक शशि शेखर पांडे ने की। मौके पर विद्यालय प्रबन्धन समिति अध्यक्ष शम्भू सिंह, पूर्व मुखिया अशोक दास, नागेश्वर ठाकुर, मनोज ठाकुर, मनु पांडे, कपिलदेव सिंह, साकिब महमूद, सन्तोष पासवान, प्रभु रविदास, संदीप पासवान, गोपाल प्रसाद बर्णवाल, संतोष राम, पूनम कुमारी अम्बष्ट, मीरा देवी, सोनी कुमारी, गोपाल शरण पांडेय, दयानंद कुमार, सुषमा बर्णवाल समेत कई अभिभावक एवं विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

दिन दहाड़े कंस्ट्रक्शन कंपनी के पदाधिकारी को मारी गोली

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग बुधबाजार बरकाकाना में दिनदहाड़े कंस्ट्रक्शन कंपनी के क्रय मैनेजर को गोली मारी।जानकारी के अनुसार आरबीएनएल कंस्ट्रक्शन कंपनी के अंतर्गत कार्य करने वाले के के कंस्ट्रक्शन कंपनी के क्रय मैनेजर विजय कुमार धवन को अज्ञात अपराधियों ने रेलवे क्वार्टर निर्माण कार्य के मुख्य द्वार के समीप गोली मारी।गोली लगने से धवन घायल हो गए। कंस्ट्रक्शन कार्य में लगे लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए राँची के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं जहाँ उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया मोटरसाइकिल पर सवार अपराधी ने मैनेजर को उनके नजदीक आकर दो गोली मारी जिसमें एक गोली उनको नहीं लगी और दूसरी गोली उनके जाँघ में लग गई। घटना की जानकारी बरकाकाना ओपी एवम जीआरपी थाने को दी गई।दोनों थाने के सीमांकन को लेकर कई घंटे के वातार्लाप के बाद अन्ततः बरकाकाना ओपी ने मामला दर्ज किया।घटना पर मौजूद एसडीपीओ पतरातू वीरेन्द्र चौधरी ने बताया जिसने भी घटना को अंजाम दिया है,अपराधी पुलिस के जल्द पकड़ में होगी।अनुसंधान जारी है लेकिन प्रथम द्दष्या लेवी का मामला दिख रहा है।बताते चलें कि क्षेत्र में दिन दहाड़े इस प्रकार की घटना होने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है वही बुधबाजार में दुकान लगाने वाले ब्यवसाई डरे सहमे हुए है।मौके पर बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार, जीआरपी थाना प्रभारी राम कुमार राम,सब इंस्पेक्टर सफीउल्लुहा अंसारी सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य सचिव ने किया शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का निरीक्षण

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, झारखंड सरकार ने बुधवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग का दौरा किया। इस निरीक्षण क्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय, डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, आईएएस प्रशिक्षु शताब्दी मजूमदार मौजूद रहे। भ्रमण के दौरान उन्होंने अस्पताल में स्वास्थ्य सहित अन्य व्यवस्थाओं को जांचा। स्वास्थ्य सचिव ने मेडिकल कॉलेज के संपूर्ण भवन के विभिन्न विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया तथा भवन परिसर में निमार्णाधीन स्टॉफ आवास निर्माण कार्य,हॉस्टल निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल रखते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बुधवार सुबह अपर मुख्य सचिव शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर, फार्मोलॉजी, माइक्रो बायोलॉजी, सेंट्रल लाइब्रेरी, एंभीबियन लैब, फिजियोलॉजी विभाग, हीमोलॉजी, बायो केमेस्ट्री लैब, एएनटी रूम सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल, सर्जिकल वार्ड का दौरा कर वहां दी जा रही व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज भवन के निर्माण कार्य को लेकर कार्यकारी एजेंसी को निर्माण कार्य में तेजी लाने सहित कार्यों का रोड मैप उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सचिव ने दिए निर्देश

श्री सिंह ने कहा कि शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की आधारभूत संरचना अच्छी है। उन्होने कहा कि कॉलेज प्रबंधन कालेज की सुविधा बढ़ाने के लिए प्रस्ताव दे। उन्होने कॉलेज परिसर में सीसीटीवी,24*7 बिजली की व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिए बस की सुविधा, सभी स्टॉफ व डॉक्टरों का आवश्यक रूप से बायो मेट्रिक अटेंडेंस बनाने का निर्देश दिया। उन्होने अध्ययनरत विद्यार्थियों के पाठ्य सामग्री के फिजिकल व डिजिटल मोड में रखने का निर्देश दिया।

सदर अस्पताल का भी किया दौरा

स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ हो तथा मेडिकल सुविधाएं आमजन तक सुलभ हो सके इस बाबत आज 2 नवंबर को स्वास्थ्य सचिव ने सदर अस्पताल का भी दौरा किया। उन्होने सदर अस्पताल की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होने शिशु वार्ड, जनरल वार्ड, महिला वार्ड सहित नए भवन के आईसीयू वार्ड का निरीक्षण किया। ओपीडी में डॉक्टरों की अव्यवस्था पर स्वास्थ्य सचिव खासे नाराज हुए। उन्होने कहा कि जिला सदर अस्पताल में दूर दराज के मरीज आते है उन्हे समुचित इलाज उपलब्ध कराना प्रमुख उद्देश्य है इसलिए उन्होने कड़े शब्दों में चिकित्सकों को बाहर की दवा न लिखकर जेनेरिक दवा लिखने का सख़्त निर्देश दिया। उन्होने ट्रामा सेंटर और नेत्र विभाग कि खामियों को दूर कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य उप निदेशक,मेडिकल कॉलेज सुप्रीटेंडेंट, प्रिंसिपल, सिविल सर्जन, संकायाध्यक्ष व मेडीकल स्टॉफ उपस्थित थे।

केरेडारी में भाजपा नेताओं की बैठक

केरेडारी(आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी केरेडारी मंडल के नेताओं की एक बैठक मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी 7 से 13 नवम्बर तक राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही बैठक में अभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के सहमति से 12 नवंबर दिन शनिवार को प्रखंड मुख्यालय केरेडारी में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गयो इस बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव,पूर्व मंडल अध्यक्ष बाल गोविंद सोनी, सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार,रामगढ़ जिला प्रभारी राजू साव, उपेन्द्र सिंह, बद्री नारायण सिंह, शेरू सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रयाग महतो, कन्हाई माली, शंकर साहा, पवन रजक, वासुदेव पासवान, प्रीतम साव, नरेश महतो, द्वारिका प्रसाद, धर्मेंद्र पांडेय, दिलीप महतो व सोनू कुमार सहित कई कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

डीएवी बरकाकाना ने मनायी लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। डीएवी विद्यालय बरकाकाना में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में भारत के महान सपूत आजाद भारत के प्रथम गृह मंत्री लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती मनाई गई।कार्यक्रम का आयोजन सीबीएससी के निदेर्शानुसार विद्यालय की प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी झारखंड प्रक्षेत्र डी डॉ उर्मिला सिंह के कुशल नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्या ने सभी बच्चों, शिक्षकों एवम शिक्षिकाओं को ’राष्ट्रीय एकता दिवस’ की शपथ दिलायी। तत्पश्चात वर्ग बारहवीं मानविकी की छात्रा प्रियांश कुमारी ने सरदार पटेल के द्वारा भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत के एकीकरण के लिए किए गए अविस्मरणीय कार्यों को याद किया विशेषकर हैदराबाद और जूनागढ़ जैसे रजवाड़ों को भारत में मिलाने के लिए उनके द्वारा उठाये गए कदमों और सूझ बूझ को याद किया।इस अवसर पर वर्ग आठवीं की छात्रा ऐश्वर्या ज्योति ने सरदार पटेल पर कविता प्रस्तूत की।वर्ग आठवीं के बच्चों ने एकता के लिए दौड़ यूनिटी रन कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

अक्षय नवमी पर आंवला पेड़ की पूजा कर महिलाओं ने अमर सुहाग की कामना की

कोडरमा (आजाद सिपाही)। अक्षय नवमी पर बुधवार को आंवला पूजन कर सुहागिनों ने अपने अमर सुहाग की कामना की। अड्डी बंगला रोड स्थित दुर्गा मंडप, विमल चंद्र राय व गायत्री मंदिर परिसर सहित अन्य कई जगह पर श्रद्धालुओं ने आंवला वृक्ष की पूजा की, और वृक्ष के नीचे बैठकर भगवान विष्णु की कथा सुनी। अड्डी बंगला में पंडित अर्जुन पांडेय, विमल चंद्र राय के आवास पर पंडित लक्ष्मी कांत पांडेय ने पूजा-अर्चना कराई। अड्डी बांग्ला में आंवला वृक्ष की पूजन में पिंकी देवी, चिंता देवी, रीना वर्मा, रिंकू शर्मा, सुमन देवी, नमिता राय, सीमा देवी व गायत्री मंदिर परिसर पर आंवला वृक्ष की पूजन में सुनीता भगत, वीणा देवी, संजू देवी, प्रियंका गुप्ता व किरण देवी सहित दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया एवं वृक्ष के नीचे भोग लगाया।

बड़ासी में लगा शिविर, भारी संख्या में पहुंचे लोग

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सदर प्रखण्ड के पंचायत बड़ासी के में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गुंजन कुमारी सिन्हा, अंचल अधिकारी राजेश कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष राजीव कुमार मेहता, बड़ासी पंचायत के मुखिया ममता मेहता के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। मंचासीन पदाधिकारियों एवं जन-प्रतिनिधियों के द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर इसका लाभ लेते देखे गए। शिविर में आपूर्ति, कल्याण, पशुपालन, पेंशन, मनरेगा, कृषि, राजस्व, स्वास्थ्य, जे०एस०एल०पी०एस०, पेयजल, विद्युत विभाग आदि के स्टॉल लगाए गये थे। इस शिविर में मनरेगा योजना के तहत कुल 14 योजना, जिसम खेल मैदान 01, कूप 05, डोभा 08, जिसकी प्रा०रा० 66,13,505 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अनिता देवी पति कृष्णा कुमार दास एवं दीपक रजक पिता स्व० भजन रजक को आवास पूर्ण कर लेने के उपरांत गृह प्रवेश कराया गया। 15वें वित्त के तहत कुल चार योजनाओं में 8,29,800 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। कल्याण विभाग के तहत अनिल राम पिता स्व० रामेश्वर राम एवं शशि कुमार पिता गोपाली मेहता को विल चेयर दिया गया। उक्त अवसर पर काजल मेहता, उप मुखिया, किरण देवी, पं०स०स०, नीतू कुमारी, वीणा देवी, अनिता देवी, रिंकी देवी, बंसत कुमार मेहता, सुनिल राम, रवि कुमार मेहता, विजय रविदास, किशोर रविदास, अजय रविदास, प्रभु प्रसाद मेहता, उषा महतो, भुवनेश्वर महतो, बबलू मेहता, सोनू कुमार, राजेंद्र मेहता, श्याम मेहता, ज्ञानी प्रसाद मेहता, नंदलाल मेहता, मुन्ना मेहता, बालेश्वर मेहता, रामचंद्र मेहता, धोतल मेहता, सोहन मेहता,देवराज मेहता उपस्थित थे।

टाटीझरिया के होलंग स्थित पैक्स बैंक में करीब 100 लोगों के 50 लाख फंसे, ट्रैक्टर और धान का पैसा भी बकाया

▸▸पैसे नहीं मिलने से किसी की बेटी की नहीं हुई शादी तो किसी की पढाई छूटी

ज्योतिष पंडा

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्राथमिक कृषि सहयोग साख समिति की ओर से संचालित होलंग स्थित पैक्स बैंक में करीब 100 लोगों के 50 लाख से भी अधिक की राशि फंसी हुई है। बैंक जमाकताओं की राशि वापस नहीं कर रहा है और ना ही बैंक खोला जा रहा है। राशि वापसी के लिए खाताधारक परेशान हैं। टाटीझरिया पंचायत के नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह के बनने के पश्चात उनमें उम्मीद जग गई है। इसको लेकर उन्होंने अपने खाता का ब्योरा उन्हें सौंपा है। इसमें चंचला देवी के 1 लाख 58 हजार, संतोष वर्णवाल का 1 लाख 40 हजार, प्रियंका कुमारी व डेगनी का 1 लाख 20 हजार का फिक्स डिपोजिट, जितनी देवी का 70 हजार, अशोक वर्णवाल का 80 हजार, जितेंद्र कुमार का 2 लाख, शिवनारायण प्रसाद का 1 लाख 66 हजार, किरण देवी 52 हजार, मो. हबीब 71 हजार, शकुंतला देवी-सुखदेव पांडेय का लगभग 3 लाख 50 हजार, राजू महतो का 1 लाख 11 हजार, लाली देवी का 42 हजार, छक्कन गोप/बद्री गोप/प्रयाग यादव का 1 लाख 10 हजार, बीरबल कुमार का 32 हजार, हर्ष कुमार का 50 हजार, अनिता देवी गोविंदपुर-विष्णुगढ निवासी का 1 लाख 10 हजार, शिवशंकर यादव का 58 हजार, सरिता देवी का करीब 2 लाख, इसके अलावा हीरामन महतो, एतवरिया देवी, लखीनारायण महतो, मंगरी देवी, संतोष कुमार, सुमित्रा कुमारी, बिरेन्द्र महतो, शंभू प्रसाद वर्णवाल, सीता देवी, पम्मी देवी, उमेश प्रसाद, भुनेश्वर प्रजापति, नेहल महतो, मंजू कुमारी, चमनी देवी, डेगलाल महतो, बिमला देवी समेत कई लोगों का पैसा बैंक में फंसा हुआ है। इनमें से कई ऐसे निर्धन परिवार हैं जो बेटी की शादी, बेटे की पढाई, बीमारी का ईलाज और मकान बनाने जैसे जरूरी चीजों के लिए बैंक में पैसा जमा किया था। लेकिन अबतक उन्हें पैसा नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान पैक्स अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने मामले को डीसी से अवगत कराते हुए इसका विकल्प निकालने की बात रखा है। उन्होंने बताया कि खाताधारकों के अलावा 8 लाख 64 हजार रुपया धान खरीदी और 10 लाख रुपये ट्रैक्टर का पैसा बकाया है। उन्होंने पैक्स को सुचारू रूप से संचालित करने में आ रही व्यवधान का निष्कर्ष निकालने की मांग किया है।

10 नवंबर को भाजपा करेगी ब्लॉक का घेराव

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव प्रखंड के दोनों मंडल की संयुक्त बैठक राम-जानकी मंदिर बड़कागांव के प्रांगण में पुर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता में की गई। संचालन इंद्र भूषण एवं नरसिंह प्रसाद ने किया। बैठक में प्रभारी के रूप में जिला से दामोदर सिंह उपस्थित हुए। बैठक प्रदेश भाजपा के निदेर्शानुसार 7 नवंबर से 13 नवंबर तक प्रखंड परिसर में प्रदर्शन को लेकर बैठक की गई। जिसमें 10 नवंबर को बड़कागांव ब्लॉक परिसर में प्रदेश के निवर्तमान सरकार के खिलाफ लुट खसोट एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ एवं स्थानीय मुद्दों जैसे कोल कंपनियों, विस्थापन एवं अन्य मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत 10 नवंबर को सुबह 11 बजे सुर्य मंदिर से बैनर, पोस्टर, तख्तियां लेकर भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जुलूस के शक्ल में नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय में सभा करते हुए प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सह प्रभारी दामोदर सिंह, पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, पुर्व प्रमुख टुकेशवर प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रामपति राम, श्रीकांत निराला, बेचन साव, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, डॉ बालेश्वर महतो, महामंत्री दिनेश करमाली, इन्द्र भुषण, नरसिंह प्रसाद, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, अवध किशोर यादव, अशोक साव, किशोर राणा, बिनोद महतो, जागेश्वर तुरी, जयनारायण महतो, अकल मुंडा, सचिदानंद पाण्डेय, शिवशंकर उर्फ शिबू, अनिता देवी, सेवंती कुमारी, ललीता देवी, प्रभा देवी, उमा कुमारी, ज्ञानेश्वर शर्मा, विजय यादव, दशरथ चौधरी, महादेव हांसदा, लालदेव महतो, अवधेश मिश्रा, मोहन साव, चंद्रदेव ठाकुर, फुलचंद बेदिया, रामलाल बेदिया, सुरेंद्र हांसदा, युगेशवर महतो, कार्तीक मांझी, नौसार आलम, तिलानाथ यादव, सुरेश महतो, महावीर राम, अशोक पासवान समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे सरकारी शिक्षक

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश इकाई के आह्वान पर प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में पदस्थापित सभी शिक्षकों की एक बैठक हुई जिनमें 4 और 5 नवंबर को काला बिल्ला लगाकर सभी शिक्षक कार्य करेंगे। शिक्षकों के 4 सूत्री मांग को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है जिसके अंतर्गत एमएसीपी लाभ, छठे वेतन पुनरीक्षण की विसंगति को दूर करना, अंतर जिला स्थानांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाना एवं गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त करने की मांग की जा रही है। दूसरे चरण में 7 नवंबर से लेकर 12 नवंबर के बीच अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विधायक एवं सांसद को मांग से संबंधित पत्र सौप कर मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे। तृतीय चरण में 19 नवंबर को राज्य के शिक्षकों के द्वारा मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष चेतलाल राम, अवधेश कुमार, देवकांत शर्मा, बबीता कुमारी, मोहम्मद असलम अंसारी, रामसेवक रविदास, संजय कुमार, तेजू साव, इजहार अली अंसारी, राम किशोर राम, रविंद्र कुमार, नागेंद्र कुमार, मोहम्मद एसरार आलम, श्यामदेव दास, शिवराम शर्मा, अशोक कुमार, जयप्रकाश दास, संतोष कुमार, सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

आदिवासी समाज ने की बैठक

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ के पड़वा पोखर में आदिवासी संथाल समिति की बैठक अध्यक्ष बहराम हंसदा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। संचालन देवीराम हेंब्रम ने किया। आदिवासी समाज के बिभिन्न संगठन के लोगो ने भाग लिया। सर्व समिति से निर्णय लिया गया की हर गाँव मे जाकर जागरूक किया जायगा और एक जुट होकर कुर्मी को एसटी मे शामिल करने की मांग को समर्थन करने वाले तमाम बिधायक सांसद का पुतला दहन किया जायगा। कई बिंदुओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में उपस्थित ऑल आदिवासी क्रैंबल स्टूडेंट्स यूनियन के केंद्रीय सचिव देवीराम टुडू ने कहा की जब हमलोग लोग आदिवासी समाज में जन्म लिया हैं तो आदिवासी को जागरूक एवं सहयोग हम सभी समाज सेवी संगठन का कर्तव्य ही नहीं बल्कि दायित्व भी बनता है। इसलिए हम सब मिलकर अपना हक अधिकार के लिए आवाज उठाना होगा।तभी संगठन बनाने का उद्देश्य कुछ प्रतिशत पूरा होगा। पसस सह कमिटी का अध्यक्ष बहराम हांसदा ने कहा कुर्मी समाज आदिवासी का दर्जा का मांग करना जायज नहीं है’ वर्तमान समय मे कुर्मी के साथ तेली कुम्हार प्रजापति और अन्य जाती एसटी का दर्जा मांग रहे है और एसटी मे ये सभी जाती को शामिल किया गया तो असली आदिवासी कहाँ जायेंगे। समाज सेवी दिबीराम हेंब्रम ने कहा की कुर्मी/कुड़मी जाति को कोई भी एंगल से आदिवासियों का दर्जा लेने नही देंगे। आदिवासी युवा संथाल समिति के सचिव बहाराम मरांडी ने कहा की विष्णुगढ़ प्रखंड में सेंगेल अभियान के बैनर तले में पांच राज्य में कर रहे कुर्मी/कुडमी में शामिल होने के विरोध में धरना प्रदर्शन हेतु विष्णुगढ़ में भी विरोध प्रदर्शन करेंगे। पंचायत समिति खरकी के बिनोद सोरेन कुर्मी/कुड़मी आदिवासी विरोध में कहा की कुर्मी/ कुड़मी जाति पूर्व में न ही आदिवासी थे और न ही आदिवासी हो सकता है। मौके पर धनीराम हेंब्रम, देविराम हेंब्रम, बहराम मरांडी, महादेव मुर्मू, देवीराम टुडू, फूलचंद सोरेन, शनिचर सोरेन, राजेश टुडू, लालचंद सोरेन, राजेश टुडू, अनिल टुडू, छोटेलाल बेसरा, शिवनाथ हेंब्रम, लालचंद सोरेन, दिनेश बस्के, अर्जुन मरांडी, जीबलाल बेसरा, रमन हंसदा,बाबूचंद टुडू,आदि उपस्थित थे।

7 नवंबर को प्रखंड मुख्यालय का घेराव करेगी भाजपा

दारु (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार दारू मंडल भाजपा कार्यकताओं ने बुधवार को शिवशक्ति धाम तिलैया में बैठक आहूत किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष व संचालन महामंत्री इंद्रदेव कुशवाहा ने किया। बैठक में मुख्यरूप से झराखण्ड सरकार के अनैतिक , भ्रष्टाचार व खोखले वादे के खिलाफ सात नवम्बर को हल्ला बोल रैली के साथ प्रखंड मुख्यालय का घेराव करने पर विचार विमर्श किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकताओं ने प्रखंड के नौ पंचायत के लिए प्रभारी नियुक्त किया है। इनमे पुनाई व कबिलासी पंचायत के लिए बसंत राणा, रामनारायण कुशवाहा, इनद्रदेव कुशवाहा व रौशन सिन्हा, मेढकुरी पंचायत के लिए संजय कुशवाहा, राजेन्द्र राम ,उपेन्द्र यादव,भोली तुरी ,उपेंद्र यादव व दिलीप कुमार, दिगवार पंचायत के लिए रामजी कुशवाहा, अरुण सिंह,संदीप कुमार, सुरेश साव व दशरथ प्रसाद हरली पंचायत के लिए धनपत प्रसाद, रामशंकर प्रसाद, मो फारूक व देवदत्त प्रसाद, दारू व इरगा पंचायत के लिए शत्रुंजय प्रसाद, राजन सिन्हा, नारायण प्रसाद, बलदेव राम, रामदेव खरिका पंचायत के लिए लक्ष्मी देवी व सोनी कुशवाहा को जिम्मेवारी दी गई है। मंडल अध्यक्ष ने सभी प्रभारियों से आग्रह किया है कि प्रभारी अपने अपने पंचायत के सभी बूथ शक्ति केंद्र प्रभारी व बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर अधिक से अधिक संख्या में आना सुनिश्चित कराएंगे। बैठक में उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा, शत्रुंजय प्रसाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी देवी,संजय कुशवाहा,संदीप कुमार,अरुण सिंह, उपेंद्र यादव,रौशन सिन्हा बलदेव राम, धनपत प्रसाद, दशरथ प्रसाद, रमाशंकर प्रसाद, सुरेश साव, राजेन्द्र राम, रोहित राम,दिलीप कुमार, नारायण राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

मुखिया ने 100 गरीबों के बीच बांटा कंबल

इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मंगुरा पंचायत की मुखिया मीना देवी ने बुधवार को पंचायत परिसर में एक सौ गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। मुखिया ने कहा कि सरकार की ओर से पंचायत को 130 कमल प्राप्त हुआ था शेष कंबल अत्यंत गरीबों को चिन्हित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल बांटी गई। नौ नवंबर को आयोजित होने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने एवं पदाधिकारियों के समक्ष अपने समस्याओं को रखने की अपील की। कंबल वितरण करने वालों में उप मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण किशोर मेहता, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि छोटन प्रसाद मेहता, वार्ड सदस्य मोहन शर्मा, अमृत राम राजू प्रसाद मेहता, चंपा देवी, विकास कुमार ,गोविंद मेहता, लक्ष्मण मेहता, किरण देवी शामिल हैं। मौके पर कंबल पाने वाले कई गरीब वृद्ध एवम पंचायत के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

कुंदन सर्विस सेंटर का पटेलनगर भुरकुंडा में हुआ उद्घाटन

भुरकुंडा। भुरकुंडा पटेलनगर मेन रोड स्थित बुधवार को कुन्दन सर्विस सेंटर का उद्घाटन हुआ। नये प्रतिष्ठान का उद्घाटन मुख्य अतिथि जवाहर नगर पंचायत के पूर्व मुखिया सह समाजसेवी प्रदीप मांझी, प्रोपराइटर कुन्दक नायक के पिता सहदेव नायक व माता शीला देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। मौके पर मुख्य अतिथि प्रदीप मांझी ने कहा कि कुन्दन दोपहिया वाहन का पुराना और उच्च कोटि का मैकेनिक है। कुंदन सभी तरह के बाईक मरम्मती के लिए एक्सपर्ट है। उन्होंने कहा कि पटेलनगर में सर्विस सेंटर खुलने से क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा। मौके पर सुंदर नायक, विनोद नायक, पवन, गोविन्द नायक, मिंटू विश्वकर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

जुबिली कॉलेज की टीम अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुई रवाना

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह में 3 एवं 4 नवम्बर को आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में जुबिली कॉलेज की महिला व पुरुष टीम भी अपना जोहर दिखायेगी। बुधवार को महिला-पुरुष दोनो टीमों को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। साथ ही उम्मीद जताई है कि टीम वहां बेहतर प्रदर्शन करेगी। प्रतियोगिता के लिए टीम मैनेजर डॉ. अरुण कुमार सिंह व कोच ज्योति कुमारी व नवीन कुमार नेतृत्व में टीम रवाना हुई। महिला वर्ग में मेघा, खुशबू, रुबी, पूजा, शबनम, चांद, चिन्ता, सीमा, ज्योति, सुनीता, सरिता, बबीता, नेहा, मनीषा, कोमल व पुरुष टीम में पवन मुंडा, रोबन करमाली, शिबू भुंइया, निकोलस टोडरे, बबलू मुंडा, दीपक उरांव, राजन करमाली, बादल उरांव, संदीप उरांव, संजीत मुंडा, मोहित धान, प्रेम, सागर गंझू, अमित गंझू, राहुल बेदिया आदि खिलाड़ी शामिल है। मौके पर एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, डॉ. बी रविदास, डॉ. महेंद्र पांडेय, डॉ. एकेएस झा, डॉ. एसएस पांडेय, डॉ. एसपी दांगी, डॉ. बालमुकुंद सिंह, डॉ. मिथिलेश कुमार, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. पी पांडेय, प्रो. मनोज कुमार दास, प्रो. टीके झा, प्रो. राजेश कुमार, सुशील, सनी आदि ने भी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

अक्षय नवमी पर महिलाओं ने की आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में बुधवार को अक्षय नवमी के अवसर पर महिलाओं ने आंवले वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। साथ ही अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इधर पटेलनगर कॉलोनी सीसीएल पार्क में स्थित आंवला वृक्ष की पुरोहित बृजनंदन वैध द्वारा पूजन कराई गई। पूजा में दर्जनों महिलाएं शामिल हुईं। मौके पर पुरोहित बृजनंदन वैध ने बताया की अक्षय नवमी के दिन आंवले वृक्ष के नीचे भगवान श्री विष्णु की पूजा की जाती है। पूजा के बाद कुष्मांडा दान करने की परंपरा है। उन्होंने बताया कि अक्षय नवमी के दिन पूजन और दान करने से अक्षय रूप में पुण्य की प्राप्ति होती है। पृथ्वी पर सबसे पहले अक्षय नवमी का पूजन ऋषि शर्मा के द्वारा किया गया था। पूजन के पश्चात महिलाओं द्वारा आंवले वृक्ष की कच्चे धागे से परिक्रमा की गई साथ ही आरती उतारी गई। तत्पष्चात ब्रह्मण को कुष्मांडा दान दक्षिणा दिया गया। शास्त्रों के मान्यताओं अनुसार अक्षय नवमी के दिन आंवले वृक्ष के नीचे सभी लोगों को मिट्ठा भोजन करना चाहिए। इससे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और पाप कट जाता है। पूजा के बाद महिलाओं ने ब्राह्मण को भोजन कराया गया। इसके बाद दर्जनों श्रद्धालुओं ने भी वृक्ष के छांव में बैठकर मिट्ठा भोजन किया।

चैनगडा में सरकार-आपके द्वार के तहत लगा विशेष शिविर

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर बुधवार को चैनगडा में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत विशेष शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन उपाध्यक्ष मनोज माहतो, सीसीएम विकास आनन्द, सीओ कंचना कुमारी, सीआरपी अनिता देवी व सुषमा कुमारी आदि अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित ग्रामीणों द्वारा दर्जनो आवेदन सौंपा गया। वहीं कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। शिविर में स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही दर्जनों लाभुको के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर अंजू देवी, तुलेश्वर उराव, गुलाम मुर्तजा, इमामुल अंसारी, द्वारिका माहतो, जगमोहन बेदिया, ललिता देवी, बीटू महतो सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

हथियार के साथ तीन गिरफ्तार, तीन फरार

टंडवा (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में बुधवार को प्रेस वार्ता बुलाई गयी। इस मौके पर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने बताया कि बीते मंगलवार को टंडवा में बड़ी घटना को टंडवा पुलिस ने विफल कर दिया।बड़ी घटना का अंजाम देने को लेकर कुछ अपराधी फिराक में है,टंडवा पुलिस को इसकी गुप्त सुचना मिली। टंडवा एएसआई अभिनव आंनद के नेतृत्व में टीम गठित कर त्वरित सुचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही जुट गयी। छापेमारी के क्रम में तीन अभियुक्त क्रमशः चट्टी गारिलौंग निवासी बंधू प्रजापति के पुत्र 21 उम्र भागीरथ कुमार प्रजापति, ग्वालटोली टंडवा निवासी जोगेश्वर यादव के पुत्र 19 उम्र सूरज यादव उर्फ बजरंगी यादव उर्फ हुजूर डॉन, तपेज थाना सदर जिला चतरा निवासी हीरालाल महतो के पुत्र उम्र 19 बॉबी कुमार महतो को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से दो मोबाइल फोन एवं एक लोडेड देशी हथियार को जप्त किया गया। पूछताछ के क्रम में बात प्रकाश में आई है कि यह सभी किसी बड़ी घटना को अंजाम देना चाहते थे जिसका अपराधियों ने स्वीकार किया। बरामद सामान एक देसी हथियार जिसकी वायरल की लंबाई 9 उंगली बॉडी की लंबाई 6 उंगली बट की लंबाई 6 उंगली बोर की लंबाई 1 दशक पांच उंगली एक 12 बोर का जिंदा गोली जिसके पेंदे पर 12 आर एफ 12 स्पेशल लिखी हुई है। एक मोबाइल में एक आईफोन 8 है, दूसरा मोबाइल ओप्पो ए11 है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से टंडवा में बड़ी घटना घटने से विफल कर दिया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह,एएसआई अभिनव आनंद एएसआई अमर कुमार महतो,एएसआई भोला नाथ दास,आ.772 रोशन कुमार पासवान,आ.1044 योगेंद्र कुमार पासवान,आ 100 विद्याधर नारायणगिरी के दल बल शामिल थे।

पी सी आर ए ने विद्यार्थियों को बताया पेट्रोलियम संरक्षण के उपाय

गोला (आजाद सिपाही)। किसान हाई स्कूल डभातु में बुधवार को पेट्रोलियम और संरक्षण प्राकृतिक के उपाय बताएं गए। इस दौरान गैस मंत्रालय के अंतर्गत विद्यार्थियों को घरेलू गैस, पेट्रोलियम की बचत,ग्लोबल वार्मिंग से हानियाँ एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जानकारियां दी गई इसके अलावे विद्यार्थियों के बीच प्रश्नोत्तरी भी हुआ। कार्यक्रम में पी सी ए आर के अरुण कुमार तिवारी एवं सतीश कुमार ने बच्चों के बीच महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रश्नोत्तरी में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय क्रमशः नेहा कुमारी, श्वेता कुमारी एवं प्रियलेखा कुमारी को प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर शिक्षक टेकलाल महतो, कैलाश महतो, नीहार रंजन, शांति कुमारी, चन्द्रदेव महतो, रूपचन्द महतो,सन्दीप कुमार, रबिन्द्र कुमार महतो, परमेश्वर करमाली आदि उपस्थित थे।

प्रकाशोत्सव पर सातवें दिन प्रभात फेरी में सिख समाज के लोग बड़ी संख्या में हुए शामिल

जिसके सिर ऊपर तू सुआमी सो दुख कैसा पावें..

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव जैसे-जैसे निकट आ रही है, साथ संगत का उत्साह व जोश अपने चरम पर पहुंचती जा रही है। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर निकाले जा रहे प्रभात फेरी के सातवें दिन बुधवार को शहर के मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब से प्रभातफेरी आरंभ होकर किला मंदिर, फुटबॉल ग्राउंड होते हुए बिजुलिया पहुंची। यहां गुरपुरवासी स्व आज्ञाकार सिंह लांबा के पुत्र सरदार कुलविंदर सिंह लांबा सहित परिवार के लोगों ने साध संगत का स्वागत किया। वही, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की और से सरदार रविन्द्र सिंह छाबड़ा ने सरदार कुलविंदर सिंह लांबा को सरोपा देकर सम्मानित किया।

प्रभात फेरी में ये थे शामिल

प्रभातफेरी गुरुद्वारा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, तेजिंदर सिंह सोनी, देवेंद्र सिंह अरोड़ा, इंद्रजीत सिंह कोहली, यश छाबड़ा, जितेंद्र सिंह पवार, गुरप्रीत सलूजा, सुरेंद्र सिंह बेदी, इकबाल सिंह, रघुवीर सिंह होरा, हरजीत सिंह छाबड़ा, रंजीत सिंह छाबड़ा, देवेंद्र सिंह सोनी, रमन कोहली, राजू जस्सल, इंद्रपाल जस्सल, हरिंदर छाबड़ा, स्नेहा गांधी, रघुवीर सिंह छाबड़ा, प्रीतम सिंह कालरा, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी, सुरजीत सिंह छाबड़ा, गुरु नानक स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा, वाइस चेयरमैन परमिंदर जस्सल, डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, बंटी चमन, सतपाल होरा, हरजाप सिंह गांधी, मनी सिंह, गुरजीत सिंह सलूजा, अजैब सिंह छाबड़ा, सीमा कोहली, रंजू अरोड़ा, इंद्रजीत कौर कोचर, रिक्की लांबा, विक्की लांबा, लवली गांधी, डॉ मनवीर कौर, बलविंदर कौर छाबड़ा सहित समाज के कई महिला, पुरुष व नौजवान शामिल थे।

प्रभातफेरी के सातवें दिन बड़ी संख्या में सिख समाज के महिला, पुरुष व बच्चे शामिल हुए

प्रभात फेरी में साध-संगत सबद गाते चल रहे हैं। जिसमे, जिसके सिर ऊपर तू सुआमी सो दुख कैसा पावें. हर जियो निमानिया तू मान, ऐसा नाम निरंजन होय जे को मन जाने मन कोई, अमृत वेले बोले बबीहा ता दर सुनी पुकार रस रस गुण गावां ठाकुर के मोरे हृदय बसहो गोपाल। आदि गुरुवाणी गायन करते हुए चल रहे थे। जबकि, सरदार त्रिलोचन सिंह जस्सल अपने हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे।

कोल वाहन की चपेट में आने से एक की मौत, एक घायल

आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने सुभाष चौक को किया घंटों जाम

सिमरिया (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रोल ग्राम के समीप मुख्य मार्ग पर बीते रात्रि साढ़े सात बजे मोटर साइकिल से आ रहे पुंडरा गाँव निवासी संतोष भुइंया, भोला भुइंया को अज्ञात कोल वाहन का चकमे देने से मोटरसाइकिल चालक ने पूर्व से खड़ी ट्रक में टक्कर मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल चालक संतोष भुइंया, पिता कन्हाई भुइयां की घटना स्थल पर हीं मौत हो गयी। वहीं भोला भुइंया बुरी तरह घायल हो गया। घायल भोला को रेफरल अस्पताल लाया गया जहां एम्बुलेंश तथा ऑक्सीजन का दंश परिजनों को घण्टो झेलना पड़ा।

कुव्यवस्था से घायल परिजनों को गुजरना पड़ा। किसी तरह रांची रिम्स रेफर किया गया। इधर खबर मिलते हीं घटना स्थल पर सिमरिया पुलिस पहुंच कर मृतक संतोष का शव अपने कब्जे में कर चतरा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम से शव जैसे हीं शव सिमरिया पहुंची की मृतक परिजन व गाँव वासियों ने आक्रोशित होकर आजसू विधान सभा प्रभारी मनोज चन्द्रा तथा आजसू परिवार के नेतृत्व में चौक को जाम कर दिया गया। जहां मृतक परिजनों को मुआवजे तथा उक्त कोल वाहन के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग करने लगे। सड़क जाम से सभी चारो मार्ग पर वाहनों की कतार लग गयी। यातायात वाधित हो गयी। यातायात वाधित तथा सड़क जाम को लेकर सिमरिया पुलिस सुभाष चौक पहुंची और सभी को जाम हटाने का आग्रह करने लगे। किन्तु आक्रोशित लोगों ने एक नहीं सुनी। इस तरह लगभग दो घण्टे सड़क जाम रही। जिसका कोपभाजन सवारियों को झेलना पड़ा। किसी तरह सीओ छुटेश्वर दास के समझाने बुझाने पर तथा सड़क दुर्घटना मुआवजा देने एवं उक्त कोल वाहन पर एफआईआर करने के आश्वासन पर जाम को हटाया गया। इधर इस तरह घटना से पूरा गाँव मर्माहत है। वहीं परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है।

11 नवंबर को भाजपा दुलमी मंडल में करेगी विरोध प्रदर्शन

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। भाजपा दुलमी मंडल की बैठक दुलमी बाजार टांड़ में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बीजेपी के दुलमी प्रखंड के अध्यक्ष राजेंद्र महतो एवं संचालन मंडल महामंत्री नरेश साव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बीजेपी रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल एवं मंडल प्रभारी आनंद बेदिया ने किया। बैठक में भाजपा झारखंड प्रदेश के आदेशानुसार झारखंड सरकार के निक्कमेपन, सरकार के पक्षपात नीति, राज्य में चौपट कानून व्यवस्था के साथ झारखंड में बढ़ते अत्याचार जैसी घटनाओं एवं अफसर साही के विरोध में पूरे झारखंड प्रदेश के दिशा निर्देश अनुसार प्रखंड स्तरीय विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया है उसी के निमित बीजेपी दुलमी मंडल की बैठक आयोजित हुई जिसमें आगामी कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया। वही बैठक को संबोधित करते हुए बीजेपी नेता राजीव जायसवाल ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है हर ओर अफसरशाही मची हुई है। सरकारी कार्यालयों में बीना घूस के कोई भी काम नही होता है। जब इस गठबंधन सरकार ने कार्यभार संभाला है तब से महिलाओं के साथ ब्लातकार की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई। इस सरकार को आयना दिखाने के लिए हमारा यह प्रदर्शन होगा। वही इस मौके पर दुलमी मंडल महामंत्री अरबिन्द जयसवाल, बबली सिंह, मछेन्दर महतो, प्रदीप करमाली, शनजित कुमार, नवल मिश्रा, बलराम महतो, बिक्की कुमार, एहसान अली, मोजुद थे!

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

चतरा (आजाद सिपाही)। सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे राज्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। जिसे लेकर द्वितीय चरण के दूसरे दिन चतरा जिले के 12 प्रखंड में 06 प्रखंडों के पंचायतों में रोस्टर अनुसार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन। आज जिले के प्रतापपुर प्रखण्ड के चन्द्रगोविन्दपुर पंचायत, कुन्दा प्रखण्ड के नवादा पंचायत, लावालौंग प्रखण्ड के कटिया पंचायत, हंटरगंज प्रखण्ड के खुटी केवाल खुर्द पंचायत, चतरा प्रखण्ड के देवरिया पंचायत एवं टण्डवा प्रखण्ड के डहु पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार द्वारा संचालित योजनओं से लाभुकों को लाभान्वित किया गया। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सरकार द्वारा अनेक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है आने वाले दिनों में 14 नवम्बर तक जिले के विभिन्न प्रखण्ड अन्तर्गत

पंचायतों में शिविर लगेंगे। बतादे की आज जिले के प्रतापपुर प्रखंड के घोड़दौड़ पंचायत, लावालौंग प्रखण्ड के हेडुम पंचायत, हंटरगंज प्रखण्ड के डुमरी कला पंचायत, हंटरगंज प्रखण्ड के चकला पंचायत, कान्हाचट्टी प्रखण्ड के कैण्डीनगर पंचायत, चतरा प्रखण्ड के गंधरिया पंचायत, इटखोरी प्रखण्ड के धनखेरी पंचायत, मयुरहंड प्रखण्ड के मयुरहंड पंचायत, गिद्धौर प्रखण्ड के द्वारी पंचायत, पत्थलगडा प्रखण्ड के मेराल पंचायत, सिमरिया प्रखण्ड के पुण्डरा पंचायत एवं टण्डवा प्रखण्ड के कोयद पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने का कार्य किया जायेगा।

मांडू पुलिस की शिकायत लेकर एसपी के पास पहुंचे झासा और आइएमए के प्रतिनिधि

मांडू की घटना महज कंफ्यूजन, नहीं होगी घटना की पूनरावृत्तिः पीयूष पांडेय

रामगढ़। मांडू पुलिस की शिकायत लेकर बुधवार को आईएमए एवं झासा के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के पास पहुंचे। अपनी पीड़ा व्यक्त किया। जिसके बाद एक ज्ञापन सौंपा ' कहा कि चिकित्सक के साथ अपराधी जैसा व्यवहार करना कहीं से भी उचित नहीं है।

परिचय देने के बाद भी कुशल व्यवहार नहीं कर रहे थे अधिकारी

प्रतिनिधिमंडल में शामिल पदाधिकारियों ने बताया कि डॉ सैयद हिदायतुल्लाह द्वारा अपना परिचय देने के बाद भी अपराधी जैसा व्यवहार किया गया। कहा है कि संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

घटना कन्फ्यूजन के कारण हुई

पुलिस अधीक्षक ने उक्त घटना से संबंधित जानकारी देते हुए चिकित्सकों को बताया कि सूचना थी कि हथियार से लैस कुछ अपराधी मांडू के रास्ते हजारीबाग की तरफ निकले है। मांडू पुलिस ने मुठभेड़ की आशंका को देखते हुए कन्फ्यूजन में एक सम्मानित चिकित्सक के साथ जो व्यवहार किया है, उसके लिए पुलिस इंस्पेक्टर मांडू ने डॉङ्क सैयद से माफी मांग ली है। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि डॉ सैयद हिदायतुल्लाह को मेरा एक मैसेज शेयर करें, कि सारे घटनाक्रम का एकमात्र कारण कंफ्यूजन था । इसके लिए मैं और मेरा पुलिस विभाग खेद व्यक्त करता है ।

अवैध स्टीम कोयला लोड करते ट्रक धराया

कुजू (आजाद सिपाही)। गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात ओपी क्षेत्र के मुरपा बिरहोर टोला के समीप कुजू पुलिस द्वारा की गई छापामारी के दौरान अवैध स्टीम कोयला लोड कर रहा एक ट्रक को जब्त किया गया। मौके से अवैध कारोबार से जुड़ा एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया। जिसे बुधवार को पुलिस द्वारा जेल भेजा गया। जब्त ट्रक पर करीब 8 टन स्टीम कोयला लोड है, वही, बाउंड्री के अंदर करीब 5 टन कोयला ढेर के रूप में रखा पाया गया है। जब्त कोयले को पुलिस द्वारा सीसीएल सुरक्षा विभाग को सुपुर्द किया गया। इधर, कुजू पुलिस द्वारा मामले को लेकर ओपी में प्राथमिकी दर्ज करते हुए तीन नामजद सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नामजद आरोपियों में संजय कुमार पिता स्व शंभूनाथ सिंह (भोजपुर बिहार), मनोज कुमार पिता जगन्नाथ राय औरंगाबाद(बिहार) एवं कुलदीप महतो पिता रामकिशुन महतो मुरपा (कुजू) सहित ट्रक संख्या बीआर 02जीए-9210 के चालक एवं मालिक शामिल है। मौके से गिरफ्तार कारोबारी संजय कुमार को जेल भेज दिया गया है।

आरा कांटा में लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की मनी जयंती

कुजू (आजाद सिपाही)। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाईपटेल की 147वीं जयंती कार्यक्रम आरा कांटा पटेल चौक में मनाया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल कुजू जीएम सीएस तिवारी ने दीप प्रज्वलित व सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर की। मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक ममता देवी, बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, आजसू विधान सभा प्रभारी तिवारी महतो, शिवलाल महतो मौजूद रहे। इस अवसर पर संतोष कुमार महतो, जगदीश महतो, मोहन महतो, राजू महतो, दाहो महतो, चितरंजन महतो, रोहन महतो, पारस महतो, प्रकाश महतो, बिनोद महतो, गिरधारी महतो मौजूद रहे।

बिरसा जयंती मनाने को लेकर पैंकी में बैठक, कमिटी गठित

कुजू (आजाद सिपाही)। आगामी 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाने को लेकर पैंकी में ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक बाईपास सड़क स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल के समीप आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चितू महतो ने की। समारोह को सफल संचालन को लेकर कमिटी के गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक चितू महतो, संरक्षक बरतू मुंडा, संयोजक राजू भुइयां, अध्यक्ष विनोद करमाली, सचिव संदीप मुंडा, कोषाध्यक्ष विनोद महतो, उपाध्यक्ष अमरदीप मुंडा, सह सचिव अरुण भुइयां, उप कोषाध्यक्ष सुनील कुमार का चयन किया गया। बैठक में शंभू राम, मनोज राम, अजय राम, नरेश मुंडा, रोहित भुइया, राजेंद्र भुइयां, कृष्णा मुंडा, योगेश मुंडा, मुकेश रविदास, अनुज भुइयां, लालधारी मुंडा, सूरज कुमार, प्रदीप रजवार, मनोज मुंडा, सुरेश मुंडा सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में डाड़ीडीह स्कूल की बच्ची ने लिया हिस्सा

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के सुदूर गांव डाड़ीडीह में संचालित उत्क्रमित हाई स्कुल की कक्षा 10 की छात्रा रुबी कुमारी ने राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2022 में शामिल होने से उस स्कुल व गांव की प्रतिष्ठा एकाएक बढ़ गया हैं। बताया जाता है कि डाड़ीडीह उत्क्रमित हाई स्कुल की छात्रा रुबी ने जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रथम स्थान प्राप्त की थी। इस कारण उसे राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2022 के लिए जिला स्कुल रांची में आमंत्रित किया गया। इसके लिए स्कुल के विज्ञान शिक्षक रक्षित कुमार दास व विजय कुमार महतो ने तैयारी करवाई। वहां से लौटने के बाद बुधवार को स्कुल के शिक्षकों ने उसे विद्यालय में सम्मानित किया। मौके पर प्रधान शिक्षक अरुण कुमार मिश्रा, शेखर कुमार,संतोष कुमार, बिकास प्रसाद, अपर्णा कुमारी आदि ने बच्ची को सम्मानित किया।

जयनगर स्कूल में 449 बच्चों को दिया गया पठन पाठन किट

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के जयनगर में संचालित मध्य विद्यालय में बुधवार को स्कुली बच्चों के बीच पठन पाठन कीट का वितरण किया गया। कीट का वितरण पंचायत की मुखिया हीरा देवी व पंसस अरबिन्द गिरी के हाथों करवाया गया। इस मौके पर उन्होने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। बताया जाता है कि कक्षा 1 कक्षा से 8 तक के बच्चों के के बीच कुल 449 कीट का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रधान शिक्षिका सुशीला कुमारी, देवधारी प्रजापति, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक पाठक, विजेन्द्र मुंडा, राजकुमारी देवी, अजीत कुमार पाठक, भुवनेश्वर महतो, प्रियंका कुमारी, पप्पु मंडल, संतोष महतो, अतु टुटी, रीता कुमारी, सबिता कुमारी, रीना कुमारी, प्रिति कुमारी, मुन्नी कुमारी, सुषमा कुमारी सहित अन्य लोग शामिल थे।

गोपाष्टमी पूजा के दूसरे दिन कराया गया गो भोजन

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के जयनगर गांव में गोपाष्टमी पूजा के दूसरे दिन बुधवार को पूजन व हवन के बाद करीब 20 गायों को गोपालकों के द्वारा पूजा स्थल पर लाया गया। वहां पूजा कमेटी के द्वारा सभी गायों को खिचड़ी खिलाई गई। इसके बाद निर्णायक कमेटी में शामिल केदार नाथ पाठक, विजय मुंडा, रोहनिया प्रजापति, गोपाल पाण्डेय, मुखिया हीरा देवी पंसस अरिवन्द गिरी ने सभी गायों को देखा और जो किसान बेहतर तरीके से अपने गाय को रखा उसे पुरस्कार दिया गया। इसमें प्रथम पुरस्कार निखिल ठाकुर की गाय को दिया गया। वहीं दूसरा पुरस्कार जगेश्वर राम व तीसरा पुरस्कार बादल कुमार मुंडा की गाय को दिया गया। । इसमें विभिन्न प्रकार की दुकानें थी। जहां गांव के ग्रामीणों ने खुब आनंद उठाया। इस आयोजन को सफल बनाने में विजेन्द्र मुंडा, अरघदेव राम, दिलीप पाहन, कृष्णा मुंडा, चंदन ठाकुर, सोनी रवि, अभिलाषा प्रसाद, दशरथ ठाकुर, धरमु ठाकुर, वीरमोहन मुंडा, सुनील प्रजापति, कार्तिक मुंडा, लखन ठाकुर, दीनानाथ, शंकर, सूरज, राजु, रमन, राजेश, अनिल, जितेन्द्र, सोनु, छेटु, महावीर मुंडा, विनोद पाहन, नरेश राम, मिथिलेश, सुजीत ठाकुर, सुरेश मुंडा, दर्शन मुंडा, तिलक ठाकुर, चंद्रमोहन, रवि सहित अन्य लोगों ने सफल बनाने में महत्वपूर्ण भुमिका निभाई।

अक्षय नवमी के मौके पर सांई मंदिर में भंडारे का हुआ आयोजन

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू बाजार स्थित श्रीसाई मंदीर में बुधवार को अक्षय नवमी के मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर पतरातू सहित सांकुल, जयनगर आदि गांवों के दर्जनों लोग पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही पतरातू के सैकड़ो लोग भेडारे में शामिल हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदीर के पुजारी मुन्ना पाठक, प्रकाश अग्रवाल, चुन्नु गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, मनोज प्रजापति, झरी साव, विश्वनाथ प्रसाद, भोलु चैरसिया, अरुण साव, गौरीशंकर, नरेश साव आदि ने महत्वपूर्ण भुमिका निभाई।

बाइक और स्कूटी की टक्कर में एक गंभीर रूप से घायल

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र स्थित भुरकुंडा सेवा सदन के निकट मेन रोड पर बुधवार को स्कूटी और बाइक में टक्कर हो गई। जिससे स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। निजी क्लिनिक में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सांकुल बस्ती स्थित बरवा टोला निवासी 15 वर्षीय प्रियांशु सिंह स्कूटी जेएच 24 एच 1749 से भुरकुंडा आया। इस दौरान सेवा सदन के समीप स्कूटी अनियंत्रित होकर सामने एक बाइक से जा टकराई। घटना में प्रियांशु के सिर में गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसका निजी क्लीनिक में प्राथमिक उपचार कराया गया। उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। वहीं घटना में बाइक सवार पूरी तरह सुरक्षित रहा और गंतव्य की ओर चला गया। पुलिस स्कूटी जब्त कर भुरकुंडा ओपी ले आई है।

टू फिंगर टेस्ट तत्काल रुके

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक बार फिर रेप सरवाइवर्स का टू फिंगर टेस्ट किये जाने पर सख्त एतराज करते हुए कहा कि ऐसा करने वालों को कदाचार का दोषी माना जायेगा। हैरत की बात है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा बार-बार रोके जाने के बावजूद देश में यह प्रचलन बना हुआ है। टू फिंगर टेस्ट में महिला के प्राइवेट पार्ट में दो उंगलियां डालकर देखा जाता है कि कहीं वह यौन संबंधों की आदी तो नहीं, लेकिन यह तरीका न केवल अवैज्ञानिक और अनावश्यक है बल्कि महिला की निजता और गरिमा का भी हनन करता है। साल 2013 में ही सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में कह दिया था कि टू फिंगर टेस्ट रेप सरवाइवर महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन है। इसके बाद 2013 में ही यौन अपराध कानूनों में संशोधन हुआ, जिसमें एक तरफ रेप का दायरा बढ़ाते हुए पुरुष जननांगों के अतिरिक्त पेनिट्रेशन के अन्य तरीकों को संज्ञान में लिया गया, तो दूसरी तरफ यह भी साफ किया गया कि सहमति के सवाल पर विचार करते हुए महिला के यौन व्यवहार की पृष्ठभूमि कोई मायने नहीं रखती। 2014 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी विस्तृत गाइडलाइन जारी करते हुए कहा था कि टू फिंगर टेस्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि यौन हिंसा के मामलों में इसका कोई मतलब नहीं बनता। बावजूद इन सबके, देश में यह न केवल जारी है, बल्कि कानूनी प्रक्रिया में भी इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है। स्वाभाविक ही सुप्रीम कोर्ट ने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। उम्मीद की जानी चाहिए कि इसके बाद यह टेस्ट बंद हो जायेगा। असल में इस प्रचलन के जारी रहने के पीछे कोई एक नहीं, बल्कि कई तरह के कारकों की मिली-जुली भूमिका हो सकती है। एक तो भारत जैसे बड़े देश में गांवों कस्बों के स्तर तक फैले डॉक्टरों का एक वर्ग सुप्रीम कोर्ट के फैसलों से अनजान रह जाये, यह असंभव नहीं। दूसरी बात मेडिकल कॉलेजों से यह तरीका सीखकर निकले डॉक्टरों के लिए यह स्वाभाविक नहीं कि वे बरसों से अपनाये जा रहे इस उपाय को फील्ड से बाहर के लोगों के कहने पर तत्काल छोड़ दें। तीसरी बात यह कि पितृसत्तात्मक सोच अपने समाज में इतनी गहराई तक जड़ जमाये हुए है कि उसका प्रभाव जाते-जाते ही जायेगा। इनमें से कोई भी कारण ऐसा नहीं है, जिससे इस प्रचलन का बचाव होता हो। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल कॉलेजों के पाठ्यक्रम से इस टेस्ट को हटाने सहित वे तमाम उपाय अपनाने की बात कही है, जिससे टू फिंगर टेस्ट पर पूरी तरह रोक लग सके। जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के शब्दों और भावनाओं के अनुरूप शासन और समाज के सभी संबधित अंग इस पर अमल सुनिश्चित करने के प्रयासों में सक्रिय भागीदारी करें।

2014 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी विस्तृत गाइडलाइन जारी करते हुए कहा था कि टू फिंगर टेस्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि यौन हिंसा के मामलों में इसका कोई मतलब नहीं बनता। बावजूद इन सबके, देश में यह न केवल जारी है, बल्कि कानूनी प्रक्रिया में भी इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है।

अभिमत आजाद सिपाही

वैश्वीकृत दुनिया में हमें धान की पराली, अपनी स्थानीय समस्या, का वैश्विक समाधान तलाशने के प्रयास करने होंगे। चीन, फिलीपींस और मिस्र जैसे चावल उत्पादक देश भी अपने यहां के किसानों पर पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं। पराली जलाने की समस्या केवल तकनीकी या कानूनी हस्तक्षेप से हल नहीं की जा सकती। हमें न केवल पराली को जलाने से रोकने पर जोर देना चाहिए, बल्कि पराली के निपटान के वैकल्पिक तरीकों को चुनने वाले किसानों के लिए लागत कम करने और इसे उनकी आय का एक अतिरिक्त साधन बनाए जाने पर अधिक जोर देना चाहिए।

ब्लेम गेम की बजाय पराली का स्थायी समाधान जरूरी

डॉ अमृत सागर मित्तल

दीवाली के अगले कुछ दिनों से धुंध के धुंधलके से ढकी दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में मटमैले बादलों की ओट में सूरज की रोशनी भी मद्धम पड़ गयी। कई सालों से आलम यह है गायब गुलाबी ठंड की जगह धुंध से गुंथी सर्दियों की दस्तक जहां आंखें जला रही है, वहीं सांसें भी फूली हैं। ठीकरा हर बार की तरह, बेबस किसानों के पराली जलाने पर फोड़ दिया जाता है।

एक दूसरे पर ब्लेम गेम में उलझे हमारे नीति निर्धारक मिलजुल कर पराली से निपटने के स्थायी समाधान की ओर आगे नहीं बढ़ पाये। कोई दो राय नहीं कि दीवाली की आतिशबाजी के साथ खेतों में धान की कटाई के बाद आग की भेंट चढ़ी पराली हर साल देश की राजधानी और इसके साथ लगते इलाकों की ही नहीं, बल्कि आसपास के कई राज्यों की आबो-हवा खराब कर रही है। इन दिनों दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 400 से ऊपर होना पर्यावरण के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। पंजाब एवं हरियाणा भी अछूते नहीं रहे, यहां के भी कई शहरों का एक्यूआइ 200 के पार है।

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से कहा है कि वे छोटे और मंझोले किसानों को पराली के प्रबंधन के लिए 100 रुपये प्रति क्विंटल नकद प्रोत्साहन दें।

हमारे नीति निर्धारकों की नजरों में दोषी पंजाब एवं हरियाणा के किसान हैं, जबकि पर्यावरण संरक्षण राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। पराली को लेकर यह धारणा बना दी गयी है कि इसे जलाते वक्त किसान दूसरों की परवाह नहीं करते, जबकि हकीकत यह है कि इसके प्रदूषण के पहले शिकार सबसे पहले किसान और उनके परिवार ही हैं, दिल्ली तो इनके खेतों से कोसों दूर है। पराली की समस्या से निपटने के बेहतर और स्थायी समाधान की जरूरत है।

व्यावहारिक रूप से इस समस्या का समाधान करने में हमारे नीति निर्धारकों की ओर से गंभीर चूक रही है, जिसे समय रहते दूर किये जाने की जरूरत है।

वैश्वीकृत दुनिया में हमें धान की पराली, अपनी स्थानीय समस्या, का वैश्विक समाधान तलाशने के प्रयास करने होंगे। चीन, फिलीपींस और मिस्र जैसे चावल उत्पादक देश भी अपने यहां के किसानों पर पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाने में विफल रहे हैं। पराली जलाने की समस्या केवल तकनीकी या कानूनी हस्तक्षेप से हल नहीं की जा सकती। हमें न केवल पराली को जलाने से रोकने पर जोर देना चाहिए, बल्कि पराली के निपटान के वैकल्पिक तरीकों को चुनने वाले किसानों के लिए लागत कम करने और इसे उनकी आय का एक अतिरिक्त साधन बनाए जाने पर अधिक जोर देना चाहिए। मिस्र की सरकार ने अपने व्यापारियों को किसानों से पराली खरीदने के लिए नकद प्रोत्साहन दिये और खरीदी गई पराली को पशु चारे, बायो-एनर्जी, मशरूम की खेती में और प्राकृतिक उर्वरक के रूप में वापस खेत जुताई में प्रयोग किया।

पराली जलाने पर प्रतिबंध के बावजूद पंजाब में ही इस साल बड़े पैमाने पर उल्लंघन हुआ। 15,000 से अधिक खेतों में पराली जलाये जाने की घटनाओं से साफ है कि अकेले बेबस किसान को सार्थक एवं टिकाऊ समाधान चाहिए। अब तक जो समाधान पेश किये गये, वे कारगर नहीं रहे। पराली से निपटने के लिए मशीनों पर सब्सिडी की योजना भी बहुत सफल इसलिए नहीं रही, क्योंकि ये मशीनें छोटे और मंझोले किसानों की पहुंच में नहीं हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने 2015 में पराली जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

प्रतिबंध की अवहेलना करने पर किसानों पर पंजाब व हरियाणा सरकार ने जुर्माने भी लगाये, मामले भी दर्ज किये गये, पर जबरदस्ती रोक-थाम के ये तरीके सार्थक नतीजे देने में बहुत मददगार साबित नहीं हुए। पंजाब एवं हरियाणा में धान की फसल आमतौर पर अक्टूबर के पहले से आखिरी हफ्ते के बीच काटी जाती है और नवंबर के पहले हफ्ते से गेहूं की बुआई शुरू होती है। श्रमिकों की किल्लत और समय की कमी के कारण धान की पराली का निपटान एक बड़ी समस्या है। कंबाइन हार्वेस्टर द्वारा धान की कटाई से खेत में पराली के बचे लंबे ठूंठों के बीच गेहूं की अगली फसल नहीं बोई जा सकती। धान की कटाई और गेहूं की बुवाई के बीच बचे 10-15 दिनों में खेतों को गेहूं समेत रबी की अगली फसलों के लिए तैयार करने के लिए किसान पराली जलाने को मजबूर हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से कहा है कि वे छोटे और मंझोले किसानों को पराली के प्रबंधन के लिए 100 रुपये प्रति क्विंटल नकद प्रोत्साहन दें। इससे किसानों को औसतन प्रति एकड़ 25 क्विंटल उत्पादन पर 2500 रुपये मिल सकते हैं, पर यह लागू नहीं हो पाया। पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए एक व्यावहारिक कमर्शियल मॉडल लागू किया जा सकता है, जो किसानों के दृष्टिकोण में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। कुछ प्राइवेट फर्मों ने पंजाब में बायोगैस प्लांटों में पराली से गैस, इथेनॉल और अन्य बायो-प्रोडक्ट्स का उत्पादन करने के लिए किसानों से पराली खरीदने का बीड़ा उठाया है, ऐसे लोगों को सरकार से नकद प्रोत्साहन की जरूरत है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) ने दावा किया है कि पूसा नाम के एक बायो-डीकंपोजर स्प्रे के इस्तेमाल से एक महीने में खेतों में धान की कटाई के बाद खड़ी अधिकांश पराली खाद में बदली जा सकती है। लेकिन पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य, जहां धान की कटाई के बाद गेहूं की बुवाई का अंतर 10 से 15 दिन का बचता है, वहां इस तरह के प्रयास से अनुकूल परिणाम सामने नहीं आये।

आगे की राह

छोटे एवं मंझोले किसान पराली प्रबंधन पर अपनी जेब से प्रति एकड़ 6000 से 7000 रुपये खर्च नहीं कर सकते। केंद्र और राज्य के नकद प्रोत्साहन के 2500 रुपए प्रति एकड़ भी नहीं मिले हैं। ऐसे में किसानों को उनके खेतों में ही पराली कटाई मशीनें और रीपर बाइंडर और बेलर मुफ्त उपलब्ध कराए जायें। धान की खरीद के साथ पराली की खरीद की व्यवस्था करके राज्य सरकार की अनाज खरीद एजेंसियां इसे बायोमास आधारित बिजली संयंत्रों, पेपर मिलों और कार्डबोर्ड कारखानों को बेच सकती हैं।

लंबी अवधि की धान की किस्मों को पूसा बासमती-1509 और पी.आर.-126 जैसी छोटी अवधि की किस्मों से बदला जाये, जिनकी कटाई सितंबर के तीसरे सप्ताह तक की जा सकती है। इससे धान की कटाई एवं गेहूं की बुवाई के बीच अंतर बढ़ने से पराली को खाद में बदलने को पर्याप्त समय मिलेगा। किसानों को जागरूक करने की जरूरत है कि कैसे वे पराली न जला कर मिट्टी के पोषक तत्वों को नुकसान से बचा सकते हैं, जो स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन के लिए बहुत जरूरी हैं।

(लेखक कैबिनेट मंत्री रैंक में पंजाब इकोनॉमिक पॉलिसी एंव प्लानिंग बोर्ड के वाइस चेयरमैन हैं)

जमशेदपुर की खबरें

टाटानगर स्टेशन से अरुणाचल के लिए 1700 मीट्रिक टन स्टील स्लैग रैक को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। टाटानगर रेलवे स्टेशन से अरुणाचल प्रदेश के लिए 1700 मेट्रिक टन स्टील स्लैग रैक को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने ऑनलाइन बटन दबाया रवाना किया। बुधवार को टाटानगर स्टेशन से टाटा स्टील के पदाधिकारियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैक को रवाना किया। मौके पर डॉ जितेंद्र सिंह ने सीएसआईआर व सीआरआरआई को बधाई देते हुए अपनी खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर टाटा स्टील के पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया टाटा स्टील,टाटा निर्माण और टाटा एग्रेगेट्स के माध्यम से स्टील स्लैग का प्रयोग रोड बनाने में कर रही है। जमशेदपुर और एन

एच 33 में इसका उपयोग किया गया है। अरुणाचल प्रदेश में सड़क की समस्या है। स्टील स्लाइड का प्रयोग गिट्टी बालू की जगह किया जाता है। इससे सड़क की गुणवत्ता काफी बढ़ जाती है। स्टील मेकिंग में बाय प्रोडक्ट के रूप में स्टील स्लैग जो निकलता है उसका रीसाइक्लिंग का एक अच्छा उदाहरण है। अब उड़ीसा प्लांट से भी स्टील का प्रयोग रेलवे सड़क आदि के लिए किया जा रहा है जो काफी मजबूत और टिकाऊ होता है। वही सीएसआइआर सीआरआरआइ के प्रधान वैज्ञानिक सतीश पांडे बताया स्टील स्लैग का प्रयोग देश के प्रमुख चार कंपनियों से लेकर किया जा रहा है। आज हम लोग दुनिया में पहली बार इसका ऐसा प्रयोग कर रहे हैं। जहां पर प्राकृतिक दोहन की जरूरत नहीं होती है। हम लोग इसे अरुणांचल प्रदेश इटानगर में इस्तेमाल करने के लिए भेज रहे हैं। ऐसी पहली एक्टिविटी है। उन्होंने कहा बॉर्डर रोड ऑगेनाइजेशन, बीआरओ प्रोजेक्ट के तहत यह कार्य चलाया जा रहा है। बीआरओ का एक बहुत अच्छा उदाहरण है जो देश के प्रधानमंत्री के विजन को पूरा कर रही है।

तकनीकी के इस्तेमाल से पर्यावरण को बहुत लाभ मिलेगा

इस अवसर पर सीएसआइआर, सीआरआरआइ के निदेशक डॉ मनोरंजन परीदा ने बताया इस तकनीकी के इस्तेमाल से पर्यावरण को बहुत लाभ मिलेगा। उत्तर पूर्व इलाके जैसे अरुणांचल प्रदेश जैसे स्थानों पर रोड की काफी कमी है। वहां इसका अच्छा से प्रयोग होगा। उन्होंने बताया इस तकनीक की का सफलता पूर्वक प्रयोग किया गया है। जिससे एक ओर स्टील स्लैग का रीसाइक्लिंग हो रहा है। जो प्रधानमंत्री चाहते थे की वेस्ट पदार्थ का हम प्रयोग कर सके। दूसरी ओर इससे बने हुए सड़क आदि काफी मजबूत और टिकाऊ होते हैं। इस अवसर पर डिजिटल रूप से नीति आयोग के सदस्य डॉ वी के सारस्वत सहित कई गणमान्य लोग जुड़े रहे।

स्व. आशीष डे को श्रद्धा सुमन अर्पित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। साकची श्रीलेदर्स के स्व. आशीष डे 'भाई' की पुण्यतिथि पर साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स एवं होटल स्मीता (होटल डेज ऑनर्स) में परिवार के सदस्य एवं दोनों संस्थान सभी कर्मचारीगण द्वारा स्व. आशीष डे 'भाई' को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और उनके द्वारा किये गये सामाजिक कार्यों को नम आखों से याद करते हुए संस्थान के द्वारा किये जाने वाले सामाजिक दायित्वों को निर्वहन करने का प्रण लिया गया। ज्ञात रहे कि वे स्वतंत्रता सेनानी स्व. सुरेश चंद्र डे के तृतीय (सबसे छोटे) पुत्र थे और अपने पिता की सोच को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने श्रीलेदर्स को एक नये मुकाम तक पहुंचाया एवं अपने पिता स्वतंत्रता सेनानी स्व. सुरेश चंद्र डे के दुरगामी एवं निःस्वार्थ सोच का अपने जीवन में यथार्थ करते हुए हजारों परिवार

के हाथों को काम एवं लाखों करोड़ों भारतवासियों को एक उचित मूल्य पर बेहतर उत्पाद उपलब्ध करा रहे हैं। उनके पिता स्वतंत्रता सेनानी स्व. सुरेश चंद्र डे का सपना एवं संकल्प था कि देश के सभी नागरिकों के पैर में चप्पल हो और वह भी एक गुणवत्ता वाले उत्पाद किफायती दाम पर उपलब्ध हो और इसी सोच को श्रीलेदर्स परिवार आज भी आगे बढ़ा रहा है। सरल स्वभाव और जरूरतमंदों की मदद को हमेशा तत्पर रहने वाले स्व. आशीष डे 'भाई' के नाम से भी जाने जाते थे। इस अवसर पर श्री लेदर्स साकची के सभी कर्मियों सहित स्व. आशीष डे के परिवार के सदस्यों ने उक्त परम्परा को आगे बढ़ाने का, देश एवं समाज के हित में कार्य करने का प्रण लिया। उक्त अवसर पर साकची श्रीलेदर्स एवं होटल स्मीता (डेज ऑनर्स) के सभी सदस्यों के अलावा स्व. आशीष डे के परिजनों के अतिरिक्त समाज सेवी मुन्ना अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

6 नवंबर को माटियाबांधी में लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

डॉ गोस्वामी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

चाकुलिया। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राइट्स लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने 6 नवंबर को माटियाबांधी में आयोजित होने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के प्रचार-प्रसार के लिए बुधवार को माटियाबांधी में जनसम्पर्क अभियान चलाया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि 6 नवंबर को जमशेदपुर और आसपास के अनुभवी 10 चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य जांच और चिकित्सीय सलाह प्रदान किया जायेगा। शिविर में सामान्य मेडिसिन, शल्य-चिकित्सा, स्त्री रोग, चर्म रोग,

फेफड़ा रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, कान, नाक और अन्य रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक भाग लेंगे। स्वास्थ्य शिविर में रक्त जांच और रक्तचाप जांच की निःशुल्क सुविधा प्रदान किया जायेगा और चिकित्सकों के परामर्श पर मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी दी जायेगी। माटियाबांधी गांव में पहली बार इतना बड़ा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शतदल महतो, दिलीप महतो, उपमुखिया पिंटू महतो, पंचायत समिति सदस्य मोहिनी महतो, उत्तम महतो, देवेंद्र नाथ महतो, प्रधान मनिद्र नाथ महतो,पार्थ महतो, मनिद्र नाथ महतो, चिंत महतो, सरजीत गोप, दिलीप महतो, बादनु महतो, शिवम दे, परिमल दास समेत अन्य उपस्थित थे।

चाइबासा गौशाला की समस्याओं का शीघ्र निदान का प्रयास होगा: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

चाईबासा। कोविड की वजह से दो वर्ष के लंबे अंतराल के बाद चाईबासा में अति अपेक्षित दो दिवसीय गोपाष्टमी मेले का आयोजन हुआ। गोपाष्टमी के अवसर पर सुबह स्थानीय खिरवाल धर्मशाला से प्रभात फेरी निकाली गयी। इस दौरान शहर के नागरिकों एवं गृहणियों द्वारा गौ माता की विधिवत पूजा-अर्चना की गई तथा स्वेच्छा दान भी दिया गया। प्रभात फेरी शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए दोपहर में गांधी मैदान के समीप पहुंच कर संपन्न हुई। तत्पश्चात श्री चाईबासा गौशाला का वार्षिक सम्मेलन व मेले का उद्घाघटन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर,

सम्मानित अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी सहायक कलेक्टर ओम प्रकाश गुप्ता पूर्व मंत्री झारखंड सरकार बड़कुवांर गागराई, सदर अनुमंडल पदाधिकारी शशिन्द्र कुमार बड़ाइक, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप खलखो एवं जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी ने सयुंक्त रूप से दीप प्रजवलित कर उद्घाटन किया। सनातन धर्म अनुसार अतिथि देवो भवः को चरितार्थ करते हुए सर्वप्रथम श्री चाईबासा गौशाला परिवार द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ दे कर तथा उनका अभिनदंन बैच लगा कर किया गया। कार्यक्रम के क्रम अनुसार अध्यक्ष की अनुपस्तिथि में शहर के उधिगपति सह समाजसेवी गौशाला के उपाध्यक्ष राज कुमार शाह ने स्वागत भाषण किया। सचिव की अनुपस्थिति में सयुंक्त सचिव राधेश्याम अग्रवाल ने सदन में वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा मंच से मुख्य अतिथि को गौशाला से संबंधित समस्याओं से अवगत भी कराया। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक ने गौशाला परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा हरसंभव मदद का अश्वासन भी दिया। अपनी अभिव्यक्ति के दौरान मुख्य अतिथि जिले के उपायुक्त ने गौशाला परिवार की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए यह भरोसा जताया कि जल्द इस ऐतिहासिक मेले को राजकीय दर्जा प्राप्त होगा तथा गौशाला की समस्यओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए शीघ्र निदान निकलने का प्रयास किया जाएगा। उपायुक्त ने वर्ष 1901 में स्थापित श्री चाईबासा गौशाला के संस्थापक स्वर्गीय बारसी दास पसारी के पौत्र इंद्र कुमार पसारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा कि चाईबासा शहर उनके परिवार का आभार व्यक्त करता है । कार्यक्रम में गौ सेवा एवं गौ पालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए लगभग 34 गौ सेवकों के मध्य मंचासीन अतिथियों द्वारा पारितोषक वितरण किया गया। 121 वां गौपष्टमी मेले को उपस्थित अतिथियों के स्मृति पटल पर इंगित करने हेतु गौशाला परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय चौबे तथा धन्यवाद ज्ञापन सयुंक्त सचिव ललित शर्मा ने किया।

कार्यक्रम : टंडवा के दबगर मोहल्ला में सामुदायिक भवन निर्माण का मंत्री ने किया शिलान्यास

मंत्री के निजी फंड से बनेगा सामुदायिक भवन

कहा- भगवान ने मुझे इतना सक्षम बनाया है कि मैं जनता की बेहतर सेवा कर सकता हूं

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। टंडवा के दबगर मोहल्ला में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने बुधवार को विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर इसका शिलान्यास किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने गढ़वा में अनगिनत विकास कार्यों को किया है। कहीं विधायक मद, कहीं सरकारी फंड से तो बहुत से स्थानों पर खुद के सहयोग से भी विकास कार्यों को कराया है। मंत्री ने कहा कि भगवान ने मुझे इतना सक्षम बनाया है कि मैं जनता की बेहतर सेवा कर सकता हूं। बहुत ऐसे कार्य हैं जहां तत्काल सरकारी फंड की व्यवस्था नहीं हो सकती है। वैसे बहुत स्थानों पर मैंने अपने सौजन्य से विकास कार्य किया है और आगे भी करूंगा।

मंत्री ने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड में जनता के हित में काफी बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। विपक्षियों को विकास कार्य पच नहीं रहा है। केंद्र सरकार लगातार झारखंड के गरीब, गुरबों की सरकार को अस्थिर करने में लगी हुई है। राज्य की जनता सब देख रही है और भली-भांति समझ रही है। जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। मंत्री ने कहा कि इस मोहल्ला के सभी लोग इतने सक्षम नहीं हैं कि महंगे होटल में अपना कार्यक्रम कर सकें। इनकी स्थिति को देखते हुए सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। ताकि इसके रखरखाव के लिए नाम मात्र के शुल्क पर इन्हें शादी, विवाह आदि कार्यक्रम करने के लिए भवन उपलब्ध हो पाएगा। एक कमेटी गठित कर इस भवन का संचालन एवं देखरेख किया जाएगा। कार्यक्रम में लोगों से लिए गए न्यूनतम शुल्क से ही इस भवन का रखरखाव होगा।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, प्रवक्ता धीरज दुबे, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, चंदन पासवान, संजय चौधरी, संतोष केशरी, पूर्व नप अध्यक्ष अनिता दत्त, अंतू दास, डा. प्रतिमा कुमारी, रविदास, राहुल डिसूजा, नवीन तिवारी, कन्हैया दास, अरनेश दास, आनंद दास, उदय दास, सुनील दास, राकेश दास, संतोष दास, चंद्रीका राम, वार्ड पार्षद बलराम दास, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुनील कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सहिजना देवी धाम में मंत्री ने सपरिवार की पूजा-अर्चना, फोड़ा 101 नारियल

अन्नपूर्णा मंदिर में किया भंडारा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। शहर के साहिजना मोहल्ला स्थित देवी धाम में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने पूरे परिवार के साथ पूजन एवं हवन किया। मंत्री ने अपनी मन्नत पूर्ण होने के बाद यह पूजा अर्चना करते हुए 101 नारियल भी फोड़ा एवं प्रसाद वितरण किया। ज्ञात हो कि चुनाव से पूर्व मंत्री ने यहां पूजा अर्चना कर जीत की मन्नत मांगी थी। साथ ही पुरानी बाजार स्थित अन्नपूर्णा मंदिर में मंत्री ने पूजा अर्चना कर भव्य भंडारा का आयोजन किया। भंडारा में मंत्री एवं उनके परिवार के सदस्यों ने स्वयं महाप्रसाद का वितरण किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि ईश्वर की असीम कृपा से ही उन्हें गढ़वा सहित पूरे झारखंड की जनता का सेवा करने का मौका मिला है। उन्होंने मां देवी, मां दुर्गा, मां गढ़देवी से जीत की मन्नत मांगी थी। मां ने उनकी विनती सुन ली। अब वे माता के आशीर्वाद से जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। विकास के मामले में रेगिस्तान बन चुके गढ़वा में उन्होंने विकास की गंगा बहा दी है। आगे भी मां की कृपा और गढ़वा वासियों के आशीर्वाद से वे और बेहतर कार्य करते रहेंगे। मौके मुख्य रूप से मंत्री श्री ठाकुर की पत्नी चंचल ठाकुर, बड़े भाई अमरनाथ ठाकुर, भाभी सुनैना ठाकुर, छोटे भाई विनय ठाकुर, उनकी पत्नी रोजी ठाकुर, भतीजा रितेश ठाकुर, बहन बहनोई सहित पूरा परिवार शामिल थे। वहीं झामुमो प्रवक्ता धीरज दुबे, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, वार्ड पार्षद रश्मि सिन्हा, पूर्व नप अध्यक्ष अनिता दत्त, नवीन तिवारी, दिव्य प्रकाश केशरी, झामुमो महिला मोर्चा जिला अधक्ष अंजली गुप्ता, गुरुदत्त, आशुतोष पांडे, दिलीप गुप्ता, भरत केसरी अदि शामिल थे।

गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

शिविर में प्राप्त कुल 2316 आवेदनों को निष्पादन के लिए पोर्टल पर अपलोड किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के द्वितीय चरण के तहत गढ़वा प्रखंड के महुलिया पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 784 आवेदन प्राप्त हुए। आम नागरिकों को योजना का लाभ देने एवं उनके समस्याओं का निराकरण हेतु विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां आम जनता अपनी समस्याओं अथवा संबंधित योजना के लाभ लेने हेतु संबंधित विभाग के काउंटर पर जाकर अपना आवेदन पत्र समर्पित कर एक्नॉलेजमेंट रिसिप्ट प्राप्त कर कर रहे थे। आयोजित शिविर में पीडीएस अंतर्गत 121, पेंशन के तहत 32, पेयजल के 10, भूमि सुधार अंतर्गत 08, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 31, मनरेगा के 200, 15वें वित्त के 22, आवास के 325, पशुपालन के 35 एवं अन्य के तहत आवेदन प्राप्त हुए। जबकि चिनिया प्रखंड के डोल पंचायत में कुल 1409 आवेदन प्राप्त हुए। सामाजिक सुरक्षा के तहत 157, पीडीएस के 57, पेंशन के 43, पेयजल के 55, स्वास्थ्य एवं पोषण के 132, कृषि के 13, मनरेगा के 364, 15वें वित्त के 11, एसबीएम के 01, आवास के 515, पशुपालन के 14, जेएसएलपीएस के 47 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त प्रमाण-पत्र निर्गत हेतु, स्वास्थ्य एवं पोषण, वन विभाग, बैंक, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, विद्युत विभाग, एसबीएम, ई-श्रम, विद्युत व अन्य मामले से संबंधित आदि के भी स्टॉल लगाये गये थे। शिविर में कुल 2316 प्राप्त आवेदनों के निष्पादन हेतु पोर्टल पर अपलोड किया गया। आज शिविरों का आयोजन उक्त प्रखंड एवं पंचायत के अलावे खरौंधी, केतार, रमना, रंका, रमकंडा, डंडई, मेराल, धुरकी एवं भंडरिया प्रखंड में भी किया गया था।

सड़क जाम को लेकर एसडीओ ने सभी वाहनों का स्टॉपेज निर्माणाधीन नये बस स्टैंड पर करने के दिये निर्देश

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। नगर उंटारी बाजार में एनएच-75 जाम होना आम बात हो गई है। एक दिन में कई बार सड़क जाम से लोगों को दो-चार होना पड़ता है। सड़क जाम इस कदर होता है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। सड़क जाम के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लेकिन इस समस्या का समाधान अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने कर दिया है। उन्होंने आदेश दिया है कि सभी वाहनों का स्टॉपेज 3 नवंबर से अगले आदेश तक भारतीय स्टेट बैंक नगर उंटारी हेन्हो मोड़ के पास निमार्णाधीन नए बस स्टैंड पर किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि नगर उंटारी सब्जी बाजार मोड़ के पास कोई भी बस यात्री वाहन संचालक वाहनों को आगे पीछे नहीं करेंगे.उन्होंने कहा है कि कोई भी बस संचालक हेन्हो मोड से लेकर गोसाई बाग मैदान नगर उंटारी तक मुख्य पथ पर अपने बस को खड़ा नहीं करेंगे। कोई भी बस, कमांडर, टेंपो चालक अपने वाहनों को अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय नगर उंटारी के बीच अनावश्यक रोककर वाहनों का परिचालन बाधित नहीं करेंगे.अगर ऐसा किया जाता है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

राजकीयकृत उच्च विद्यालय, झगराखांड़ के प्रभारी प्रधानाध्यापक दुर्घटना में घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। राजकीयकृत उच्च विद्यालय, झगराखांड़ के प्रभारी प्रधानाध्यापक मिथिलेश दूबे बाइक दुर्घटना में घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रेफर किया। खबर के अनुसार मिथलेश दुबे टाउनशिप स्थित अपने आवास से विद्यालय जा रहे थे इसी दौरान भवनाथपुर स्थित रेडमी शोरूम के समीप उनकी बाइक मवेशी से टकरा गई। उक्त दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही उनके सहयोगी शिक्षक वरुण सिंह ने उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया जहां से चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया।

झामुमो नेता अयूब मंसूरी हत्याकांड के तीन आरापी गिरफ्तार

चिनिया प्रखंड निवासी मुखिया पति सह झामुमो नेता अयूब मंसूरी की हत्या 20 अक्टूबर को मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने गोली मारकर कर दी थी

आजाद सिपाही संवाददाता

रंका। अनुमंडल क्षेत्र के चिनिया प्रखंड निवासी मुखिया पति सह झामुमो कार्य समिति सदस्य अयूब मंसूरी हत्या काण्ड का उद्भेदन करते हुए रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुदर्शन कुमार आस्तिक ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर गढ़वा जेल भेज दिया है। इन तीन अभियुक्तों में इस कांड का मुख्य कर्ताधर्ता धुरकी प्रखंड के सद्दाम अंसारी, सहयोगी समशाद अंसारी एवं उदय कोरवा के नाम शामिल हैं। बताते चलें कि चिनिया प्रखंड निवासी मुखिया पति सह झामुमो कार्य समिति सदस्य अयूब मंसूरी की हत्या 20 अक्टूबर को मोटरसाइकिल पर सवार होकर आये अपराधियों ने देर शाम मस्जिद के पास गोली मारकर कर दी थी। अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर चिनियां प्रखंड की जनता के द्वारा सड़क जाम भी किया गया था और जल्द हत्यारे को पकड़ने का दबाव भी बनाया गया था। इसके संबंध में प्रेस वार्ता में हत्या करने के कारणों के बारे में जानकारी देते हुए रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुदर्शन कुमार आस्तिक ने बताया कि इस कांड का मुख्य हत्यारोपी सद्दाम अंसारी ही है। जिससे अयूब मंसूरी के साथ जमीनी विवाद और अन्य प्रकार का रंजीश चल रहा था। इसके साथ साथ सद्दाम अंसारी का भाई गौकसी मामले में जेल भी गया था। जिसे लेकर अयुब मंसूरी पर ही वह शक करता था कि जेल भेजवाने में अयुब मंसूरी का ही हाथ है। अपराधियों के आपराधिक गतिविधि के बारे में सुदर्शन कुमार आस्तिक ने बताया कि सद्दाम अंसारी का पहले से ही आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और उस पर पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। साथ ही सहयोगी उदय कोरवा पर भी तीन मामले दर्ज हैं।

एनएच 75 चौड़ीकरण के लिए जमीन अधिग्रहण में मनमानी के विरोध में संघर्ष समिति का गठन

मेराल (आजाद सिपाही)। एनएच 75 चौड़ीकरण के लिए जमीन अधिग्रहण में मनमानी मुआवजा आदि की मांग को लेकर बुधवार को गोंदा गांव में भूधारकों की बैठक ग्रामीण कृष्ण देव प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बड़ी संख्या में शामिल भूधारको द्वारा रैयती तथा गैरमजरूआ जमीन की मुआवजा राशि बाजार मूल्य से 4 गुना कराने के लिए संघर्ष करने की बात कही गई। बैठक में सर्वसम्मति से भूधारक संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसमें दिनेश साह को संयोजक तथा कृष्णा साहू सचिव बनाये गये। इसके अतिरिक्त कृष्ण देव प्रजापति, सुदर्शन प्रजापति को संरक्षक तथा शिव कुमार प्रजापति, बलराम साह, वीरेंद्र चंद्रवंशी, अंकित पांडे, उदेश प्रजापति सदस्य बनाए गये। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, पूर्व मुखिया प्रकाश कुमार अरुण, प्रमोद कुमार गुप्ता आदि शामिल थे। बैठक का संचालन विजय मल साहू द्वारा किया गया।

महामृत्युंजय जाप व हवन यज्ञ अनुष्ठान का समापन

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के अकलवानी गांव निवासी धनंजय कुमार मिश्र के आवास पर आयोजित सात दिवसीय महामृत्युंजय जाप एवं हवन यज्ञ अनुष्ठान का समापन मंगलवार को हो गया। शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए 27 अक्टूबर से प्रारंभ सात दिवसीय महामृत्युंजय जप रुद्राभिषेक और हवन यज्ञ का समापन 2 नवंबर को वाराणसी से पधारे विद्वान पंडितों के सहयोग से कराया गया। समापन के अवसर पर विद्वान पंडित अमित उपाध्याय, अजय उपाध्याय, आशीष वैद्य ने कहा कि महामृत्युंजय मंत्र के जाप से संसार के सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि इस मंत्र का जाप करने से बहुत सी बाधाएं दूर होती हैं। मुख्य यजमान के रूप में ग्राम रंजन मिश्र एवं पत्नी अलका मिश्रा सहित मिश्रा परिवार ने हवन यज्ञ में भाग लिया। पूणार्हुति के पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष मिश्रा, विजय मिश्रा, पुष्कर मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, प्रकाश रंजन मिश्र, राम नारायण मिश्रा आदि ने भावपूर्ण भूमिका निभाई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची
द्वारा आयोजित

राष्ट्रीय लोक अदालत

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देश पर झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा दिनांक **12 नवम्बर, 2022 (शनिवार) पूर्वाह्न 10:30 बजे** से कार्य की समाप्ति तक व्यवहार नयायालय, रांची के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा, जिसमें निम्नलिखित वाद निष्पादन हेतु सूचीबद्ध किये जायेंगे।

उत्पाद अधिनियम के वाद	वन अधिनियम के वाद
चेक बाउण्स से संबंधित वाद	श्रम वाद एवं न्यूनतम मजदूरी के वाद
विधुत अधिनियम के वाद	बैंक ऋण से संबंधित वाद
भरण–पोषण के वाद	भू–अधिग्रहण से संबंधित वाद
मोटरयान दुर्घटना मुआवजा से संबंधित वाद	छोटे आपराधिक वाद (माप–तौल, पुलिस अधिनियम एवं रेलवे न्यायालय से संबंधित वाद)
पारिवारिक वाद	सभी प्रकार के दीवानी मामले
राजस्व संबंधित मामले	सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने मामलों को उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में सूचीबद्ध कराकर सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें और इस आयोजन को सफल बनावें।

नोट :– उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के "राष्ट्रीय लोक अदालत पूर्व कॉन्सिलिएशन बैठक "दिनांक–05 वीं सितम्बर 2022 से 11 वीं नवम्बर 2022 तक आयोजित की जायेगी। इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस के दिन 10.30 बजे पूर्वाह्न से कार्यावधि तक राँची, व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में उपस्थित होकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची अथवा उनके दूरभाष सं0–0651–2223351 अथवा मोबाईल नम्बर – 9852361365, 9334941801 से सम्पर्क कर सकते हैं।

अरुण कुमार राय
न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।

राहुल कुमार सिन्हा
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।

किशोर कौशल
वरीय पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची।

PR 281189 (Law) 22-23 (D)

हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं॰32/2022–23

1.कार्य का विवरण :–

Group No.	Name of work	Estimated Cost (INR)	Earnest Money (INR)	Cost of BOQ (INR)	Completion period for construction
1.	Construction of PCC Road from H/o Sarju Saw to H/o Shyam Sunder Choubey and H/o Neeraj Kumar Sinha to H/o Chandrashekhar Choubey in Ward No. 23 Under Municipal Corporation, Hazaribag	4,00,000/-	8,000/-	1,000/-	02 month (60 days)
2.	Construction of PCC Road and RCC Drain in the Gali beside urdu School in Ward No. 28 Under Municipal Corporation, Hazaribag	8,98,900/-	20,000/-	5,000/-	04 month (120 days)
3.	Laying of Paver Block from H/o Rajesh Ji to H/o Santosh Ji in Ward No. 27 Under Municipal Corporation, Hazaribag	9,99,800/-	20,000/-	5,000/-	04 month (120 days)

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय	:	नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 09.11.2022 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक
2. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय	:	नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 10.11.2022 को 02:00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय	:	नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 10.11.2022 को 02:00 बजे अपराह्न से अंतिम निविदा खुलने तक
4. विज्ञापनदाता का पदनाम	:	कार्यपालक अभियंता, नगर निगम, हजारीबाग।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

PR281149 (Urban Development and Housing)22-23*D

कार्यक्रम : सुप्रसिद्ध कवि राजेश्वर मिश्र रत्न की नयी रचना भजन रत्नावली का विमोचन

प्रकृति में सब कुछ तो जूठा है : राजेश्वर मिश्र

साहित्य के क्षेत्र में कवि जी का योगदान आनेवाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत होगा : विनोद पाठक

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। सुप्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार गढ़वा जिले के सगमा प्रखंड के बैलिया गांव निवासी 95 वर्षीय राजेश्वर मिश्र रत्न उर्फ कवि जी की नयी रचना भजन रत्नावली (भजन संग्रह) का लोकार्पण किया गया। मंगलवार की शाम कवि जी के आवासीय परिसर में इस लोकार्पण कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से काफी संख्या में रचनाकार पहुंचे हुये थे। इस मौके पर झारखंड से सृजन साहित्यिक मंच के अध्यक्ष विनोद पाठक, उपाध्यक्ष विजय पांडेय व सचिव सतीश कुमार मिश्र, यूपी के सोनभद्र से सीएन मिश्र, छतीसगढ़ से आये डॉ सुधीर पाठक, महाराष्ट्र से आये प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक डॉ श्याम गंगाधर पंडित एवं चेन्नई से कविजी के पुत्र मार्केंडेय मिश्र की उपस्थिति में संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कविजी राजेश्वर मिश्र ने कहा कि उनके उम्र के इस ढलती पड़ाव पर ईश्वर को समर्पित रचना है। उन्होंने कहा कि भक्त भगवान के लिये होते हैं। साथ ही भगवान भी भक्तों का मान रखते हैं। माता यशोदा भगवान के अवतार श्रीकृष्ण को शरारत से तंग आकर उन्हें छड़ी लेकर मारने के लिये दौड़ाती हैं और भगवान यशोदा से बचने के लिये भागते फिरते हैं। यह भक्त और भगवान के बीच अजीब लीला है। कविजी ने कहा कि भगवान को भक्त से जो भी भाव से अर्पित होता है, उसे स्वीकार करते हैं।

कविजी ने कहा कि प्रकृति में सबकुछ जूठा है। भगवान राम ने सबरी के बेर खाये थे, वह सबरी का जूठा था। हम भगवान को दूध चढ़ाते हैं, वह दूध बछड़े का जूठा रहता है। जल मछली का और मधु भौंरा का जूठा रहता है। फिर भी भगवान उसे स्वीकार करते हैं। इस मौके पर सतीश कुमार मिश्र ने कहा कि रत्नावली पढ़कर लगा यह अद्भूत भजन संग्रह है। इसमें यमराज की भी प्रार्थना है। यमराज के लिये प्रार्थना आजतक उन्हें किसी अन्य पुस्तक में नहीं देखने को मिली।

विनोद पाठक ने कहा कि कवि जी की इस रचना से व्यक्ति के दिल में भक्ति भाव पैदा करता है। साहित्य के क्षेत्र में उनका योगदान आनेवाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत होगा। विजय पांडेय ने कहा कि भजन रत्नावली कविजी की अनमोल कृति है। इसका सभी लोग लाभ उठा सकेंगे। कथावाचक डॉ श्याम गंगाधर पंडित ने कहा कि कविजी की इस कृति में अध्यात्म की गहराई है, जिसे शब्दों में व्यक्त कर पाना मुश्किल है। कविजी की लेखनी काफी सारगर्भित है। मंच का संचालन डॉ सुधीर पाठक ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सीएन मिश्र ने किया। इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे रवि शंकर, कृष्णा मिश्र, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, नारद मिश्र, श्रवण कुमार मणि, दिनेश शुक्ल, श्याम सुंदर मिश्र सहित काफी लोग उपस्थित थे।

108 भजनों का संग्रह है भजन रत्नावली

कविजी ने भजन रत्नावली के विषय में बताया कि माला 108 मनकों का होता है। इस भजन रत्नावली में भी 108 भजन हैं। इसमें सभी देवी-देवताओं की अराधना की गयी है, ताकि आनेवाली पीढ़ी को इसका लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि कविजी का जन्म गढ़वा जिले के सगमा प्रखंड के बैलिया गांव में वर्ष 1927 ईस्वी में हुआ है। उम्र 95 साल हो जाने के कारण अब उनकी श्रवण शक्ति कमजोर हो गयी है, लेकिन वाणी में अभी भी ओज बरकरार है। इसके पूर्व कई गद्द व काव्य रचनायें प्रकाशित हो चुकी हैं। इसमें पिपासा मुक्तक काव्य संग्रह, उड़ती चिनगारी, चित्रावली लघु कथा संग्रह, मांडवी, संयुक्त काव्य प्रबंध शामिल है। कविजी अपने समय के रामकथा के अच्छे वाचक भी रहे हैं।

अक्षय नवमी पर हुई आंवला वृक्ष की पूजा, मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

बालूमाथ। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के अक्षय नवमी तिथि पर महिलाओं द्वारा आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना की गयी। पूजा के बाद लोगों ने आंवला वृक्ष के नीचे प्रसाद ग्रहण कर किया भोजन भी। वहीं सभी ने आंवला वृक्ष की पूजा कर भगवान से सुख-समृद्धि और रोगमुक्ति का आशीर्वाद मांगा गया। बताया जाता है कि हिंदु धर्म में पेड़-पौधों का अत्यंत महत्वूपर्ण स्थाल है। पीपल, बरगद, तुलसी, नीम, आंवला आदि वृक्षों की पूजा की जाती है। यह भी बताया जाता है कि आंवला के वृक्ष में सभी देवी-देवताओं का निवास होता है। अक्षय नवमी पर आंवला वृक्ष की पूजा से समस्त पापों का नाश हो जाता है। सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। पुत्र रत्न की प्राप्ति के लिए भी आंवला वृक्ष की पूजा की जाती है। इसकी पूजा से आरोग्यता और सुख-समृद्धि कायम रहती है। मनोकामनाओं की पूर्ति के साथ-साथ यह प्रकृति के संरक्षण का संदेश भी देती है।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में योजनाओं का लाभ उठायें : गरिमा

इसके अलावे संबधित विभाग के पदाधिकारियों द्वारा योजना की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डांडू पंचायत ग्राम में राज्य सरकार का तीन वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन प्रखंड व अंचल के संयुक्त पहल से आयोजित किया गया। जिसमें उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, जीप सदस्य राधा तिर्की, पंचायत मुखिया दिलीप उरांव, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र उरांव, एवं बीडीओ, सीओ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान पांच महिला सदस्य को फूलों झानो आशीर्वाद योजना के तहत 50 हजार का चेक प्रदान किया गया। जबकि पांच महिला समूह को ढाई लाख का चेक प्रदान किया गया। तथा सावित्री बाई किशोरी समृद्ध योजना के तहत छात्राओं को चेक प्रदान किया गया। जो योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर के लिए रोजगार से जुड़ आर्थिक रूप से मजबूत हो सके। इसके अलावे संबधित विभाग के पदाधिकारियों द्वारा योजना की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया। साथ विभिन्न योजना हेतु आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमें लगभग 300 से अधिक आवेदन प्राप्त किया गया है। वहीं उपविकास आयुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र की जनता विकास योजना का लाभ उठाएं जीप सदस्य राधा तिर्की ने कहा की ग्रामीण महिलाएं फूलों झनो योजना का लाभ उठाएं और हड़िया दारु साथ ही सभी लोग जरकर द्वारा संचालित विकास योजना का लाभ उठाएं न बेचे पंचायत क्षेत्र वैसे लोगो के लिए सरकार पंचायत वार कार्यक्रम चला रही है।

योजना से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर कृषि पदाधिकारी रघुनंदन वैद्य, आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, बाल विकास पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार सहित सभी विभाग के पदाधिकारी एवं अधिकारी के अलावे पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे। इसके अलावे थाना प्रभारी ऋषिकांत के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन शास्त्र बल साथ मुस्तैद नजर आयी।

पंचायत समिति की बैठक

चंदवा। चंदवा पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा है कि जिला परिषद, पंचायत समिति और मुखिया के मद में कई माह से लाखों रुपये पड़े हुए हैं इसके बाद भी पंचायत के दामोदर के महुडर, भुसाढ, बेलवाही समेत अन्य टोलों में आधा दर्जन जलमीनार और दर्जन से अधिक चापानल महिनों से जहां तहां खराब पड़ा हुआ, हालत यह है कि गांवों में पेयजल संकट गहराया हुआ है। पंचायत समिति सदस्य के शिकायत के बाद भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होती है, इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम आदमी की शिकायत पर क्या होता होगा। पानी समस्या से निजात दिलाने के लिए किसी को कोई चिंता नहीं है, गांवों में पेयजल सहित पुरी व्यवस्था चरमरा गयी है। कामता पंचायत के गांव की ग्रामीणों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

ब्रजेश राम को मिला जॉब कार्ड

लोहरदगा। वार्ड नंबर 12 के निवासी ब्रजेश राम वर्मा को आज नगर परिषद अंतर्गत उर्स मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में जॉब कार्ड दिया गया। ब्रजेश को यह जॉब कार्ड मुख्यमंत्री श्रमिक (शहरी रोजगार मंजूरी फॉर कामगार) योजना अंतर्गत दिया गया। ब्रजेश ने बताया गया अब तक वे दैनिक मजदूरी के लिए इधर-उधर भटक रहे थे लेकिन मुख्यमंत्री श्रमिक योजना से निबंधित होने के बाद अब जॉब कार्ड मिल गया है। अब नियमित रूप से काम मिल सकेगा जिससे परिवार के भरण-पोषण में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। ब्रजेश ने इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। साथ ही, शहर के अन्य श्रमिको से भी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गयी।

पति से हुआ विवाद तो नवजात बच्ची को छोड़ खा ली कीटनाशक दवा, खतरे से बाहर

भंडरा/लोहरदगा। भंडरा थाना क्षेत्र के अकाशी निवासी शफीक अंसारी की पत्नी 26 वर्षीय संजीदा खातून बुधवार को अपनी नवजात बच्ची को छोड़ कर जहर खा ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने इलाज के लिये महिला को सदर अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने फिलहाल उसे खतरे से बाहर बताया है। ग्रामीणों के अनुसार किसी बात को लेकर पति शफीक अंसारी से उसकी लड़ाई हुई थी। झगड़े के बाद शफीक तो फरार हो गया। लेकिन महिला अपनी नवजात बच्ची को लावारिश अवस्था में छोड़ घर में रखे कीटनाशक खा ली। इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे सदर अस्पताल भेजा और बच्ची को थाने ले आई। जिसे जिम्मेनामा के साथ महिला के भाई सेन्हा डाडू निवासी सलमान अंसारी को देखरेख के लिये सौंप दिया गया। जिम्मेनामा के अनुसार महिला के ठीक होने तक नवजात बच्ची उक्त दंपति के पास रहेगा। ठीक होने के बाद बच्ची महिला को सौंप दिया जायेगा।

एकमात्र मुख्य पथ बोंगा के समीप ध्वस्त

किस्को/लोहरदगा। जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हिसरी एवं ग्राम पंचायत अरेया को जोड़ने वाली एकमात्र मुख्य सड़क बोंगा के समीप ध्वस्त हो गया है जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में काफी मशक्कत उठाना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि अरेया, महुगांव, निरहू एवं चरहु होते हुए हिसरी पतरातू किस्को को जोड़ने वाली एकमात्र मुख्य सड़क बोंगा के समीप ध्वस्त हो जाने से चार पहिया वाहनों के अलावा सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन बाधित हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार उक्त सड़क से दर्जनों गांवों का संपर्क टूट गया है। इधर चार पहिया वाहनों को चलना पूरी तरह से ठप हो गया है। इसके अलावे स्कूली बच्चों को भी पठन पाठन हेतु स्कूल जाने आने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार लोग डर और एवं मौत को गले लगाकर सफर करने पर मजबूर हैं। इधर स्थानीय ग्रामीण प्रखंड एवं जिला प्रशासन से उक्त सड़क पर गार्डवाल और पुल का निर्माण कार्य कराए जाने की मांग कर रहे हैं।

कांग्रेस की बैठक में शामिल हुए बंधु तिर्की, कार्यकर्ताओं को दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित हुए। उन्होंने लोहरदगा जिला स्तरीय भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी के संदर्भ में आवश्यक विचार-विमर्श एवं कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस भारत जोड़ो यात्रा में समाज के सभी वर्गों को शामिल किया जायेगा। पारंपरिक वेशभूषा में बाजा गाजा के साथ आदिवासी समाज के लोग भी शामिल होंगे। जहां 51 कलश के साथ महिलाएं भी शामिल होंगी। वहीं युवा और छात्रों की संख्या भी ऐतिहासिक होगी। जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष अपनी पूरी टीम के साथ राष्ट्रीय झंडा एवं पार्टी के झंडा के साथ शामिल होंगे। जिन्हें प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और मैं स्वयं सभी को सम्मानित करूंगा। पदयात्रा के रास्ते में महापुरुषों के प्रतिमा पर कांग्रेसियों के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, वरिष्ठ कांग्रेसी हाजी शकील अहमद, जगदीप भगत संदीप कुमार मोहन दुबे निशित जायसवाल सलीम अंसारी बड़े प्रदीप विश्वकर्मा हाजी सिकंदर शाहिद अहमद बेलू विशाल डूंगडूग तनवीर गौहर सत्यदेव भगत जुगल भगत युनूस अंसारी विनय उरांव अंसार अहमद अमृता उरांव संतोषी उरांव शंभू प्रजापति इमरान आजाद इम्तियाज अंसारी सैफ अहमद समेत कई अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

निरोगता को लेकर श्रद्धालुओं ने आंवले के नीचे किया पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। मानव को अक्षय प्रदान करने वाली कार्तिक शुक्लपक्ष की नवमी (अक्षय नवमी) के रूप में बुधवार को श्रद्धा से मनायी गयी। अक्षय नवमी पर आंवले के पेड़ का पूजन व पेड़ के नीचे भोजन करने का विशेष विधान है। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक माह में शरीर को कई संक्रामक रोग एक साथ घेरते हैं, आंवले के नीचे भोजन करने से शरीर निरोग रहता है। इसी शुभ अवसर पर आज सुबह से ही लोग परिवार के साथ आंवले के पेड़ के पास पहुंचने लगे। सबसे पहले आंवले के पेड़ का विधिवत पूजन किया गया फिर महिलाओं ने पेड़ के फेरे लगाकर टीका लगाया व कच्चा सूत लपेटा। इसके बाद शुरू हुआ दाल, भात खिचड़ी-चोखा आदि बनाने का सिलसिला आरंभ हुआ किसी ने लकड़ी के चूले बनाकर तो किसी ने गैस के चूल्हे पर भोजन तैयार किया और परिवार के साथ वहीं पर ग्रहण किया। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। इसके पहले घरों में सुबह पूजा-पाठ का आयोजन हुआ। इस संबंध में राकेश मिश्रा ने बताया कि धर्म में हर उस वृक्ष को जिसमें बहुत अधिक औषधीय गुण हैं, उनकी किसी विशेष तिथि पर पूजे जाने की परंपरा बनाई गयी है। आंवला नवमी की परंपरा भी इसका हिस्सा है। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार आंवला प्रकृति का दिया ऐसा तोहफा है, जिससे कई सारी बीमारियों का नाश होता है। आंवला में आयरन और विटामिन-सी भरपूर होता है। आंवले का जूस रोजाना पीने से पाचन शक्ति दुरुस्त रहती है। त्वचा में चमक आती है त्वचा के रोगों में लाभ मिलता है।

विशाल भंडारे का आयोजन

मनिका(लातेहार)। मनिका प्रखंड के कोपे पंचायत के जेरुआ में मनिका ब्लॉक प्रमुख प्रतिमा देवी के द्वारा आयोजित 24 घंटे का अखंड जय श्री सीता राम कीर्तन में हवन में शामिल होने के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही लोगों ने प्रसाद ग्रहण किए। वही भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा अखंड कीर्तन सुनने से मन को शांति मिलती है। हमें हमेशा कीर्तन और अखंड में शामिल होना चाहिए। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी पंकज यादव, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री संदीप उरांव, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, बिट्टू कुमार, अरविंद कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

सरकार विकास के लिए कृतसंकल्पितः वैद्यनाथ राम

लातेहार (आजाद सिपाही)। विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि झारखंड सरकार विकास के लिए कृतसंकल्पित है। विधायक बारियातू प्रखंड के टोंटी पंचायत भवन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सरकार और प्रशासन आपके द्वार आयी है। आपको इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। उन्होने कहा कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए आपको आगे आना होगा। सरकार समाज के हर जरूरमंद के लिए योजनायें चला रही है। उन्होने सर्वजन पेंशन योजना, पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाइ फूले किशोरी समृद्धि योजना आदि की जानकारी दी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत ने भी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इससे पहले विधायक ने दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर जिला परिषद् सदस्य रमेश राम, प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंजू, मुखिया शांति देवी, पंचायत समिति सदस्य मो मुजफ्फा, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, अंकित पांडेय, दीपक कुमार, भुनेश्वर यादव व बीरेंद्र पाठक आदि उपिस्थत थे।

आंवला वृक्ष के नीचे अक्षय नवमी का पर्व मनाया

बरवाडीह। प्रखंड में महिलाओं ने आंवला वृक्ष के नीचे अक्षय नवमी का पर्व मनाया। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आंवला वृक्ष के नीचेअक्षय नवमी की पूजा करने से सौभाग सुख की प्राप्ति होती है। बुधवार को प्रखंड के कई क्षेत्रों की महिलाओं ने स्नान ध्यान कर रेलवे क्लब के सामने आंवला वृक्ष के नीचे पंडित आलोक मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अक्षय नवमी पर्व की पूजा अर्चना किया। इस अवसर परसभी महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा करते हुए परिक्रमा किया। भगवान विष्णु व लक्ष्मी की पूजा अर्चना किया। सुहागिन महिलाओं ने पंडित को कई सामानों का दान करते हुए आंवला वृक्ष के नीचे ही पंडित को कई व्यजनो का भोजन भी कराया। मान्यता है कि आंवला वृक्ष में भगवान विष्णु लक्ष्मी का वास होता है इसलिए सुहागिन महिलाएं अक्षय नवमी के अवसर पर सुहागिन महिला आंवला वृक्ष के नीचे पूजा कर सुख, शांति, समृद्धि, धन संपति, पति की लंबी उम्र की मनोकामना पूर्ण होती है। प्रखंड में इसके अलावा पुरानी बस्ती आंवला वृक्ष, पंचमुखी मंदिर स्थित आंवला वृक्ष, समेत अन्य आंवला वृक्षों के नीचे अक्षय नवमी का पर्व मनाया गया।

ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों का आतंक बदस्तूर जारी, नो इंट्री की मांग

जिला प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती

गलती पायेजाने पर चालको के साथ-साथ वाहन मालिको पर भी उचित कार्रवाई करे

संतोष सिन्हा

बालूमाथ। मगध और आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला लदे हाइवा वाहन दिन-रात बालूमाथ चतरा रांची एनएच 22 मुख्य मार्ग पर दौड़ रही है। जिससे हमेशा एक छोटी से बड़ी सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। तथा कई लोग इसका शिकार भी हो चुके हैं। और लगातार हो भी रही जिससे बालूमाथ से लेकर लातेहार जिला के बड़े अधिकारी भी अवगत है। जिला परिवहन पदाधिकारी को चाहिए की चंदवा से लेकर बालूमाथ प्रखंड के विभिन्न ठीकानो पर ट्रक,हाईवा, ट्रैक्टर को रोक कर चालको का ड्राइविंग लाईसेंस जांच करे। गलती पायेजाने पर चालको के साथ-साथ वाहन मालिको पर भी उचित कार्रवाई करे। दूसरी ओर जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव को भी इस मामले को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इतना ही नहीं बालूमाथ की सड़को में ट्रांस्पोर्ट कंपनी जहा रोड सुरक्षा नियमो की धज्जियां उड़ा रही वही बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में प्रशासन के द्वारा कोयला ढुलाई करने वाले ट्रको, हाईवा को नो इंट्री जोन का भी अनुपालन नहीं कराया जा रहा है। नो इंट्री में कोयला वाहन परिचालन से लातेहार जिला प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे है। वहीं बालूमाथ के प्रमुख लोगों समाजसेवी संगठनों ने बालूमाथ मुख्य मार्ग पर जगह-जगह पर गति अवरोधक लगाने, नियमित रूप से ट्रको, हाईवा व अन्य वाहनों के चालकों की ड्राइविंग लाईसेंस की जांच करने के साथ साथ बालूमाथ के थाना चौका, मुरपा मोड़ चौक, पर ट्रेफिक पुलिस नियुक्त कराये जाने की मांग किया है।

सिविल एक्शन प्रोग्राम के तहत सामग्री का वितरण

महुआडांड। प्रखंड के अति उग्रवाद प्रभावित ग्राम में बुधवार को सीआरपीएफ 218 बटालियन के तत्वाधान में कैंप लगाकर सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के कमांडेंट मो. खालिद खान सौजन्य के मध्यम से डीएसपी महुआडांड राजेश कुजूर मौजूदगी में शिविर लगाकर मच्छर दानी, छाता, सरसों, मटर चना, आलू के साथ यूरिया और डीएपी खाद सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट खालिद खान उ ग्रामीणों को बताया कि ग्रामीण एवम पुलिस और सुरक्षा बलों के बीच समन्वय स्थापित करने एवं भटके लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए इन शिविरों का समय-समय पर आयोजन किया जाता है इसलिए इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से सीआरपीएफ तथा आम लोगों के बीच मित्रवत संबंध स्थापित करना है। वही इस मौके पर सिविक एक्शन शिविर में ग्रामीणों के उत्तम जलपान की व्यवस्था भी सीआरपीएफ 218 बटालियन की ओर से की गयी थीसके अलावा शिविर में सीआरपीएफ चिकित्सा प्रभारी सजन कुमार द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गयी। इस मौके पर महुआडांड़ डीएसपी राजेश कुजूर, सिलक राम थाना प्रभारी आशुतोष यादव मौजूद थे।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा शिविर

सैकड़ों ग्रामीणों ने योजनाओं के लाभ को लेकर दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। सदर प्रखंड के डेमू पंचायत सचिवालय परिसर में बुधवार को झारखंड सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं को गांव- के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को लेकर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर लगाया गया शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त सुरेंद्र कुमार वर्मा, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, बीडीओ, डेमू पंचायत मुखिया के द्वारा संयुक्त रूप शिविर का उद्घाटन करने के उपरांत अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के दर्जनों लाभुक को स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया। शिविर का संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त सुरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को लेकर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। झारखंड सरकार का एक ही उद्देश्य की सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं महत्वाकांक्षी योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके जिसको लेकर पदाधिकारी आपके घर आपके गांव आ रहे हैं। ताकि ग्रामीणों को समस्या का सुन मौके पर ही समाधान किया जा सके। वही बीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा गांव के लोगों को स्ववलंबन की राह पर ले जाने को लेकर कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाए जा रही है। संबंधित विकास योजनाओं का लाभ योग्य एव जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके इसी उद्देश्य के साथ प्रशासन आपके गांव तक आयी है। आप सभी सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वालंबन की राह पर चले। वही जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे आपकी योजना आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाए जाने से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सीधा ग्रामीण को मिलेगा। जिला प्रशासन गांव गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से सीधा रूबरू हो कर। उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। आगे उन्होंने ने कहा कि शिविर में जैसलपीएस पीएम आवास, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग समेत कई अन्य विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए गये हैं।

सीआरपीएफ ने किया सिविक एक्शन प्रोग्राम

बरवाडीह। सीआरपीएफ डी 11वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर बुधवार को कंपनी कमांडर अमरेश कुमार के नेतृत्व ने मोरवाई पंचायत अंतर्गत मोरवाई और मंडल में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर दर्जनों गांव के लगभग दो सौ से अधिक स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री जिनमें किताब कॉपी, कलम, पेंसिल रबर तथा प्रतियोगिता की तैयारी के भी आवश्यक किताबों का वितरण किया गया। इसके अलावा दिव्यांगों, वृद्ध विधवाओं और जरूरमंद व्यक्तियों के बीच प्रतिदिन उपयोग में आने वाले सोलर लैम्प का भी वितरण किया गया। जहां कंपनी कमांडर अमरेश कुमार ने आगे कहा कि सीआरपीएफ आपकी सेवा, सहयोग व सुरक्षा में सदैव आपके साथ खड़ी है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना है। वहीं सीआरपीएफ के द्वारा लगातार किए जा रहे सिविक एक्शन प्रोग्राम से ग्रामीण और बच्चें काफी उत्साहित खुश व लाभान्वित नजर आये। कार्यक्रम में मुखिया आशीष सिंह, प्रधानाध्यापक विश्वनाथ राम, पूर्व पंचायत समिति प्रेम सिंह, बिना देवी के साथ- साथ सीआरपीएफ के मुन्ना कुमार सिंह, विक्रम प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर चैतराम मीना, माला बैठा, रणसिंह सरकार, एमडी लोन और संजय भंडारी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण व बच्चे उपस्थित थे।

इओ ने बाजार का औचक भ्रमण कर 27 लोगों से वसूला 6950 रु. का जुर्माना

खुले में पेशाब करने वालों को दौड़ाया, पकड़े जाने वालों पर लगा अर्थदंड

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। बुधवार शाम को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने अपनी उड़नदस्ता टीम के साथ सिसई रोड स्थित व्यवसायिक क्षेत्र का औचक दौरा किया। भ्रमण के दौरान ऐसे लोगों पर ऑन स्पॉट जुर्माना लगाया गया जिन्होंने या तो अपने बाहर गंदगी फैलाई हुई थी या सामान सड़क तक फैलाया हुआ था।

इसके अलावा भट्टी तालाब तथा पटेल चौक पर खुले में पेशाब करने वाले लोगों को नगर परिषद के होमगार्डों द्वारा दौड़ाया गया। पकड़ में आने पर जुर्माना भी लगाया गया। संजय कुमार ने बताया कि बुधवार के इस अभियान में 27 लोगों से कुल 6950 रु. का अर्थदंड वसूला गया। संजय कुमार ने बताया कि नगर परिषद की उड़नदस्ता टीम अगले दो माह तक लगातार सक्रिय रहेगी। अभियान के दौरान नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा, कर दरोगा रविंद्र गोप, कर दरोगा सचिन स्नेही, कनीय अभियंता मनीष कुमार आदि सहित नगर परिषद के जवान मौजूद थे।

घाघरा प्रखंड के सेहल गांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सेहल गांव में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कैम्प का आयोजन बुधवार को किया गया। कैम्प में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 6 किशोरियों को स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस के तहत महिला मंडल को एक लाख पचास हजार रुपए सीसीएल, 50 जरूरतमंद को कम्बल, 10 पेंशन का पीपीओ स्वीकृत कर वितरण किया गया। वहीं 40 लोगों को कोविड प्रिकॉसन डोज, 95 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन ने कहा कि कैम्प में नया राशन कार्ड, केसीसी, मनरेगा जॉब कार्ड, किशोरी समृद्धि योजना, पेंशन सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। मौके पर उपस्थित बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप, सीओ प्रणव ऋतुराज, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रीति कुमारी कुजूर, बीएचओ सीमा एक्का, बीएओ विनोदानंद पाठक, जिला परिषद सदस्य मानती उरांव, आईएसएपी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मोनीषा कुमारी, बाल विकास परियोजना सुपरवाइजर राजेश्वरी देवी, आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार, सावित्री कुजूर, सीएचओ रेणुका कुमारी, निशा कुमारी, कुस्मिता हुरहुरिया, लक्ष्मण गोप, संतोष रजवार, जेएसएलपीएस के अभिनंदन कुमार सहित प्रखंड के कई कर्मी व सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

कोनबीर पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कई आवेदन किये गये निष्पादित

बसिया (आजाद सिपाही)। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के द्वितीय चरण का आयोजन बुधवार को कोनबीर पंचायत भवन प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का निरीक्षण नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, सीओ रविन्द्र पांडेय समेत सभी विभागीय पदाधिकारी, प्रमुख, मुखिया अमृता देवी, पंचायत समिति सदस्य के साथ ग्रामीण उपस्थित थे। उक्त शिविर में पेंशन के 153 आवेदन जिसमें 80 तुरंत स्वीकृत एवं पीपीओ का वितरण, केसीसी के 80 आवेदन जिसमें 12 स्वीकृत समेत पीडीएस, जाति, आवास आवेदन, मनरेगा जॉब कार्ड, मनरेगा मजदूर निबंधन, श्रम, फूलो झानो, सावित्री फूले, किशोरी समृद्धि समेत अन्य आवेदन ग्रामीणों द्वारा दिये गये। जिसमें कुछ को शिविर में ही निष्पादित कर दिया गया।

शहर की समस्याओं को लेकर झानद का धरना 9 को

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल गुमला नगर परिषद इकाई द्वारा शहरवासियों की समस्याओं को लेकर 9 नवंबर 2022 को नगर परिषद कार्यालय गुमला के समक्ष धरना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विदित हो कि गुमला नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों में भारी अनियमितता बरते जाने तथा पेयजल, बिजली, साफ-सफाई इत्यादि कई समस्याओं से शहरवासी परेशान हैं। इन तमाम समस्याओं का निदान करने में जिम्मेवार अधिकारी व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता को देखते हुए यह धरना कार्यक्रम जेएनडी द्वारा आहूत किया जा रहा है। उदासीनता की पराकाष्ठा यह है कि छठ जैसा महापर्व में भी चार दिनों से शहर में जलापूर्ति बंद थी, लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ा। वहीं स्थानीय सांसद व विधायक भी मूकदर्शक बने रहे। धरना कार्यक्रम में शहरवासियों से बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाने की भी अपील झारखंड नवनिर्माण दल नगर परिषद इकाई गुमला द्वारा की गई है।

सौर ऊर्जा बोरवेल पानी टंकी का नप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

गुमला (आजाद सिपाही)। नगर परिषद गुमला द्वारा निर्मित वार्ड नंबर 16 करमटोली में सौर ऊर्जा आधारित एचवाईडीटी बोरवेल से जलापूर्ति योजना का उद्घाटन नगर परिषद के अध्यक्ष दीप नारायण उरांव एवं उपाध्यक्ष कलीम अख्तर ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अध्यक्ष ने कहा इस योजना से मोहल्ले वासी काफी लाभान्वित होंगे। श्री उरांव ने कहा कि जल इंसान की बुनियादी जरूरत है। बिना जल के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए नगर परिषद नगरीय क्षेत्र में जल का अभाव को दूर करने के लिए कई तरह की योजनाएं चला रहा है। ताकि अंतिम व्यक्ति तक स्वच्छ जल मिल सके। वहीं उपाध्यक्ष कलीम अख्तर कल्लन ने कहा कि नगर परिषद की इस योजना का लाभ हर खास आम को होगा। स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करना नगर परिषद का दायित्व है। लेकिन इस सोलर टंकी की हिफाजत करना मोहल्ले वासियों का कर्तव्य बनता है। क्योंकि यह मोहल्ले वासियों की सुविधा के लिए ही बनाया गया है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मंगल राम भगत, खतयानी पार्टी के रोहित भगत, आशीष गोप, संजू उरांव, विनय गोपाल शर्मा, बिरेंदर साहू, कनीय अभियंता सुनील उरांव, आनंद मुरमू एवं काफी संख्या में मोहल्ले वासी मौजूद थे।

शोकसभा : दिवंगत मीडिया कर्मी स्व. अजीत सोनी को दी गयी श्रद्धांजलि

जिला प्रशासन की गहरी संवेदनाएं परिजनों के साथ हैं, हरसंभव मदद की जायेगी : डीसी

मीडिया कर्मियों के दुख सुख में साथ है गुमला पुलिस : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। दिवंगत मीडिया कर्मी स्व. अजीत सोनी की आत्मा की शांति हेतु एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय की ओर से आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में उपायुक्त सुशांत गौरव, पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारीब, डीपीआरओ संजय कुमार, गुमला जिला प्रेस एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित जिले के सभी प्रमुख अखबारों के ब्यूरो प्रमुख, तमाम वरिष्ठ पत्रकार, छायाकार आदि शामिल हुए। सभी ने दिवंगत पत्रकार की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा। तदुपरांत सभी ने एक स्वर में उनके परिजनों की मदद के लिये परिवार के साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता जतायी।

स्थानीय न्यूज चैनल के पत्रकार अजीत सोनी के आकस्मिक निधन पर उपायुक्त एवं सभी पत्रकार साथियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उनकी फोटो पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

शोक सभा का संचालन जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार ने किया। पत्रकारों ने अजीत सोनी के आश्रितों को आर्थिक अथवा वैकल्पिक सहायता की उपायुक्त से मांग की।

इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि परिवार को जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। उनके बच्चों को अच्छे विद्यालय में पढ़ने एवं उनकी पत्नी को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर रोजगार देने हेतु प्रयास किया जाएगा।

उपायुक्त ने पत्रकारों को एक परिवार की तरह एकजुट होकर अजीत सोनी के परिवार के सदस्यों के साथ खड़े रहने और उनकी सहायता करने की अपील भी की। उपायुक्त ने सभी पत्रकारों को अपने लिए हेल्थ इंश्योरेंस लेने की भी सलाह दी।

शोक सभा में मुख्य रूप से उपायुक्त गुमला, एसपी गुमला, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी एलिना दास, लिपिक स्वाति तिर्की, कैमरामैन दिवाकर साहू, इलेक्ट्रॉनिक तथा प्रिंट मीडिया के वरिष्ठ साथी गण एवं अन्य उपस्थित थे।

सभा के बाद डीपीआरओ सह कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने नगर परिषद अध्यक्ष से मशविरा कर नियमानुसार स्व. अजीत सोनी के किसी परिजन को नगर परिषद में दैनिक मानदेय पर सेवायोजन का प्रस्ताव रखा, जिस पर अध्यक्ष दीपनारायण उरांव ने अपनी सहमति प्रदान कर दी। उत्तर प्रस्ताव के नगर परिषद बोर्ड से पारित होने के उपरांत उनके परिजनों में से किसी एक पात्र व्यक्ति को नगर परिषद में सेवायोजित करने का विकल्प मिल जायेगा।

शराब से लदा ट्रक पलटा, चालक व खलासी फरार

ट्रक में ऊपर धान का भूसा लदा था, जिसके नीचे भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब की बोतल थी, पुलिस मामले की जांच कर रही है

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। पालकोट बसिया रोड में पुलिस ने अंग्रेजी शराब से लदे एक ट्रक का पीछा किया। भागने के क्रम में वह पलट गया। बताया जा रहा है कि इलाके की गश्ती में निकले पालकोट थाना प्रभारी की गाड़ी को देख कर पालकोट बसिया बसिया रोड में एक मालवाहक ट्रक तीव्र गति से भागने लगा। जो पालकोट के पिंजरा डिपा नदी के समीप ब्लाइंड स्पॉट के पास पलट गया। जिससे पालकोट पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है।

घटना स्थल पर मौजूद पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा ने बतलाया कि वे नियमित गश्ती पर थे, तभी पालकोट बसिया रोड पर एक मालवाहक ट्रक जिसका नम्बर यूपी5एटी 6701 था, वह पुलिस की गाड़ी को देखकर तीव्र गति से गुमला की ओर भागने लगा। तेज रफ्तार होने के कारण पालकोट के पिंजरा डिपा के समीप ब्लाइंड स्पॉट पर पलट गया। गाड़ी का चालक व खलासी मौके से फरार हो गये। पीछा कर रही पुलिस ने जब गाड़ी का सर्च किया तो ट्रक में ऊपर धान का भूसा लदा था, जिसके नीचे भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब की बोतल थी। शराब की बोतल में हिमाचल में बिक्री के लिए मान्य लिखा है। थाना प्रभारी के मुताबिक संभवतः यह नकली अथवा अवैध शराब हो सकती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पत्रकार के निधन पर कांग्रेस नेता ने किया शोक व्यक्त

गुमला (आजाद सिपाही)। पत्रकार अजीत सोनी के निधन पर समाजसेवी रमेश कुमार चीनी ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वे इस घटना से मर्माहत हैं। उन्होंने उनके आकस्मिक निधन पर शोक जताया है और परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। कहा कि निजी तौर पर वे पीड़ित परिवार के साथ हैं। अजीत मिलनसार और मृदुभाषी स्वभाव के धनी थे। जनहित की खबरों को प्राथमिकता से उठाते थे। कम समय के पत्रकारिता जीवन में अपनी कार्यशैली की बदौलत अलग पहचान स्थापित की थी। उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

ग्रामीणों ने आरोपी हुसैन अंसारी को पकड़कर पुलिस को सौंपा, भागने के क्रम में आरोपी का पैर टूटा

सिसई। थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से कमजोर 13 वर्षीय नाबालिग आदिवासी बालिका के साथ एक समुदाय विशेष के युवक के द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला मंगलवार की दोपहर करीब 1 से 2 बजे की बतायी जा रही है। ग्रामीणों ने भागने के दौरान गिरकर गंभीर रूप से घायल आरोपी हुसैन अंसारी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। उसका एक पैर टूट गया है, जिसका सदर अस्पताल गुमला में पुलिस निगरानी में इलाज चल रहा है। वहीं नाबालिग पीड़िता का बुधवार को मेडिकल कराकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

इस बावत सियांग गांव निवासी पीड़िता की मां ने मंगलवार को बघनी गांव निवासी हुसैन अंसारी (23) के विरुद्ध दुष्कर्म का केस दर्ज कराकर कड़ी करावाई की मांग की है।

दर्ज केस में कहा गया है कि मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे अपने मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग 13 वर्षीय पुत्री के साथ नहाने गयी थी, बेटी को ठीक से उसे बोलने और समझने में परेशानी होती है। धीरे धीरे चलने के कारण घर लौटने के दौरान वह पीछे रह गयी और मैं उससे पहले घर आ गयी। काफी समय बीत जाने के बाद भी उसके घर नहीं पहुंचने पर मैं उसको खोजने गयी। घर के कुछ दूरी पर स्थित देशवाली झाड़ी से मेरी बेटी की जोर जोर से रोने की आवाज सुनाई दी। मैं वहां जाकर देखी तो मेरी बेटी निर्वस्त्र अवस्था में जमीन पर पड़ी हुई है और बघनी गांव निवासी हुसैन अंसारी उसके साथ दुष्कर्म कर रहा है। मेरे चिल्लाते ही वह उठकर पैंट पहनते हुए भागने लगा। मेरी आवाज सुनकर कुछ ग्रामीण उसे पकड़ने के लिए दौड़ाने लगे। भागने के क्रम में वह गिर गया, जिसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया। मेरी बेटी के इधर उधर बिखरे कपड़े को समेटकर उसे पहनाने के बाद ग्रामीणों को मेरे द्वारा मामले की जानकारी देने पर ग्रामीणों ने पुलिस को बुलाकर हुसैन को पुलिस को सौंप दिया।

बैठक : पंचायत समिति सदस्यों ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

कई योजनाओं के लिए किया गया प्रस्ताव पारित

आजाद सिपाही संवाददाता

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की समीक्षात्मक बैठक बुधवार को हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने की। बैठक में विभिन्न योजनाओं के बारे में पदाधिकारियों से जानकारी ली गई। जबकि योजनाओं में गति लाने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही साथ कई लाभकारी योजनाओं को प्रस्तावित कर पारित किया गया। जैसे 15वीं वित्त योजना के टाइड एवं अनटाइड योजना तथा आपदा प्रबंधन से 25000 तक का घर मरम्मत हेतु आवेदन देकर लाभुक को लाभ पहुंचाने हेतु प्रस्ताव पारित, शिक्षा विभाग को सावित्री बाई फुले योजना अंतर्गत बालिकाओं को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव, स्कूल में पोशाक खरीददारी तथा छात्रवृत्ति

की राशि अभिभावकों के खाते में स्थानांतरण करने का प्रस्ताव, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं जेएसएलपीएस को अधिक से अधिक सावित्रीबाई फुले योजना में आवेदन प्राप्त कर डाटा एंट्री करना, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को सावित्रीबाई फुले एवं मातृ वंदन योजना में प्रोत्साहन राशि को अधिक से अधिक लाभुकों को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

इस दौरान बेंदोरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उषा लिमा तिग्गा ने बिंदौरा पंचायत 14वें व 15वें वित्त योजना में वेंडर द्वारा किए गए घोटाले के मामले में कार्रवाई नहीं होने के संदर्भ में बात उठायी। इस पर चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह ने बताया कि उक्त वेंडर को काली सूची में डाल दिया गया है। साथ ही सरकारी राशि की रिकवरी भी की जा रही है। भेंडर से 3 लाख 50 हजार रुपये सरकारी राशि की रिकवरी की जाएगी। इस बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, उद्योग, व्यापार, बाल विकास, वाणिज्य, जनवितरण प्रणाली, बिजली, यातायात, गैस, पशुपालन एवं विभिन्न संचालित योजनाओं आदि की समीक्षा की गई एवं अद्यतन प्रगति का अवलोकन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर, बीडीओ शिशिर कुमार सिंह, अंचलाधिकारी गौतम कुमार, चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, कावेरी गुप्ता, सभी पंचायत समिति सदस्य सहित कई लोग उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

वन क्षेत्र पदाधिकारी ने हाथी प्रभावित गांवों में टॉर्च व पटाखों का किया वितरण

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर मुख्यालय स्थित रेंज ऑफिस परिसर में बुधवार को वन क्षेत्र पदाधिकारी गायत्री देवी द्वारा जंगली हाथी प्रभावित गांव बमनी, छतरपुर, सिंहपुर, चटकपुर, टोंगो व बुकमा से पहुंचे ग्रामीणों के बीच टॉर्च और पटाखों का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित जिप सदस्य मेरी लकड़ा भी ग्रामीणों को टॉर्च व पटाखा देते हुए उनकी समस्याओं से अवगत हुईं। वन क्षेत्र पदाधिकारी ने कहा कि जंगली हाथी चैनपुर और जारी प्रखंड के सीमावर्ती जंगलों में डेरा जमाए हुए हैं, जिसे खदेड़ने के लिए विशेष टीम भेजी गयी है। जल्द ही जंगली हाथियों को क्षेत्र से दूर खदेड़ दिया जाएगा। मौके पर फॉरेस्टर मंगल उरांव, संतोष गोप, बेंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज एवं कई वनरक्षी उपस्थित थे।

बसिया प्रखंड की सभी पल्लियों में ईसाई धर्मावलंबियों ने कब्र पर्व मनाया

बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कोनबीर नवाटोली, टकरमा, दलमादी, ममरला, केमताटोली समेत सभी पल्लियों में ईसाई धर्मावलंबियों द्वारा मृत विश्वासियों के लिए कब्र पर्व मनाया गया। प्रत्येक वर्ष 2 नवम्बर को सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए विशेष अनुष्ठान चर्च और कब्रिस्तान में किया गया। इसके पूर्व सभी कब्रों की सफेद रंग से रंगाई पुताई कर उन्हें रंग रंगोली से सजाया गया। इसके साथ ही फूल माला से सजाया गया। कब्रों के पास ईसाई अनुयायियों के द्वारा मिस्सा पूजा भी की गयी। मालूम हो कि सभी संतों के पर्व मनाने के एक दिन बाद प्रति वर्ष 2 नवम्बर को समस्त ख्रीस्तीय समुदाय अपने पूर्वजों की याद में कब्र पर्व मनाते हैं। इसके पूर्व कब्र स्थल की साफ सफाई की जाती है और पूर्वजों की आत्मा की अनंत शांति के लिये प्रार्थना की जाती है।

लकेया गांव में बजरंग दल कमेटी का गठन, वीरेंद्र महली बने अध्यक्ष

सिसई (आजाद सिपाही)। विहिप बजरंग दल के लकेया गांव में प्रखंड मंत्री उदय कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में लकेया गांव के बजरंग दल कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष वीरेंद्र महली, उपाध्यक्ष गजेंद्र महतो, शंकर लोहरा, मंत्री सिकंदर उरांव, सह मंत्री शिवम महली, महा लोहरा, संयोजक राजा वर्मा, सह संयोजक राजकुमार केरकेट्टा, राणा प्रताप उरांव सुरक्षा प्रमुख दशरथ साहू, गौरक्षा प्रमुख महेश उरांव सहित अन्य कार्यकर्ताओं का चयन किया गया। मौके पर सौरव ताम्रकार, किशन सिंह, पूर्णिमा देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

करनी पंचायत के मिरचाई पाठ में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

डुमरी (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत करनी पंचायत के मिरचाई पाठ में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां बीडीओ एकता वर्मा, सीओ शिवपूजन तिवारी, प्रमुख जीवंती एक्का ने ग्रामीणों के साथ चटाई में बैठकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी। ग्रामीणों से गांव की समस्या के बारे में जानकारी ली गई। ग्रामीणों ने अधिकारियों को गांव में पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य सेवा सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों की समस्या सुनकर बीडीओ ने आंगनबाड़ी सेविका को फटकार लगायी और सहिया को अच्छे से काम करने की हिदायत दी गई। साथ बीडीओ ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर वृद्धों के बीच पीपीओ 6, सावित्री फुले किशोरी समृद्धि के 2, कंबल 42, जॉब कार्ड 8, पेंशन प्रमाण पत्र 13 वितरण किया गया। वहीं खाता खुला 10, ओपीडी 50, एनसीडी 19, वैक्सीन 23, एचबी 23, आवास 35, राशन कार्ड के 6 आवेदन जमा किये गये। मौके पर मुखिया संजय उरांव, रोजगार सेवक अमित जयसवाल, बंधन महतो, राजू कुमार, रामप्रसाद सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

नाथपुर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में एसडीओ ने कंबल व पेंशन कार्ड बांटा

पालकोट (आजाद सिपाही)। प्रखंड के नाथपुर पंचायत के पंचायत सचिवालय के प्रांगण में आपकी योजना आपका सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाकर पंचायत के आम नागरिकों को राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं को जनमानस तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया गया। कार्यक्रम में बसिया अनुमंडल एसडीओ संजय पीएम कुजूर के द्वारा पंचायत के 30 वृद्ध महिलाओं को ठंड से बचने के लिए निःशुल्क कंबल वितरण करते हुए विकलांग, विधवा, वृद्ध लोगों के बीच 35 पेंशन कार्ड का वितरण किया गया। इसके अलावा प्रखंड सह अंचल विभाग के द्वारा मनरेगा, बाल विकास परियोजना विभाग, पशुपालन विभाग, पीएम आवास योजना के विभाग, व अन्य विभागों के द्वारा र-टॉल लगाकर पंचायत के जनमानस तक राज्य सरकार की ओर से चलाये जा रहे संचालित योजनाओं को पहुँचाने का कार्य किया गया। मौके पर जिप सदस्य सुकांति देवी, प्रमुख सोनी लकडा, मुखिया नेल्सन सोरेंग, सीआई मो युसुफ, डॉक्टर कविता बाला टुटी, आंनद कुमार, गोरखनाथ यादव, समेत पंचायत के महिलाएं व पुरुष शामिल थे।

नयी शिक्षा नीति पर जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन संपन्न

नयी शिक्षा नीति के लागू होने से होंगे बेहतर बदलाव : उपायुक्त

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना के योजनानुसार नयी शिक्षा नीति-2020 को लागू करने को लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन मेदिनीनगर में बुधवार को जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार व जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व विषय प्रवेश डीईओ अनिल कुमार चौधरी ने किया। जबकि संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। सम्मेलन में उपस्थित दो सौ पच्चीस मुखियागण को संबोधित

करते हुए उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि नयी शिक्षा नीति के लागू होने से समाज में बेहतर बदलाव होंगे।उन्होंने जोर देकर कहा कि आप सब भेदभाव व जातपात के बिना पंचायत में सरकारी योजनाओं को लागू करें।यह सुनिश्चित करें कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहे। गरीबी से लड़ने में शिक्षा ही कारगर हथियार है।उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि मुखिया के रूप में आप सब शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करें और प्रगति के वाहक बनें।उन्होंने आसपास हो रहे सकारात्मक परिवर्तन पर रोशनी डालते हुए प्रतिनिधियों में जोश भरा। जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि शिक्षक,समुदाय व पंचायत प्रतिनिधियों के सामूहिक भागीदारी से नयी शिक्षा नीति को फलीभूत किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि मुखिया इसे लागू करने के अभियान का अहम कड़ी होंगे,हम हर कदम पर सहयोग करेंगे।एपीओ अशोक रजक,उदय कुमार सिंह व जान मुथु ने पीपीटी के माध्यम से शिक्षा अधिकार,समग्र शिक्षा व नयी शिक्षा नीति पर विन्दुवार जानकारी देते हुए मुखिया के दायित्वों को स्पष्ट किया।मौके पर मुखिया संघ के जिला सचिव राजेंद्र पाण्डेय व महामंत्री श्रवण राम ने सकारात्मक पहल करने का संकल्प व्यक्त किया। सम्मेलन को सफल बनाने में सहायक अभियंता दिलीप सिंह,सहायक राजीव चौबे, विकास दूबे, सुधीर कुमार, प्रेमचंद कुमार, अनिल ठाकुर, विनोद तिवारी, विजय शुक्ला, जावेद अख्तर, वीरेंद्र तिवारी व रामसरेख पाण्डेय ने सक्रिय भूमिका निभायी।

कीट के प्रकोप से फूटने के समय धान सूखे, किसान परेशान

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड के सोनबरसा गांव के किसान का 5 एकड़ में लगा धान का फसल, किट पतंगों के प्रकोप से नष्ट हो गया। इस संबंध में प्रभावित किसान स्वयंबर सिंह ने हुसैनाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन कुमार सिंह को एक आवेदन देकर उचित मुआवजा की मांग की है।दिये गए आवेदन में कहा है कि मैं अपने खेत मे तकरीबन 5 एकड़ में खरीफ फसल धान की खेती की थी। लेकिन धान फूटने के समय सभी फसल किट-पतंगों व रोग लगने के कारण सुख गए। दिए गए आवेदन में मामले की जांच कर उचित मुआवजा की मांग की गई है। इधर इस तरह की शिकायत दरुआ समेत अन्य गांवों में भी मिली है। बताते चलें कि हुसैनाबाद क्षेत्र में किसी तरह नाम मात्र की धान की खेती हुई है। पूरा प्रखंड क्षेत्र सुखाड़ की चपेट में है। किसानों का कहना है कि अब धान को तैयार होने का समय है। लेकिन किसी कीड़ा लगने से धान के

फसल फूटने की जगह सुख रहे है। पूंजी व समय दोनों बर्बाद हो गए।अब हमें आजीविका चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।साथ ही आर्थिक व्यवस्था खराब हो रही है।इस सम्बंध में प्रभारी कृषि पदाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि इस तरह की शिकायत मिल रही है। इसकी सूचना जिला मुख्यालय को दी गयी है। प्रावधान के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कुसुम योजना से लगी सोलर पंपसेट की चोरी

हैदरनगर (आजाद सिपाही)। हैदरनगर थाना क्षेत्र के चौकड़ी मोड़ पर खेत में पटवन कार्य में लगी प्रधानमंत्री कुसुम योजना की दो एचपी के सोलर पंपसेट की अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। इस संबध में बहेरा गांव निवासी भुक्तभोगी किसान अखिलेश कुमार सिंह ने थाना में आवेदन देकर बताया है कि उनकी सोलर पंपसेट प्रधानमंत्री कुसुम योजना से मिली थी। बीती रात इसकी चोरी होने के दूसरे दिन दोपहर में आलू पटवन के लिये खेत में गया तो समरसेबल सोलर पंपसेट गायब पाया। आसपास काफी खोजबीन करने व कहीं भी इसकी सुराग नहीं मिलने पर लिखित शिकायत थाना में दी है। थाना प्रभारी अजित कुमार मुंडा ने बताया कि इस मामले में प्राप्त आवेदन पर जांचोपरांत कार्रवाई करने की प्रक्रिया जारी है।

पलामू में हक हमारा भी तो है अभियान के तहत जेल में बंदियों का साक्षात्कार शुरू

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। नालसा के दिशा निर्देश और झालसा के तत्वावधान में जिले में हक हमारा भी तो है @ 75 की शुरूआत कर दी गई है। इस कार्यक्रम के तहत जेल में अंडर ट्रायल और सजायाफ्ता बंदियों को लीगल एड के माध्यम से दी जाने वाली मूलभूत सहायता के बारे में जानकारी दी जा रही है। बुधवार को पैनल अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय, सचिन्द्र कुमार पांडेय, पीएलभी करण थापा, बिनय प्रसाद,श्रीकांत तिवारी, सुमन्त मेहता और सुचिता एक्का ने कारा में बंद लोगों का साक्षात्कार प्रपत्र भरे। यह प्रपत्र सात नवंबर तक भरा जाएगा। जरूरत पड़ने पर आगे भी इसकी तिथि बढ़ाई जा सकती है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि न्याय से कोई भी व्यक्ति वंचित नहीं रहे। मौके पर 150 बन्दियों की काउंसलिंग की गई तथा प्रपत्र भरा गया।

विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को नावा बाजार प्रखंड सभागार में किया सम्मानित

कोई भी जनप्रतिनिधि छोटा या बड़ा नहीं होता : विधायक

कड़ी से कड़ी जुड़ कर जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता काम करें और क्षेत्र के समुचित विकास करें : डां ईश्वर सागर

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। नावा बाजार प्रखंड के सभागार में बुधवार को नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव के अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन गिरजा शंकर राम ने किया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी एवं भावी विधायक प्रत्याशी डां ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने संयुक्त रूप से सम्मान समारोह में सभी पंचायत प्रतिनिधियों व भाजपा प्रखंड कमेटी के साथ थाना प्रभारी एवं पत्रकार बंधुओं को शौल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उक्त मौके पर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि विकास के लिए कोई भी प्रतिनिधि छोटा या बड़ा नहीं होता सभी का मान सम्मान बराबर है,कार्यक्षेत्र में बड़ा हो सकता है । विधायक ने उम्मीद जताते हुए पंचायत प्रतिनिधियों को अपने अधिकार व कर्तव्य को समझते हुए ईमानदारी से कार्य करने की सलाह दी। इसके साथ गांव को संपूर्ण विकास करने की बात कही। विधायक श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि नावा बाजार में समुचित विकास करते हुए एक और डिग्री कॉलेज के लिए 15 करोड़ रुपए की

स्वीकृति करा दिया है। इसके अलावा कई योजनाएं को भी स्वीकृति प्रदान करा दिया गया है । साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ही पंचायत व गांव का हरसंभव विकास होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद स्थापित होगा और क्षेत्र का सुचित विकास होगा। विकास के लिए सबकी भागीदारी सुनिश्चित होनी जरूरी है। वही आने वाले समय के दौरान भावी विधायक प्रत्याशी के रूप डां ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी के वरीय पदाधिकारी के साथ मुख्य सदस्य एवं कार्यकर्ता सभी कड़ी से कड़ी जुड़ कर क्षेत्र का समुचित विकास किया जाएगा जिसके लिए मैं 24 घंटे आपके सेवा में शामिल हूं। सम्मान समारोह के दौरान प्रमुख विघा देवी, जिला पार्षद प्रतिनिधि राजबली महारा, मुखिया कमला देवी,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी, जमालुदीन खां, विधायक प्रतिनिधि रामरेखा चंद्रवंशी, थाना प्रभारी दीपक कुमार दास, रविंद्र नाथ उपाध्याय, पूर्व प्रमुख रविंद्र पासवान, अशोक चौहान, मनोज गुप्ता, अखिलेश यादव, संतोष पाल, अमरेश राम, जगदीश सिंह, उदय यादव, बबीता देवी, पूनम कुमारी, प्रमुख प्रतिनिधि पटेल दुबे, मुखिया प्रतिनिधि सफीर आलम, दामोदर चौधरी, संजीवन भुईयां, अमरेश राम, मनोज गुप्ता, सरजू प्रजापति, लिलावती देवी, निर्मल यादव, प्रशू मेहता, कमल कुमार, गीता देवी, शैलेश कुमार यादव के साथ सभी वार्ड सदस्य एवं मंडल के पदाधिकारी, नेताओं को सम्मानित किया गया ।

मीडिया कर्मी ने थाने में आवेदन देकर लगायी न्याय की गुहार

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही) । सतबरवा के पत्रकार पप्पू कुमार ने सतबरवा निवासी मेघराज प्रसाद पर गाली गलौज रंगदारी मांगने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए सतबरवा थाना प्रभारी को एक आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि 30 अक्टूबर छठ पूजा के दिन मेला टांड़ में हम फल्हारी की दुकान लगाए थे। इसी बीच लगभग 12:00 बजे मेघराज प्रसाद पिता स्वर्गीय रामेश्वर साव आकर दुकान लगाने के एवज में रंगदारी मांगने लगा जिसका हम विरोध कर रहे थे। पैसा नहीं देने पर उसने गाली गलौज करते हुए हमारे साथ मारपीट किया और दुकान नहीं लगाने का धमकी दिया है। जिसके चलते हमें अपनी जान का भी डर बना हुआ है। जिसका वीडियो क्लिप मेरे पास है और यह वीडियो क्लिप साक्ष्य के रूप में मैं सतबरवा थाना प्रभारी को ही व्हाट्सएप के माध्यम से दिया हूं। मेघराज प्रसाद के द्वारा छोटे-मोटे दुकानदारों से अवैध रूप से डरा धमका कर पैसे उगाही किया जाता है और सभी डर से दे भी देते हैं, इसी का फायदा उठाकर वह मुझ से पैसा मांगने आया था। 31 अक्टूबर को आवेदन दिया गया है, यह घटना युवा समाजसेवी अतुल कुमार को जब पता चला तो उन्होंने ट्वीट के माध्यम से पलामू एसपी,डीजी, मुख्यमंत्री समेत कई बड़े अधिकारियों को भी ट्वीट के माध्यम से जानकारी दिया गया है और आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। प्राथमिकी 341, 323, 385, 387, 504 और 506 दर्ज कर ली गई है।

टीम सूर्या के बैनर तले पंचायत स्तरीय खेल अभियान का हुआ उद्घाटन

इस मुहिम से जुड़कर युवा हुसैनाबाद को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलायें : विधायक

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद के कपूर्री मैदान में टीम सूर्या के बैनर तले बुधवार को पंचायत स्तरीय खेल अभियान का उद्घाटन मुख्य अतिथि हुसैनाबाद विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने किया। राष्ट्रीय गान के बाद खेल की शुरूआत की गई। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि टीम सूर्या हुसैनाबाद के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से उन्हे आगे लाने का प्रयास कर रही है। जो सराहनीय है। पंचायत स्तरीय खेल अभियान के आयोजक सह एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि उनकी सोच हुसैनाबाद को राष्टीय स्तर पर पहचान दिलाने की है। इसके तहत प्रतियोगी परीक्षाओं में युवा को आईएस आईपीएस की परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन की व्यवस्था, खेल के माध्यम

युवाओं को जिला राज्य व देश स्तर पर पहुंचने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तरीय खेल अभियान की शुरूआत हुसैनाबाद से की गई है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। सभी प्रखंड मुख्यालय में पंचायत स्तरीय खेल का आयोजन किया जाना है। पांचों प्रखंडों से बेहतर खिलाड़ियों की प्रखंड स्तरीय टीम बना कर प्रखंड स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित कर अभियान के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कपूर्री मैदान को सुसज्जित किया जायेगा। जिससे हुसैनाबाद के लोगों को खेल या अन्य कार्यक्रम कराने में सुविधा हो सके। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं से टीम सूर्या मुहिम से जुड़कर हुसैनाबाद का मान बढ़ाने का आह्वान किया। उद्घाटन मैच हुसैनाबाद के ऊपरी कला पंचायत व बनिया डीह बराही के बीच खेला गया। जिसमे बराही की टीम ने ऊपरी को तीन विकेट से पराजित किया।मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, मनान खान,पूर्व नपं अध्यक्ष उषा देवी, चंदन सिंह, विनय पासवान,जफर इमाम,गुड्डू सिंह, बिमलेश सिंह, ज्याउदीन खान, रविंद्र कांश्यकार, जिशान हसन, बबिता सिंह, अंजली शर्मा के अलावा एनसीपी के कई कार्यकर्ता व दर्शक उपस्थित थे।

पांकी की बेटी बनी डॉक्टर

पांकी/ पलामू (आजाद सिपाही) । पांकी के प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी सह समाजसेवी मधुसूदन प्रसाद गुप्ता की बेटी वसुंधरा गुप्ता ऊर्फ हनी ने नीट की परीक्षा पास कर ली है। उसे 616 अंक प्राप्त हुआ है।राज्य के दूसरे बड़े मेडिकल कॉलेज एमजीएम जमशेदपुर में उसका नामांकन होगा। वसुंधरा ने बताया की मेरी सफलता में मेरे माता पिता का काफी सराहनीय योगदान रहा। उन्होंने मेरे हौसले को टूटने नहीं दिया। पिता का सपना था कि मैं डॉक्टर बनू और मेरी भी सोंच थी की मैं डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करूँ। वसुंधरा गुप्ता ने यह साबित कर दिया कि गांव के बेटी भी डॉक्टर बन सकती है। अथक परिश्रम से वसुंधरा ने यह मुकाम पाया है। डॉक्टर बनने का उसका सपना था जिसे उसने अपने मेहनत के दम पर कर दिखाया। मधुसूदन गुप्ता के दो पुत्र एवं एक पुत्री है बड़े पुत्र हर्ष कुमार गुप्ता उर्फ सिंकू ने बीबीए

किया है जो फिलहाल मुम्बई में रिलायंस रिटेल में मैनेजर के रूप में कार्यरत है।छोटा पुत्र गुरुदयाल उर्फ गोलू दवा के कारोबार से जुड़ा है । वसुन्धरा की सफलता पर बधाई देने वालो को तांता लगा है। बधाई देने वालों में पांकी थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, पिपराटांड़ थाना प्रभारी राहुल कुमार गुप्ता, संजय प्रसाद गुप्ता, मुरली प्रसाद गुप्ता, उपेन्द्र गुप्ता, संतोष प्रसाद, शोएब आलम, बालगोविंद प्रसाद गुप्ता सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

पलामू में विहिप और बजरंग दल ने लगाया रक्तदान शिविर

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल पलामू कमेटी ने बुधवार को ब्लड डोनेशन कैंप लगाया। हुतात्मा दिवस के मौके पर सांकेतिक रक्तदान शिविर का आयोजन मेदनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल स्थित ब्लड बैंक में किया गया। पलामू जिला विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने कहा कि राम कुमार कोठारी और शरद कुमार कोठारी सगे भाई थे। दोनों ही बजरंग दल कोलकाता के सदस्य थे। दोनों कार सेवा के लिए अयोध्या गए थे और पुलिस की गोलीबारी में वीरगति को प्राप्त हुए थे। इनकी याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में विश्व हिंदू परिषद के सह मंत्री अमित तिवारी, सदस्य विकास कुमार कश्यप, सुभाय राज, आशीष कुमार मिश्र, धीरज कुमार गुप्ता आदि ने पांच यूनिट रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में जिला बजरंग दल संयोजक संदीप संदीप कुमार दास, नगर बजरंग दल संयोजक विवेक कुमार चौबे की मुख्य भूमिका रही।

स्पोर्ट्स

अबू धाबी टी-10 में हिस्सा लेंगे सुरेश रैना, डेक्कन ग्लैडिएटर्स का करेंगे प्रतिनिधित्व

रोमांचक मुकाबले में 5 रन से जीता भारत

आखिरी ओवर में जीत के लिए 20 रन चाहिए थे, अर्शदीप ने दिये सिर्फ 14

सेमीफाइनल की राह आसान

एजेंसी

एडिलेड। टी-20 वर्ल्ड कप में बुधवार को एक सांस रोक देने वाले अहम मुकाबले में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को 5 रन से हरा दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया सेमीफाइनल के बिल्कुल करीब पहुंच गई। अब इस मैच की बात कर लेते हैं।

बांग्लादेश के कप्तान शाकिब उल हसन ने टॉस जीता और टीम इंडिया को पहले बैटिंग का न्योता दिया। लोकेश राहुल, विराट कोहली की हाफ सेंचुरी और सूर्या के कैमियो की मदद से भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 184 रन बनाये।

जवाब में बांग्लादेश के ओपनर लिटन दास ने जबरदस्त शुरुआत की। बारिश शुरू होने के पहले बांग्लादेश ने 7 ओवर में 66 रन बनाये थे और उसका कोई विकेट नहीं गिरा था। बहरहाल, बारिश रुकने के बाद बांग्लादेश को डकवर्थ-लुईस के तहत 16

ओवर में 151 रन का रिवाइज्ड टारगेट मिला। यहीं से रोहित की टीम ने खेल पलट दिया और बांग्लादेश हार गयी।

केएल राहुल-विराट कोहली के बीच 67 और कोहली-सूर्यकुमार के बीच 38 रन की पार्टनरशिप हुई। सूर्या ने 187 के स्ट्राइक रेट से 30 रन बनाए। कोहली ने फिर कमाल किया और इस वर्ल्ड कप में अपनी तीसरी फिफ्टी लगाई। ये उनके टी-20 इंटरनेशनल करियर की 36वीं फिफ्टी है। वे टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गये।

आइसीसी टी-20 विश्व कप : नीदरलैंड ने जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया

एडिलेड। नीदरलैंड ने आईसीसी टी-20 विश्व के ग्रुप1 के सुपर 12 चरण मुकाबले में जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हरा दिया। सुपर 12 चरण में नीदरलैंड की यह पहली जीत है। लो स्कोरिंग इस मुकाबले में जिम्बाब्वे की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में 117 रनों पर सिमट गई। जवाब में नीदरलैंड ने 18 ओवर में 5 विकेट पर 120 रन बनाकर मैच जीत लिया। 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड की शुरूआत खराब रही और केवल 17 रनों के कुल स्कोर पर स्टीफन मेबर्ग (08) को मुजरबानी ने पवेलियन भेज कर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद मैक्स ओडाउद (52) और टॉम कूपर (32) ने पारी को संभाला और टीम का स्कोर 90 तक पहुंचाया। 90 के कुल स्कोर पर कूपर को जांग्वे ने पवेलियन भेजा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कोलिन एकरमेन कुछ खास नहीं कर सके और केवल 1 रन बनाकर नगारवा के शिकार बने। 109 के कुल स्कोर पर ओडाउड को मुजरबानी ने अपना शिकार बनाया। वहीं, स्काट एडवर्ड्स लक्ष्य से केवल 3 रन पहले नगारवा का शिकार बने। इसके बाद बेस डी लीडे (12) ने चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। जिम्बाब्वे के लिए रिचर्ड नगारवा और ब्लेसिंग मुजरबानी ने 2-2 और ल्यूक जांग्वे ने 1 विकेट लिया। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम ने 19.2 ओवर में केवल 117 रनों पर सिमट गई। जिम्बाब्वे के लिए सिकंदर रजा ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। रजा के अलावा सिन विलियम्स ने 28 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं पार कर सके। नीदरलैंड के लिए वेन मीकरेन ने 3, ब्रेंडन ग्लोवर, वेन बीक और बेस डी लीडे ने 2-2 विकेट लिया। इसके अलावा 1 विकेट फ्रेड क्लासेन के खाते में गया।

भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत के संदेश के साथ रवाना हुआ सतर्कता जागरूकता रथ

कथारा (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर कथारा क्षेत्र के सभी परियोजना एवं इकाई में सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत सीसीएल मुख्यालय रांची के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमित कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर सतर्कता जागरूकता रथ को "भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत के संदेश के साथ रवाना किया गया। जो अगले तीन दिन तक आसपास के क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के लिए भ्रमण करेगा। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 31 अक्टूबर से 6 नवंबर 2022 तक किया जा रहा हैं। इस वर्ष का विषय भ्रष्ट्राचार मुक्त भारत, विकसित भारत रखा गया है। भारत में हर साल 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। इस दौरान सभी परियोजना में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा सपथ ली गई। कथारा महाप्रबंधक हर्षद दातार की उपस्थिति में सत्यनिष्ठा सपथ का आयोजन किया गया।

चास-चंदनकियारी प्रखंड को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित नहीं करने पर नाराजगी, भाजपा देगी धरना

झारखंड की महागठबंधन सरकार किसान विरोधी: विरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। जिले के चास और चंदनकियारी प्रखंड को सूखाग्रस्त की सूची से बाहर रखने से पर आपत्ति जताते हुए भाजपा ने नाराजगी जाहिर की है। सरकार के इस फैसले के विरोध में भाजपा आंदोलन करेगी। बोकारो विधायक सह मुख्य सचेतक विरोधी दल बिरंची नारायण ने सरकार के फैसले पर एतराज जताते हुए कहा है कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने कई प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया है, लेकिन बोकारो के चास और चंदनकियारी प्रखंड को सूची से बाहर कर दिया है, जो अन्याय है।

सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते विधायक विरंची नारायण व अन्य।

विधायक ने इस मुद्दे पर आंदोलन करने का ऐलान कर दिया है। भाजपा विधायक 12 नवंबर को धरना देंगे। वहीं, विधायक विरंची नारायण ने कहा कि 12 नवंबर को चास प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बोकारो विधानसभा क्षेत्र में कुल 45 पंचायत हैं जो कृषि पर निर्भर है। सूखाग्रस्त घोषित की सूची में शामिल नहीं करना कहीं न कहीं उनके राजनैतिक द्वेष को दर्शाता हैं। उन्होंने कहा कि सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित होने से किसानों को राहत मिलती। जब से हेमंत सरकार बनी है तबसे किसान विरोधी गतिविधियां जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रति एकड़ 6000 दिया जाता था। लेकिन इस महत्वपूर्ण योजना को सरकार ने बंद कर दिया। इस फैसले से किसानों में काफी रोष है। विधायक ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार जन व किसान विरोधी हैं।

लूट-खसोट कर रही राज्य सरकार

भाजपा विधायक ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार में सिर्फ लूट, हत्या और अवैध खनन को बढ़ावा देने के लिए बनी है। इनके प्रतिनिधि, नेता भ्रष्टाचार में लिप्त होकर अखबारों की सुर्खियां बटोर रहे हैं। विगत तीन सालों से प्रखंड और अंचल कार्यालय लूट का केंद्र बन गये है। बिना घूस दिए सरकारी बाबू काम नहीं करते। उन्होंने कहा कि जनमुद्दों को लेकर भाजपा प्रखंड कार्यालय में विरोध प्रर्दशन करेगी। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का भी पोल खोलेंगें। इस मौके पर संजय त्यागी, मुकुल गोराई, रीना राय, महेंद्र राय और लीला देवी आदि मौजूद थे।

रेल मंत्रालय की यात्री सुविधा सेवा समिति के सदस्य ने किया महुदा स्टेशन का औचक निरीक्षण

महुदा (आजाद सिपाही)। रेल मंत्रालय की यात्री सुविधा सेवा समिति की पांच सदस्य टीम ने बुधवार को महुदा रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाइट, रिफ्रेशमेंट कैंटीन, वॉशरूम, वेटिंग हाल, बुकिंग केंद्र, चाइल्ड लाइन, आरपीएफ पोस्ट, यात्री शेड, पेयजल, आरक्षण केंद्र, पार्सल केंद्र, टिकट बुकिंग काउंटर, महिला विश्राम गृह और प्राथमिक उपचार की सुविधा का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन की साफ-सफाई का जायजा लेने के साथ ही यात्रियों को मुहैया कराई जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली। पीएससी के सदस्यों ने निरीक्षण के दौरान यात्रियों से भी वार्ता की और रेलवे की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जाना। ज्यादातर यात्रियों ने सुविधाओं को लेकर असंतोष जताया हैं, साथ ही कुछ समय से यात्री ट्रेन का मेल नहीं दिये जाने से भी यात्रियों ने नाराजगी जताई हैं। इस बीच यात्री सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे यात्री सुविधा सेवा समिति के सदस्यों को सफाई कर्मियों ने घेर कर कम वेतन दिये जाने व समय पर वेतन नहीं मिलने की शिकायत की। इस समिति ने सफाई कर्मियों को सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। महुदा में एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव बंद होने से जांच में आये पीएससी समिति के पास जताई लोगो ने नाराजगी। बताते चलें कि कोरोना काल से पहले महुदा स्टेशन पर कई एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन होती थी, जिसमें कई ट्रेनों का ठहराव को रेलवे ने कोरोना के बाद बंद कर दिया। जिससे महुदा क्षेत्र के लगभग लाखों लोगों को एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव बंद होने से 25 किलोमीटर की दूरी तय कर धनबाद व बोकारो जिला जाना पड़ता हैं। इससे लोगों में प्रबंधन के प्रति नाराजगी है। समिति सदस्यों में मुख्य रूप से सुनील राम, कैलाश वर्मा, रवि दास, आद्रा डिवीजन एवं महुदा के पदाधिकारीगण मौजूद थे। वहीं, सुनील कुमार पहान ने कहा कि कोरोना संकट का दौर समाप्त होने के बाद रेलवे बोर्ड की ओर से यात्रियों के लिए जो सुविधाएं नए सिरे से शुरू की गई हैं उसका पूरा लाभ यात्रियों को मिले एवं स्टेशन की साफ-सफाई का जायजा लिया जा रहा हैं। निरीक्षण के दौरान जो भी खामिया दिखा या जो शिकायतें यात्रियों द्वारा मिली हैं, उसे संबंधित पदाधिकारियों को जानकारी दी गई है। इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

महत्वपूर्ण न्यूज

25 लाख चोरी मामले में जल्द उद्भेदन नहीं हुआ तो होगा आंदोलन : प्रियंका

झरिया (आजाद सिपाही)। सुदामडीह थाना क्षेत्र स्थित रिवर साइड लाल मैदान के समीप टाइप 2 क्वाटर और न्यू माइनस के पांच घरों में गत सोमवार की सुबह 25 लाख रुपये से अधिक की हुई चोरी के के मामले का पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर पाई है। इससे नाराज होकर बुधवार को वार्ड 52 की पूर्व पार्षद प्रियंका देवी ने प्रेस वार्ता कर कहा कि रिवर साइड में पिछले छह माह में 20 से अधिक चोरी हुई है, लेकिन पुलिस एक भी मामले का उद्भेदन नहीं कर पाई है। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है। चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 24 घण्टे के अंदर मामले का उद्भेदन नहीं हुआ तो जनता थाने का घेराव करेगी। इस मौके पर संगीता चौहान, सीमा देवी, गीता चौहान, मीना देवी, ज्योति ठाकुर, सुनीता देवी, चायना मिश्रा, कंचन मिश्रा, माया देवी, सुनीता देवी, लीला देवी, रेणु देवी, राखी देवी, उचित महतो, ओमप्रकाश सिंह, अजय शर्मा, बसंती देवी, कृष्णा रवानी, जितेंद्र कुमार और मुन्ना सिंह आदि थे।

अक्षय नवमी पर महिलाओं ने की आंवला वृक्ष की पूजा

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। फुसरो नप क्षेत्र के करगली गेट के करगली रिवर साइड कॉलोनी घुटियाटांड़ में बुधवार को अक्षय नवमी पर महिलाओं ने भगवान विष्णु के प्रतीक आंवला के पेड़ की पूजा कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। क्षेत्र में ढोरी स्टाफ क्वार्टर, शांति नगर, पिछरी, अंगवाली, चलकरी, फुसरो, शारदा कॉलोनी, मकोली, सुमाषनगर, करगली गेट आदि जगहों में पूजन किया गया। यहां पंडित गंगा सागर पांडेय ने महिलाओं को विधिवत पूजन कराया। कहा कि ऐसी मान्यता है कि आंवला नवमी के दिन आंवले के पेड़ की पूजा करने से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। इसकी पूजा करने वाले व्यक्ति के जीवन से धन, विवाह, संतान, दांपत्य जीवन से संबंधित समस्या खत्म हो जाती है। भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए इस पूजा का विधान है। कहा कि यह तिथि पर भगवान विष्णु की पूजा के लिए बेहद शुभ दिन माना जाता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आंवले की उत्पत्ति हुई थी। यह विष्णु भगवान और माता लक्ष्मी का प्रिय वृक्ष है। इसलिए इस दिन को आंवला के वृक्ष की पूजा से त्रिदेव ब्रह्मा-विष्णु-महेश के साथ ही माता लक्ष्मी की भी अपार कृपा प्राप्त होती है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, सोनाली सिंह, आशा देवी, प्रमिला सिंह, उर्मिला रजक, उर्मिला देवी, गुंजा सिंह, अर्चना देवी, रिंटू सिंह, सुचिता देवी, निर्मला देवी, रुचि सिंह आदि मौजूद थीं।

भौंरा व बरोरा से 12 टन कोयला व बाइक जब्त

धनबाद (आजाद सिपाही)। भौंरा ओपी प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर दल बल के साथ बुधवार अहले सुबह भौंरा के 8 नंबर और काली मेला सहित विभिन्न स्थानों पर कोयला तस्करों के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया। इससे कोयला चोरों में भगदड़ मच गई। कोयला चोर पुलिस को देखते ही कोयला छोड़ कर इधर उधर भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने करीब दो टन कोयला के साथ एक बाइक जब्त कर ओपी ले आयी है। इस संबंध में ओपी पभारी जितेन्द्र कुमार ने कहा कि क्षेत्र में अवैध धंधा नहीं चलेगा। वहीं, छापामारी में दरोगा विनय कुमार यादव, एएस आई धर्मनाथ सिंह, अमेंरद यादव के अन्य जवान शामिल थे। दूसरी ओर, बरोरा मार्केट के समीप स्थित सीआइएसएफ और बरोरा पुलिस की संयुक्त टीम ने छापामारी कर लगभग 10 टन अवैध कोयला जब्त किया।

कुमारधुबी से पांच टन लोहा जब्त

कुमारधुबी (आजाद सिपाही)। नीलामी के बाद भी केएमसीइएल कारखाना से लौह सामग्री की चोरी हो रही है। गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को पुलिस ने छापामारी कर बगानधौड़ा स्थित भरोसा बाबा मंदिर के समीप पांच टन लोहा पकड़ा। हालांकि छापामारी के दौरान पुलिस को देख आरोपी युवक मौके से भाग निकले। पुलिस मामला दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है।

दारु-हड़िया से निजात के लिए महिला-पुरुषों को दी गयी 10-10 हजार की सहायता राशि

गोमिया प्रखंड के बांध पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

कथारा। गोमिया प्रखंड के बांध पंचायत सचिवालय में हेमंत सरकार की महत्वकांक्षि योजना आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के दूसरे चरण का आयोजन किया गया। बीडीओ कपिल कुमार और सीओ संदीप अनुराग टोपनो के नेतृत्व में संपन्न हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो व विशिष्ट अतिथि के रूप में गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो उपस्थित हुए। समयाभाव के कारण गोमिया प्रखंड के दो -दो पंचायतो को मिला कर एक ही स्थान चयनित कर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। बांध पंचायत सचिवालय में कथारा पंचायत एवं बांध पंचायत की संयुक्त सुनवाई हुई। इस कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ, सीओ, दोनो पंचायतों के मुखिया, पसंस और तमाम वार्ड सदस्यों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। यहां अधिकांश विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन और राशन कार्ड, आधार कार्ड आदि से संबंधित लंबीत मामलो के निष्पादन पर जोर दिया गया। यहां सरकार के विभिन्न योजनाओं सहित युवतियों के लिए फूलो झानो योजना का ऑनलाइन फार्म भरे जाने की जानकारी दी गई। वहीं दर्जनों स्टालों के माध्यम से लगभग सभी सरकारी विभागों के मामलो के लिए आवेदन प्राप्त किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यहां स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त दवाईयां दी। इस दौरान कोरोना के बूस्टर डोज का विशेष इंतजाम किया गया था। जिसका लोगों ने भरपूर लाभ उठाया। गोमिया विधायक और पूर्व विधायक ने अपने-अपने तरीके से पूरे आयोजन का निरीक्षण किया। पेंशन भोगियों के बीच गोमिया विधायक के हाथों कार्ड वितरण किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में जो सबसे अधिक प्रङ्गावशाली योजना सरकार द्वारा दारु हड़िया बनाने वाले प्रति महिला, पुरुष को सहयोग राशि के रुप में 10-10 हजार रुपये का चेक देना रहा। उनसे कहा गया कि वे दारु-हड़िया का अवैध काम बंद कर सरकारी राशि से कोई दूसरा धंधा शुरू कर बेहतर जीवन व्यतीत करें। वहीं दर्जनों स्कूली छात्रों को फूलो झानों योजना के तहत कार्ड का वितरण किया गया।

बीआइएसएसएस-8 बी व 9 ई में एथिक्स क्लब का शुभारंभ

बोकारो (आजाद सिपाही)। इस्पात संयंत्र में मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह और बच्चों में एथिकल वैल्यू को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को बीएसएल संचालित स्कूल बीआईएसएसएस-8 बी और बीआईएसएसएस-9ई में एथिक्स क्लब का शुभारंभ बीएसएल के कार्यकारी निदेशक प्रभारी सह अधिशासी निदेशक(संकार्य) बीके तिवारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ अरुण कुमार, महाप्रबंधक (अधिशासी निदेशक-संकार्य सचिवालय) एनके बेहरा, महाप्रबंधक (शिक्षा) मीनम मिश्रा सहित सतर्कता विभाग और शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, बीआईएसएसएस-8 बी व बीआईएसएसएस-9 ई के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

तीन दशक का सपना आज हुआ साकार : विधायक

बोकारो में 24.47 करोड़ की लागत से बनेगा टाउन हॉल, रखी गयी आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। जिले के कैंप दो में स्थित डीसी कार्यालय के पीछे 24 करोड़ 47 लाख रुपए की लागत से टाउन हॉल का निर्माण होगा। जिसके निर्माण के लिए बुधवार को विधिवत भूमि पूजन कर आधारशिला रखी गई है। निगम के अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह ने बताया कि हॉल का निर्माण कार्य मेसर्स निरंजन राय कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से कराया जायेगा। टाउन हॉल आधुनिक संसाधनों से लैस होगा, जिसमें सरकारी बैठकें की जायेगी।

हॉल में 1200 लोगों को बैठाने की व्यवस्था

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि तीन दशक का सपना आज बोकारो वासियों के लिए साकार हुआ है। इसके निर्माण कार्य में तत्कालीन डीसी राजेश कुमार और वर्तमान डीसी कुलदीप चौधरी का अविस्मरणीय योगदान रहा है। वहीं सांसद पीएन सिंह ने कहा कि आज सचमूच ऐतिहासिक क्षण है। इसकी जरूरत पहले से ही थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस मौके पर डीडीसी कृतिश्री, नगर निगम चास के आयुक्त अनिल कुमार सिंह, भाजपा नेता कमलेश राय संजय त्यागी विद्यासागर सिंह राजद के जिलाध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव समेत कई लोग शामिल थे।

टाउन हॉल निर्माण के लिए भूमि पूजन कर आधारशीला रखते विधायव व सांसद।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला
E-Mail – nrepgumla@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 10/2022-23

1.	विज्ञापन दाता का नाम	:-	राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला।
2.	परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि	:-	दिनांक 09.11.2022 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00 बजे अपराहन तक।
3.	निविदा प्राप्त करने की तिथि		दिनांक 10.10.2022 को 01.00 बजे अपराहन तक।
4.	निविदा खोलने की तिथि	:-	दिनांक 10.10.2022 को 01.30 बजे अपराहन में।
5.	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	:-	कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला।
6.	निविदा प्राप्त करने का स्थान	:-	कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला।
7.	निविदा खोलने का स्थान	:-	कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला।
8.	कार्य मद	:-	SCA
9.	कार्यो का विस्तृत विवरण	:-	

ग्रुप सं0	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	डुमरी	Repairing of J.S.L.P.S Office near Block Building Block Dumri.	6,03,600.00	12,500.00	1250.00	03 माह

निविदा की शर्तेः–
1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) Tender Paper के साथ ही देना अनिवार्य है।
3. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,गुमला

PR281251 (NREP)22-23*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – 10/2022–23

1.	विज्ञापन दाता का नाम	:–	ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
2	परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थान।	:–	दिनांक 09.11.2022 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00 बजे अपराहन तक। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
3	निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं स्थान।	:–	दिनांक 10.11.2022 को 01.00 बजे अपराहन तक। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
4	निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान	:–	दिनांक 10.11.2022 को 01.30 बजे अपराहन में। कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
5	कार्य मद	:–	S.C.A./IAP/ACA
6	कार्यो का विस्तृत विवरण	:–	

ग्रुप सं0	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	Gumla Sadar	Repair and Renovation of Skill Development office at Gumla.	22,51,500.00	45,500.00	5000.00	3 माह
2	Gumla Sadar	Construction of Boundary Wall around Govt. Middle School Campus Toto (Part-A)	24,92,300.00	50,000.00	5000.00	3 माह
3	Gumla Sadar	Construction of Boundary Wall around Govt. Middle School Campus Toto (Part-B)	24,92,800.00	50,000.00	5000.00	3 माह
4	Dumri	Construction of Extended of Old Boundary wall at Block Campus.	10,16,500.00	20,500.00	2500.00	3 माह
5	Dumri	Construction of Boundary wall (Part-A) at Block Campus.	24,90,800.00	50,000.00	5000.00	3 माह
6	Dumri	Construction of Boundary wall (Part-B) at Block Campus.	24,90,800.00	50,000.00	5000.00	3 माह
7	Dumri	Construction of Boundary wall (Part-C) at Block Campus.	24,90,800.00	50,000.00	5000.00	3 माह
8	Sisai	520 Mtr, P.C.C Road from Karanjtoli to Nawatoli (Part-A), At village Murgu.	24,91,300.00	50,000.00	5000.00	3 माह
9	Sisai	400 Mtr, P.C.C Road and 1.0x1.5x1.0m RCC Culvert from Karanjtoli to Nawatoli (Part-B), At village Murgu.	24,77,950.00	50,000.00	5000.00	3 माह
10	Gumla Sadar	P.C.C. in front of fire brigade office, Silam	8,92,200.00	18,000.00	1250.00	3 माह
11	Ghaghra	Widening & Strengthening of road from Gumla Ghaghra Main road to Neem toli	24,60,750.00	50,000.00	5000.00	3 माह
12	Chainpur	Construction of road from Chainpur main road to Jharkhand Awasia Vidyalay Kating (Tongo).	5,93,100.00	12000.00	1250.00	3 माह

निविदा की शर्तेः– 1.परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा।
परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
S.O.R से 10 प्रतिशत तक कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10 प्रतिशत से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) Tender Paper के साथ ही देना अनिवार्य है।
7. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 281248 Rural Work Department (22-23)_D

गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा हमला, कहा

कांग्रेस डूबती जहाज, जिसका कोई भविष्य नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस एक डूबता जहाज है, जिसका राजनीतिक रूप से कोई भविष्य नहीं है और 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस भारतीय राजनीति से बाहर हो जायेगी। शाह हमीरपुर जिला के नादौन कसवा में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे, जहां वह नादौन विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार विजय अग्निहोत्री के लिये समर्थन मांग रहे थे। उन्होंने लोगों से भाजपा का मिशन रिपीट-2022 सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वह भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें ही थीं जिन्होंने कोरोना महामारी में लाखों लोगों के जीवन की रक्षा की। गृह मंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की जाती है क्योंकि उन्होंने भारत में कोविड-19 टीकों का निर्माण किया और देश की पूरी आबादी को इसे मुफ्त बांटकर लोगों की जान बचायी। गृह मंत्री ने कहा कि ऐसी उपलब्धि किसी अन्य देश के किसी नेता को प्राप्त नहीं की है। शाह ने कहा कि वह खुशी महसूस कर रहे हैं कि उन्हें वीर भारतीय सैनिकों की भूमि का दौरा करने का अवसर प्राप्त हुआ, जिन्होंने देश को अनेक बार आक्रमणकारियों से बचाया है। शाह ने शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत सरकार उनके हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा ह्यवन रैंक, वन पेंशन' का अनुदान और भारतीय बलों में भर्ती के लिए अग्निवीर योजना इस दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के पहले परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ को उनकी वीरता के लिये श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने 03 नवंबर, 1947 को श्रीनगर हवाई अड्डे की रक्षा की थी और वह इस सम्मान को पाने वाले पहले व्यक्ति थे। गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय सुरक्षा बलों ने भारतीय नागरिकों और भारतीय सेना के हितों की रक्षा के लिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सर्जिकल स्ट्राइक की। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वहां झूठे लोगों की भरमार है जो हमेशा झूठे नारों से जनता को बेवकूफ बनाने की कोशिश करते हैं और चुनाव खत्म होने के बाद अपने वादों को भूल जाते हैं। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो अपने सभी चुनावी घोषणापत्र के वादों को पूरा करती है और लोगों की प्रगति में मदद करती है। उन्होंने कहा कि भारत अब विकास और इससे जुड़ी गतिविधियों में दुनिया के अग्रणी देशों में से एक बन चुका है। अब हम उन वस्तुओं का निर्माण कर रहे हैं पहले जिसका हम मोटी रकम देकर विदेशों से आयात करते थे।

भाजपा का कार्यकाल दोहराने के लिए उनके पक्ष में मतदान करना चाहिए

शाह ने जनकल्याण और लोगों की भलाई के लिए जयराम ठाकुर सरकार की सराहना की और मतदाताओं से कहा कि भाजपा का कार्यकाल दोहराने के लिए उनके पक्ष में मतदान करना चाहिए। उन्होंने निरंतर काम करने वाली अथक ऊर्जा के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की और कहा कि देश और राज्यों पर शासन करने के लिए हमें ऐसे ही लोगों की आवश्यकता है। वह भाजपा ही है जिसने जम्मू कश्मीर के लोगों को सुविधायें प्रदान करने और शांतिपूर्ण माहौल स्थापित करने के लिए धारा 370 को समाप्त किया। उन्होंने अयोध्या में बन रहे भव्य भगवान राम मंदिर की भी बात की, जो 2024 में देश को समर्पित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मोदी एक पवित्र व्यक्ति हैं और यही कारण है कि वह वाराणसी, केदारनाथ, बद्रीनाथ और अयोध्या में हिंदू मंदिरों का जीर्णोद्धार करने में लगे हुए हैं।

ममता ने कसा केंद्र पर तंज

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि गुजरात पुल हादसे की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के अधीन एक न्यायिक आयोग का गठन होना चाहिए। उन्होंने यह आश्चर्य भी जताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) और प्रवर्तन निदेशालय (इडी) जैसी केंद्रीय एजेंसियां उन लोगों को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही हैं जो इस त्रासदपूर्ण घटना के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गुजरात सरकार मृतकों के परिवारों के सदस्यों की मदद करने में विफल रही है क्योंकि वह आगामी विधानसभा चुनाव के सिलसिले में व्यस्त" है। बनर्जी ने कहा, मैं इस घटना से स्तब्ध हूं। मैं उन परिवारों के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं जिन्होंने अपनों को खोया है। मैं समझती हूं कि गुजरात पुल हादसे की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के अंतर्गत एक न्यायिक आयोग होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने चेन्नई रवाना होने से पहले कोलकाता हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से यह बात कही।

एमसीएल ने मनाया कोल इंडिया का 48वां स्थापना दिवस समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने कोल इंडिया लिमिटेड की 48वां स्थापना दिवस समारोह बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया। सुबह 6.30 बजे एमसीएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा उनके परिवार वर्गों ने कोल इंडिया के विकास के लिए एक साथ मिलकर उत्कृष्ट दौड़ में भाग लिया। इस दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले को पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके उपरांत कोल इंडिया दिवस समारोह की शुरूआत कंपनी मुख्यालय में केक काट कर शुभारंभ किया गया जिसमें एमसीएल के निदेशकमंडल श्री केशव राव, निदेशक(कार्मिक), मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके पटेल, निदेशक(वित्त) एके बेहुरा, निदेशक (वित्त) और दूर दराज से पधारे एमसीएल के पूर्व निदेशकगणों की उपस्थिति में कोल इंडिया ध्वज फहराने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सुबह 11 बजे एमसीएल प्रेक्षालय में 16वीं जेजी कुमारमंगलम व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसमें अंतरराष्ट्रीय लेखक, कॉर्पोरेट ट्रेनर और प्रबंधन गुरु डॉ उज्जवल पाटनी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। संबलपुर के जिलाधीश मैडम अनन्या दास ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्य स्थल में लैंगिक समानता के बारे में बड़े ही बखूबी से जानकारी दी। इस व्याख्यान श्रृंखला में निदेशक मंडल, श्रमिक संघठन के प्रतिनिधियों तथा मुख्यालय और क्षेत्रों के महाप्रबंधकगण एवं विभागाध्यक्ष तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

'विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत' पर सेमिनार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर पूर्व तट रेलवे ने आज अपने मुख्यालय में 'विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत' पर एक सेमिनार का आयोजन किया, जिसमें श्री विजय कुमार पटनायक ओडिशा के पूर्व मुख्य सचिव आईएएस (सेवानिवृत्त) ने भाग लिया और कहा कि सत्यनिष्ठा और ईमानदारी हमारे दैनिक जीवन में आवश्यक हैं। उन्होंने ईमानदारी के साथ आत्मनिर्भरता की परिभाषा, हमारे कामकाज में इसके निहितार्थ और इसे अपने दैनिक जीवन में कैसे अपनाया जाए इस पर विस्तार से बताया। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक (स्वतंत्र प्रभार) शरद कुमार श्रीवास्तव ने हमारे कामकाजी माहौल में ईमानदारी के साथ आत्मनिर्भरता का पालन करने और आधिकारिक कार्यों में पारदर्शिता लाने पर जोर दिया। संजय कुमार महापात्र वरिष्ठ उप महाप्रबंधक और रेलवे के मुख्य सतर्कता अधिकारी के साथ-साथ विभिन्न विभागों के वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों ने भी इस संबंध में आभार व्यक्त किया और कहा कि इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि व्यक्ति किस प्रकार इच्छा से ऊपर उठकर आत्मनिर्भर बन सकता है। ताकि एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत प्राप्त किया जा सके। इससे पहले पूर्व तट रेलवे ने अपने सभी भागीदारों, हितधारकों और आपूर्तिकताओं के साथ ग्राहकों के साथ बेहतर संबंध लाने और रेलवे और उद्योग दोनों की प्रगति और विकास में मदद करने के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजन किया, जिसमें उनकी प्रतिक्रिया, शिकायत निवारण आदि पर प्रकाश डाला गया। यह रेलवे और उद्योग निकायों दोनों को पारदर्शिता के माध्यम से काम करने और हितधारकों और रेलवे दोनों के विकास में योगदान करने में सक्षम बनायेगा। चर्चा के दौरान हितधारकों से निपटने और शिकायतों को निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से संबोधित करने में पारदर्शिता पर जोर दिया गया। इसके अलावा, माल और सेवाओं की खरीद के साथ-साथ अनुबंध में अत्यधिक पारदर्शिता लाने पर जोर दिया गया था। हितधारकों और रेलवे उपयोगकताओं जैसे स्टील मिलों, बंदरगाहों, आपूर्तिकर्ताओं, बैंकों और ठेकेदारों के साथ विभिन्न उद्योग निकायों के प्रतिनिधियों ने इन इंटरैक्टिव सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने बहुमूल्य विचार और सुझाव प्रस्तुत किये। संजय कुमार महापात्र मुख्य सतर्कता अधिकारी और वरिष्ठ उप महाप्रबंधक पूर्व तट रेलवे ने सत्र की अध्यक्षता की।

जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष पद्मजा सिंह ने किया स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। स्थानीय हस्तशिल्प और खाद्य उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए, स्वयं सहायता समूहों के पांच स्टालों का उद्घाटन जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने दो उपाध्यक्षाओं सरिता पटेल एवं रश्मि बेहुरा की उपस्थिति में किया। पांच सेल्फ हेल्फ ग्रुप जैसे जय मां लक्ष्मी एसएचजी, मोदीपाड़ा, संबलपुर, बलुंकेश्वर बाबा एसएचजी, नंदापाड़ा, संबलपुर, ब्रुंदाबती एसएचजी, तलियापाड़ा, संबलपुर, राधारानी एसएचजी, परमनपुर, संबलपुर द्वारा विभिन्न पारंपरिक हस्तशिल्प और खाद्य उत्पादों को अपने स्टालों का प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि बीएआइएफ डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन संबलपुर एमसीएल की सीसीडीपी-उत्थान परियोजना के तहत उनके द्वारा की गई अभिनव पहलों को प्रदर्शित कर रहा है। उक्त सभी स्टॉल 31 अक्टूबर से 04 नवंबर 2022 तक जागृति विहार, एमसीएल परिसर में प्रदर्शित किये जा रहे हैं।

एमसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। 31 अक्टूबर से 06 नवंबर 2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह एमसीएल मुख्यालय समेत एमसीएल के सभी क्षेत्रों में मनाया जा रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 के शुभारंभ के अवसर पर एमसीएल के निदेशक(कार्मिक) केशव राव ने सीवीसी का ध्वज फहराया और एमसीएल के सभी कर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी। इस अवसर पर एमसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पीके पटेल और एके. बेहुरा, निदेशक (वित्त), एमसीएल ने कार्य क्षेत्र व व्यक्तिगत जीवन में सजग एवं सतर्क रहने के महत्व पर प्रकाश डाला। इसी कड़ी में संबलपुर जिले के सभी गांव में सतर्कजा जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से एमसीएल सतर्कता रथ को अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सतर्कता जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से कलाकारों द्वारा 'सार्वजनिक कार्यों में भ्रष्टाचार को रोकने ' विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया।

संजय राउत को कोर्ट से फिर झटका, 14 दिनों के लिए बढ़ी न्यायिक हिरासत

नयी दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई की एक विशेष अदालत ने धन शोधन मामले में गिरफ्तार शिवसेना के सांसद संजय राउत को एक बार फिर कोर्ट से झटका लगा है। मुंबई पीएमएलए कोर्ट ने राउत की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। अदालत ने जमानत याचिका पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया और कहा कि वह नौ नवंबर को निर्णय सुनायेगी। राउत को अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उनकी न्यायिक हिरासत नौ नवंबर तक बढ़ा दी। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) से संबंधित मामलों की सुनवाई करने वाले विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने कहा कि वह मामले में सह आरोपी प्रवीण राउत की जमानत याचिका पर भी नौ नवंबर को फैसला सुनायेंगे।

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Furnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar,
Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School,
Playgrond, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard,
Recreation Zone, Society & Anganwadis

DADI PLASTIC & KITCHENWARE
Home & Kitchen
Deals in : Specially in Plastic & Cleaning
(WHOLESALE & RETAIL)
MILTON cello IRIS ARISTO TECHNO DEEPAK PARAS CUBO
North Market Road, Upper Bazar, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Mob. : 9693000799, 7979703432

आइजीआइ एयरपोर्ट पर 30 करोड़ रुपये का ड्रग्स बरामद

नयी दिल्ली (एजेंसी)। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देश में 30 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन की तस्करी करने के लिए नाइजीरियाई महिला को गिरफ्तार किया गया है। सीमाशुल्क अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को दोहा से होते हुए लागोस से आने के बाद आरोपी को रोका गया। अधिकारी ने कहा कि उसके पास से 30 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग चार किलो हेरोइन बरामद की गई। उन्होंने कहा कि यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। हेरोइन भी जब्त की जा चुकी है।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in
Top Government Medical Universities
of ABROAD.
Call Now !
+91-7903149721
UNIVERSITY FLY
www.universityfly.com

प्रभात कंम्प्यूटर®
एजुकेशन
ADCA DCA DTP PYTHON
CC++ PHOTOSHOP JAVA TALLY ERP-9
TYPING
2ND FLOOR, CIRCULAR ROAD, 215B, HARIOM TOWER RD, RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran- I ₹ 60
* English Grammar- I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran- I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran- I ₹ 60
* English Grammar- I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran- I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP◆BUS & HOSTEL FACILITY
◆CAMPUS PLACEMENT◆WELL EQUIPPED LAB◆ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆Diploma in Operation Theater
◆DMLT ◆Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**